जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



**A Battlefield Of Information** — If Operation Vijay was the first televised war in the Indian context, Operation Sindoor can be termed as the first war fought in the digital era

**The Particulars Of Penguins** — These adorable flightless birds of the Southern Hemisphere are facing dangers from melting ice caps and more.

# इस सप्ताह मोदी बिहार में पार्टी के चुनाव अभियान की शुरुआत करेंगे

## इस अवसर पर पार्टी विक्रमगंज में एक रैली और रोड-शो करेगी तथा मोदी बिहार के लिए 50,000 करोड़ रूपये के पैकेज की भी घोषणा करेंगे

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 26 मई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस सप्ताह बिहार में भारतीय जनता पार्टी का चुनाव प्रचार करने के लिये पूरी तरह तैयार हैं। वे प्रचार अभियान की शुरुआत बिक्रमगंज जिले में एक जबरदस्त रोड शो तथा जनसभा से करेंगे। इस आयोजन में प्रधानमंत्री 50,000 करोड़ रु. के बहुत बड़े विकास -पैकेज की घोषणा करेंगे, तथा इस प्रकार काफी महत्वपूर्ण माने जा रहे इन विधानसभा चुनावों से पहले, वे राज्य में इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं कल्याणकारी कदमों की भाजपा की प्रतिबद्धता का संकेत देंगे।

- पर, यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि भाजपा व उसकी सहयोगी पार्टी जनता दल (यू) के बीच विधानसभा सीटों के बंटवारे को लेकर भारी मतभेद उजागर हो रहे हैं।
- जद (यू) 243 विधानसभा सीटों में से 121 सीटों पर उम्मीदवार खड़ा करना चाहती है, जबकि भाजपा, नीतीश की पार्टी को 100 सीटों से ज्यादा नहीं देना चाहती।
- भाजपा चिंतित है, अगर सीटों के बंटवारे पर चल रही बात टूट गई तो काफी संकट खड़ा हो सकता है पार्टी के सामने। इन रणनीति विशेषज्ञों का आंकलन है कि अगर भाजपा को अकेले ही चुनाव लड़ना पड़ा तो साठ सीटें पाना भी मुश्किल होगा।
- सीटों पर बातचीत करने के लिए जद (यू) भी काफी गंभीर है और इसीलिए गत वीकेंड (शनिवार-रविवार) को नीतीश दिल्ली गये थे।
- दोनों पार्टियां चाहती हैं कि सीटों के बंटवारे पर चल रहा मतभेद जल्दी से जल्दी हल हो जाए और दोनों पार्टियां एकता की छवि पेश करते हुए, चुनाव मैदान में उतरें।

लेकिन इस प्रचार अभियान की शुरुआत एक ऐसे समय पर हो रही है, जब भाजपा और उसके प्रमुख मित्र दल जनता दल (यूनाइटेड) के बीच आगामी चुनावों के लिये सीट -शेयरिंग फॉर्मूला को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। वरिष्ठ जेडीयू नेताओं ने इस बात की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पत्नी की हत्या के अभियुक्त को आजीवन कारावास

जयपुर, 26 मई। सत्र न्यायालय, महानगर द्वितीय ने आपसी झगड़े में पत्नी के गले में सुआ घोंपकर उसकी हत्या करने वाले अभियुक्त पति कानाराम को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही, अदालत ने अभियुक्त पर पचास हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। पीठासीन अधिकारी रीटा तेजपाल ने अपने आदेश

- घटना के दिन मृतका ममता की बहन, जो उसकी जेठानी भी है, चिल्लाने की आवाज़ सुनकर उसके कमरे में गयी तो ममता खून से लथपथ पड़ी थी तथा अभियुक्त पति के हाथ खून से सने हुए थे।

में कहा कि पति-पत्नी के बीच मामूली कहासुनी स्वाभाविक है, लेकिन इस दौरान अभियुक्त ने पत्नी की हत्या कर दी। घटना में एक महिला को न केवल अपनी जान गंवानी पड़ी, बल्कि उसकी तीन साल की बेटी को हमेशा के लिए मां के प्यार से वंचित होना पड़ा। ऐसे में अभियुक्त के प्रति नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता।

अभियोजन पक्ष की ओर से लोक अभियोजक संत कुमार ने अदालत को बताया कि घटना को लेकर मृतका

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# बाँग्लादेश की अंतरिम सरकार के खिलाफ विरोध उभरने लगा है

## सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस पर लगातार दबाव बन रहा है कि आम चुनाव दिसम्बर में करवायें, जबकि यूनुस अगले वर्ष जून में करवाने के पक्ष में हैं

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 26 मई। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार मुहम्मद यूनुस के खिलाफ राजनीतिक नेताओं और सेना के बढ़ते विरोध के बीच, निर्वासित पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने यूनुस पर ''देश को अमेरिका के हाथ बेचने'' का आरोप लगाया है।

आवामी लीग के फेसबुक पेज पर पोस्ट किए गए एक ऑडियो संदेश में हसीना ने कहा कि सेंट मार्टिन द्वीप पर अमेरिका के नियंत्रण की प्रबल संभावना है। हसीना ने कहा, ''मेरे पिता ने इस द्वीप की रक्षा के लिए अपने प्राण दिए और मैंने भी कभी सत्ता में बने रहने के लिए देश को बेचने की नहीं सोची।''

जहां एक ओर बांग्लादेश में हसीना सरकार के खिलाफ मुकदमे शुरु हो चुके हैं, वहीं निर्वासित प्रधानमंत्री ने यूनुस को ''उग्रवादी नेता'' बताया और अंतरिम सरकार द्वारा आवामी लीग पर लगाए गए प्रतिबंध को ''अवैध और असंवैधानिक'' करार दिया।

- दूसरी ओर, पूर्व प्र.मंत्री शेख हसीना ने यूनुस पर आरोप लगाया कि वे बाँग्लादेश का सेंट मार्टिन आइलैंड, अमेरिका को बेचने की तैयारी में हैं। जबकि, शेख मुज़ीबुर रहमान इस टापू को बचाने के लिए अपनी जान देने को भी तैयार थे तथा यह पहली बार हो रहा है कि सत्ता में रहने के लिये नेता अपने देश को बेचने की कोशिश कर रहे हैं।
- इन दबावों से परेशान, अंतरिम सरकार के कर्ताधर्ता यूनुस ने अपना इस्तीफा देने की पेशकश भी की थी।
- सेनाध्यक्ष ज़मान व पूर्व प्र.मंत्री खालिदा जिया दोनों बाँग्लादेश की इस वर्तमान राजनीतिक स्थिति से काफी नाखुश हैं तथा दिसम्बर में आम चुनाव करवाने के पक्ष में हैं।
- यूनुस, अपनी खाल बचाने के लिए बार-बार भारत का डर दिखा रहे हैं तथा बाँग्लादेश में ''युद्ध जैसी स्थिति'' होने की बात कर रहे हैं।

पिछले कुछ सप्ताहों में, बांग्लादेश में असंतोष और राजनीतिक अनिश्चितता

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'मैं भारतीय हूँ, केवल हिन्दी में ही बोलूंगी'

## यह कहने वाली महिला बैंक अधिकारी को दण्ड दिलवाने के लिए कर्नाटक के सभी पार्टियों के राजनीतिज्ञ व नेता संगठित हुए

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 26 मई। कर्नाटक में भाषाई विवाद की एक और घटना सामने आई इस बार का मामला स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) की मैनेजर से जुड़ा है जिसे लेकर कर्नाटक के सभी राजनैतिक दल और कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है। सभी ने यहां तक कि कांग्रेस नेताओं ने भी उक्त महिला मैनेजर के खिलाफ एक्शन लेने की मांग की।

उक्त महिला मैनेजर हिंदी में बात करने पर जोर दे रही थी और कह रही थी वह भारतीय है और सिर्फ हिंदी बोलेगी, भले ही इससे स्थानीय कस्टमर, जिनकी सेवा के लिए उसे नियुक्ति मिली है, का अपमान ही क्यो न होता हो।

इस बैंक मैनेजर एक वीडियो, जिसमें वह ग्राहकों पर चिल्लाती दिख रही है और कह रही है कि वह सिर्फ हिंदी में ही बात करेगी, सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इस व्यवहार ने स्थानीय लोगों और नेताओं को नाराज़ कर दिया, क्योंकि यह उन घटनाओं जैसा था जिनमें राज्य के बाहर से आने वाले खासतौर पर हिंदी भाषी शिक्षित और पेशेवर वर्ग के लोग स्थानीय भाषा और संस्कृति का अनादर करते हैं।

- इस दबाव के कारण एसबीआई मैनेजमैंट सरैण्डर हुआ तथा महिला अधिकारी को अन्यत्र ट्रांसफर करने के लिए राजी हो गया।
- कर्नाटक के अनेकल तालुक की सूर्यनगर ब्राँच में हुई घटना, मु.मंत्री तक पहुँची तथा उन्होंने कहा, ''कन्नड़ भाषा का अनादर करने वाली ऐसी घटनाएं बहुत बार होने लगी हैं, यह निन्दनीय है तथा हम एसबीआई के मैनेजमैंट के आभारी हैं। उन्होंने उक्त बैंक अधिकारी का फटाफट ट्रांसफर किया तथा कन्नड़ भाषा के अनादर की ऐसी घटनाएं आगे नहीं होनी चाहिये।''

आक्रोशित स्थानीय जनता ने इस अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। हाल के वर्षों में पहली बार भाजपा के एक प्रभावशाली नेता और पार्टी के भरते सितारे तेजस्वी सूर्या ने भी कन्नड़ और कर्नाटक के समर्थन में स्टैंड लिया, जबकि उनकी पार्टी का कोई नेता शायद ही कभी लेता है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# उदयपुर में करोना के दो रोगी मिले

उदयपुर, 26 मई (का.स.)। उदयपुर में भी कोरोना की वापसी हो गई है। बीते दिन यहां कोरोना के दो मरीज सामने आए हैं। इनमें से एक ग्रामीण क्षेत्र से, जबकि एक मरीज शहरी क्षेत्र से संबंधित है।

जानकारी के अनुसार, एक मरीज को लेकर एम .बी.अस्पताल के अधीक्षक डॉ. आरएल.सुमन ने पुष्टि की है, जबकि दूसरे मरीज की पुष्टि

- एक मरीज ग्रामीण क्षेत्र भावली से है, जबकि दूसरा उदयपुर शहर का है।

मेडिकल कॉलेज की लैब से जयपुर भेजी गई रिपोर्ट के आधार पर हुई है। दोनों ही मरीज फिलहाल अपने.अपने घरों पर क्वारंटाइन हैं और उपचार ले रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार, जो दो मरीज कोरोना पॉजीटिव आए हैं, उनमें एक मावली क्षेत्र का है। इस बाबत डॉ. सुमन के अनुसार, मावली में आठ दिन पहले कोविड पॉजीटिव मरीज सामने आया था। वह फिलहाल घर पर क्वारंटाइन होकर उपचार ले रहा है, जबकि दूसरा मरीज उदयपुर शहर का बताया जा रहा है, जिसने जुकाम और बुखार होने पर मेडिकल कॉलेज की लैब में स्वयं की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सुप्रीम कोर्ट ने जज के घर से मिले कैश प्रकरण की रिपोर्ट सार्वजनिक करने से इन्कार किया

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि रिपोर्ट ''कॉन्फिडैंशियल'' है तथा रिपोर्ट सार्वजनिक करने से संसद के अधिकारों की मानहानि होने की संभावना है

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 26 मई। सुप्रीम कोर्ट ने न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के आवास पर नकदी मिलने के आरोपों के मामले में की गई आंतरिक जांच समिति की रिपोर्ट की प्रति राइट टु इन्फॉर्मेशन (आर.टी.आई.) अधिनियम के तहत

- जैसा कि विदित ही है, न्यायाधीश यशवंत वर्मा के बंगले से बरामद कैश के प्रकरण में मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने एक कमेटी गठित करके जाँच करवाई थी।

देने से इन्कार कर दिया है। ज्ञातव्य है कि इस संबंध में इलाहबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा को दोषी ठहराया गया था।

आरटीआई याचिका में यह भी अनुरोध किया गया था कि भारत के तत्कालीन उच्च न्यायाधीश संजीव खन्ना द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भेजे गए पत्रों की प्रतियां प्रदान की जाएं। तथापि, सुप्रीम कोर्ट ने इन दस्तावेजों के गोपनीय स्वरूप और संसद के विशेषाधिकारों के उल्लंघन की संभावना का हवाला देते हुए यह जानकारी देने से इन्कार कर दिया।

इस महीने की शुरुआत में, पूर्व

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कोटपूतली में बेतरतीब तोड़फोड़ के मामले में स्थानीय जनता को अब इंसाफ मिला

## सब हैडिंग-24-हाई कोर्ट ने कहा, राज्य सरकार कमेटी बनाए, याचिकाकर्ताओं से आपत्तियाँ ले और सुनवाई का मौका देकर कानून के अनुसार निर्णय करे

-यादवेंद्र शर्मा-

जयपुर, 26 मई। राजस्थान हाईकोर्ट ने नगर पालिका कोटपूतली द्वारा की गई बेतरतीब तोड़फोड़ को कानूनी रूप से सही नहीं माना। कोर्ट ने कहा कि कोटपूतली में सड़क चौड़ी करने के लिये निर्माण तोड़ने के मामले में राज्य सरकार कमेटी गठन करे, जो कानूनी प्रक्रिया अपनाते हुए ही कार्यवाही करे। इस मामले में नगर पालिका ने नेशनल हाईवे से विवेकानंद स्कूल तक सड़क चौड़ी करने के लिये 150 लोगों के घरों और दुकानों की तोड़फोड़ की थी।

जस्टिस अनूप कुमार ढंड की एकलपीठ ने यह आदेश इस संबंध में दायर 12 दर्जन याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिए।

- कोर्ट के आदेश के अनुसार, जिन लोगों के पास कानूनी पट्टे हैं, अगर उनकी ज़मीन की जरुरत पड़ती है तो उन्हें मौजूदा दरों के साथ उचित मुआवज़ा दिया जाएगा और वर्तमान में चल रही सरकारी योजना में पात्रता के अनुसार भूमि आवंटित की जा सकती है।
- नगर पालिका ने कहा कि हमने तो कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्यवाही की है। याचिकाकर्ताओं को नोटिस जारी किए थे, आपत्तियाँ प्रस्तुत करने का मौका दिया था, पर, लोगों ने नोटिस लेने से मना कर दिया।
- हाई कोर्ट ने नगर पालिका के तर्कों पर संदेह जताया। हाई कोर्ट ने पाया कि जुलाई 2022 में सभी याचिकाकर्ताओं को जो नोटिस दिए गए थे, उन पर तकरीबन दो ही गवाहों के हस्ताक्षर थे, इससे पूरी प्रक्रिया की निष्पक्षता और विश्वसनीयता पर संदेह उत्पन्न होता है।

याचिककर्ताओं की ओर से अदालत को बताया कि याचिकाकर्ताओं के पास भूमि का पंजीकृत विक्रय पत्र है। वहीं कुछ याचिकाकर्ताओं के पास खेतडी रियासत की ओर से जारी पट्टा है। याचिकाकर्ता अपनी संपत्तियों पर नियमानुसार काबिज भी हैं। मास्टर प्लान में यहां रोड की चौडाई साठ फीस से कम है। इसके बावजूद भी यहां अस्सी से सौ फीट चौड़ी सड़क निर्माण के लिए याचिकाकर्ताओं के कब्जे हटाए जा रहे हैं।

इस मामले में नगर पालिका की ओर से कहा गया कि हमने तो कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्यवाही की है और याचिकाकर्ताओं को नोटिस जारी किये थे और आपत्तियां प्रस्तुत करने का मौका दिया था, पर इन्होंने नोटिस लेने से ही मना कर दिया। इस पर हाईकोर्ट ने नगर पालिका के द्वारा प्रस्तुत तर्कों पर संदेह जताया कि उन्होंने याचिकाकर्ताओं को नोटिस दिये थे।

हाईकोर्ट ने पाया कि नोटिस पर गवाहों के हस्ताक्षर कथित रूप से

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )




## विचार बिन्दु

**मनुष्य का कत्तर्व्य है कि वह उदार बनने से पहले त्यागी बने। –डिकेंस**

# ऐसी शिक्षा किस काम की?

शिक्षा का मुख्य उद्देश्य यह है कि वह जीविकोपार्जन के साधन जुटाने में सहायक हो, एक अच्छा नागरिक बनाए, एक तर्कशील, विवेकशील व्यक्ति का निर्माण करे और जो वैज्ञानिक सोच रखता हो। इस आलेख में यह विश्लेषण करने का प्रयास करेंगे कि हमारी शिक्षा व्यवस्था इन कसौटियों पर कितनी खरी उतरी है?

भारत की पहली शिक्षा नीति 1966 में, दूसरी 1986 में (जिसे 1992 में संशोधित किया गया) और हाल ही में 2020 में नई शिक्षा नीति घोषित की गई। सभी नीतियों के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि सबका उद्देश्य तो बहुत अच्छा था कि देश के सभी नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले और वह ऐसे नागरिक तैयार करे जिनमें वैज्ञानिक सोच हो एवं दक्ष नागरिक बनाएं एवं जो अपने जीवन यापन के पर्याप्त साधन जुटा सकें। साथ ही वे विभिन्न प्रश्नों के उत्तर खोजने के लिए सदैव उत्सक रहें।

सबसे पहले हम राजस्थान के संदर्भ में प्रारंभिक शिक्षा की ही बात करें। बालक बालिकाओं को अपनी स्थानीय बोली में पढ़ाने के बजाय उन्हें हिंदी की पुस्तकों से पढ़ाया जाता है। उल्लेखनीय है कि राजस्थान के अलग अलग क्षेत्रों में अलग अलग बोलियां बोली जाती हैं, जो एक दूसरे से बहुत भिन्न हैं। अनेक शब्द और व्याकरण भी अलग हैं। इस कारण छोटे बच्चों, विशेषकर ग्रामीण,को हिंदी में लिखी हुई पुस्तकें बिल्कुल समझ में नहीं आती हैं। साथ ही पुस्तकों में काम लिए गए विभिन्न सन्दर्भों से भी उनका कोई जुड़ाव नहीं होता। इस कारण अनेक बच्चे प्रारंभिक कक्षाओं में ही शिक्षा चक्र से दूर हो जाते हैं। जो बच्चे औपचारिक विद्यालय में अनेक सामाजिक और आर्थिक कारणों से नहीं जा पाते, वे तो वैसे ही शिक्षा प्रणाली से बाहर हैं। उनके लिए अनौपचारिक शिक्षण की जो व्यवस्था थी, उसे भी सरकार ने 'शिक्षा का अधिकार कानून' के नाम पर बंद कर दी है। अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय खोलने के सरकारी निर्णय ने तो कोढ़ में खाज का काम किया है। विभिन्न जटिलताओं के चलते स्वैच्छिक संस्थाओं के लिए प्राथमिक विद्यालय की मान्यता प्राप्त करना वैसे ही संभव नहीं है।

स्कूली शिक्षा पद्धति में सबसे बड़ी खामी तो परीक्षा प्रणाली है जो केवल रटने पर आधारित है। समझ कर पढ़ने का कोई महत्व नहीं है। पुस्तकों के अध्याय भी उनके संदर्भ से एकदम कटे हुए हैं। कई बार तो विदेशी संदर्भों का उपयोग किया गया है। पूरी मूल्यांकन प्रणाली कुंजियों से उत्तर रटने पर निर्भर हो गई है।

यही कारण है कि बोर्ड का 'पास' प्रतिशत इस बार 97-98-99% तक रहा है। अनेक विद्यार्थियों के 95%से अधिक अंक आए हैं। परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए केवल रटना होता है। जो विद्यार्थी परीक्षा के तीन घंटे में रटा हुआ उत्तर सही उगल दे, वह लगभग पूरे अंक ले आता है। किसी विषय के बारे में समझ को जांचने का तो कोई प्रयास ही नहीं होता है। 90% प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों से उन्हीं के पाठ्यक्रम से संबंधित सरल प्रश्न भी यदि अलग तरह से पूछ लें, तो अधिकांश उन्हें हल नहीं कर पाते हैं। विभिन्न प्रवेश और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग संस्थान इसीलिए खूब फलफूल रहे हैं और अभिभावक उनके आर्थिक शोषण का शिकार हो रहे हैं।

नौकरी प्राप्त करने के लिए भी वर्तमान परीक्षा पद्धति कुछ काम की नहीं है।

उदाहरण के लिए, यदि कोई राजकीय विद्यालय में शिक्षक बनना चाहे तो पहले उसे स्नातक के बाद बी. एड में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा देनी होती है। इसके लिए कोचिंग संस्थान हैं जो हज़ारों रुपए लेते हैं। इसमें उत्तीर्ण होने पर उसे दो वर्ष बी. एड की पढ़ाई करनी होती है। इसकी फीस हजारों में है। इसके बाद उसे रीट (Rajasthan Eligibility Examination for teachers) की प्रतियोगी परीक्षा में बैठना होता है, जिसके लिए फिर कोचिंग करनी पड़ती है। इसमें सफल होने पर उसे फिर, रिक्तियां निकलने पर एक और चयन परीक्षा में बैठने होता है। इसके परिणाम के आधार पर मेरिट के अनुसार चयन होने पर शिक्षा विभाग द्वारा नियुक्ति दी जाती है। जब विद्यार्थियों का मूल्यांकन परीक्षा में आए हुए अंकों के आधार पर ही होगा तो शिक्षकों का भी पूरा ध्यान केवल इसी पर रहता है कि कैसे प्रश्नों के उत्तर रटा दिए जाएं ताकि वह परीक्षा में अधिक अंक हासिल कर सके।

यह दोष पूर्ण शिक्षा व्यवस्था का ही परिणाम है कि बहुत अच्छे अंकों से स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थी किसी प्रतियोगी परीक्षा में बैठते हैं तो वह बहुत अच्छा नहीं कर पाते।

जहां तक शिक्षकों के पद पर नियुक्ति का प्रश्न है, युवा पीढ़ी के इतने वर्ष बर्बाद करने के बजाय, क्या यह अच्छा नहीं होता कि उन्हें स्नातक के परिणाम के आधार पर नौकरी पर रख लिया जाता? तत्पश्चात उन्हें नौकरी पर रहते हुए नियमित प्रशिक्षित किया जाता। इस प्रकार उन्हें अच्छा शिक्षक बनाया जा सकता है। इस प्रकार का अल्पकालिक प्रशिक्षण साल में दो तीन बार किया जा सकता है। इसके लिए आवश्यकता केवल इसी बात की है कि वर्तमान में जो पढ़ाई और मूल्यांकन की व्यवस्था स्नातक और 12वीं तक की है, उसे वैसा ही बना दिया जाए जिस प्रकार से चयन परीक्षा ली जाती है। इससे लाखों युवाओं के अत्यंत महत्वपूर्ण कई वर्ष बर्बाद होने से बच पाएंगे। ऐसा करके हम, उन लोगों के द्वारा बी.एड और एस.टी.सी पर व्यर्थ हुए समय और धन को बचा पाएंगे जो अंततः शिक्षक नहीं बनकर किसी और व्यवसाय में लग जाते हैं। इस प्रकार के प्रयोग सफलता पूर्वक अन्य देशों में किए गए हैं।

हमारे यहां पर महाविद्यालय और विश्वविद्यालय द्वारा दी जाने वाली उच्च शिक्षा की स्थिति भी कोई बेहतर नहीं है। सरकार, सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के उद्देश्य से, प्रतिवर्ष कई नए महाविद्यालय और विश्वविद्यालय खोलने की घोषणा कर देती है, किंतु पर्याप्त और उपयुक्त शिक्षकों के अभाव में यहां पढ़ाई मात्र की भी नहीं हो पाती। वैसे भी शिक्षकों के अभाव में किस प्रकार की पढ़ाई हो सकती है, यह कल्पना ही की जा सकती है। राजस्थान में तीन दशक पूर्व जहां केवल तीन विश्विद्यालय थे, अब उनकी संख्या बढ़कर लगभग 100 हो गई है। कई निजी विश्विद्यालय तो युवाओं के आर्थिक और मानसिक शोषण का माध्यम बन कर रहे गए हैं। यहां तो पैसे लेकर डिग्री बेचने तक का कार्य होता है।

> **कुल मिलाकर हम यही कह सकते हैं कि वर्तमान शिक्षा पद्धति ना तो देश के किसी काम की है न विद्यार्थियों के। देश में एम एस स्वामीनाथन के नेतृत्व में हरित क्रांति और कुरियन के नेतृत्व में श्वेत क्रांति हुई, जिसके सकारात्मक परिणाम निकले। अब देश प्रतीक्षा कर रहा है, शिक्षा क्रांति की। इस क्रांति के बाद ही भारत के विकास में, शिक्षा अपनी अपेक्षित भूमिका निभा सकेगी।**

तकनीकी और मेडिकल के पाठ्यक्रमों की स्थिति और भी अधिक खराब है। जो इन पाठ्यक्रम में पढ़ाया जाता है वह बाद में उनके जीवन में व्यवसाय को चलाने के लिए कतई उपयोगी नहीं होता। मुझे प्रबंध निदेशक, रीको के रूप में कार्य करते हुए कई बड़े उद्यमियों द्वारा यह शिकायत की जाती थी कि इंजीनियरिंग स्नातकों में से 20 से 25% भी उनके यहां पर किसी काम को करने में सक्षम नहीं हैं। क्या इस प्रकार की शिक्षा व्यवस्था उन अभिभावकों के साथ विश्वास घात नहीं है जो बड़ी उम्मीद के साथ अपने बच्चों को कर्जा लेकर निजी विश्वविद्यालयों में पढ़ने के लिए भेजते हैं? उच्च शिक्षा का तो यह हाल हो गया है कि कुछ वर्षों पूर्व, उत्तर प्रदेश में चपरासी के कुछ पदों पर नियुक्ति के लिए लाखों लोगों ने आवेदन किया, जिनमें से कई तो पीएचडी और इंजीनियरिंग स्नातक तक भी थे।

इस विवेचन से यह स्पष्ट हो जाता है कि हमारी प्रारंभिक शिक्षा से लेकर विश्वविद्यालय स्तर तक की शिक्षा, युवाओं को उनकी क्षमता और योग्यता के अनुसार पर्याप्त रोजगार के साधन उपलब्ध कराने में असफल रही है।

जब से शिक्षा के निजीकरण पर सरकार ने बल देना प्रारंभ किया है, तब से ऐसा लगता है कि सरकार, अच्छी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सबको प्रदान करने के अपने लक्ष्य से भटक गई है। इसमें बड़ी समस्या, शिक्षा के अंधाधुंध निजीकरण के कारण उत्पन्न हुई है जहां शिक्षा का पूरा क्षेत्र ही व्यवसाय बनकर रह गया है। लाखों रुपए वार्षिक शुल्क लेने के बाद भी महंगे निजी महाविद्यालयों से निकलने वाले स्नातक कुछ भी काम करने के लिए उपयोगी नहीं बन पाते।

कहा जाता है कि निजी मेडिकल महाविद्यालय/विश्वविद्यालय से निकले विद्यार्थी अपना अस्पताल भले ही खोल लें, किंतु अस्पताल में इलाज करने की क्षमता उनमें विकसित नहीं हो पाती। शायद करोड़ों रुपए खर्च करके वे मेडिकल की पढ़ाई भी अस्पतालों के मालिक बनने के लिए ही करते हैं ताकि व्यय किया गया पैसा शीघ्र वसूल कर सकें।

यह तो हुआ शिक्षा का एक पहलू, जिसके बाद उपयुक्त रोजगार भी नहीं मिल पा रहा है। अब यदि हम उनके अच्छे इंसान के रूप में और अच्छे नागरिक के रूप में विकसित होने की बात करें, तो इस दिशा में हमारी वर्तमान शिक्षा व्यवस्था और भी असफल रही है। किसी भी अच्छी शिक्षा व्यवस्था से निकलने वाले व्यक्ति से यह अपेक्षा होती है कि वह सामाजिक सौहार्द को बढ़ाने वाला, संवैधानिक मूल्यों में विश्वास रखने वाला, जेंडर संवेदनशील और वैज्ञानिक सोच वाला होगा। क्या हम आज की युवा पीढ़ी में इन गुणों का समावेश देखते हैं? इसका उत्तर स्पष्ट रूप से 'नहीं' है। हम देखते हैं कि आजकल के युवा अनेक समाज और राष्ट्र विरोधी आपराधिक प्रवृत्तियों में लिप्त हो कर रह गए हैं। इन्हें विभिन्न प्रकार के कट्टर धार्मिक संगठन अपने-अपने स्वार्थी उद्देश्यों की पूर्ति के लिए, उन्माद फैलाने के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। यह इसीलिए संभव हो पता है कि युवाओं में वैज्ञानिक सोच विकसित करने का कोई व्यवस्थित प्रयास महाविद्यालयों में नहीं किया जाता। लगता तो ऐसा है कि, समय निकलने के साथ-साथ, अंधविश्वास, पूर्व की तुलना में कहीं अधिक बढ़ता जा रहा है। यदि शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी अधिकांश युवा तर्क हीन, विवेकशून्य और अंधविश्वासी हों, तो ऐसी शिक्षा वास्तव में न देश के लिए उपयोगी है, न उस व्यक्ति के लिए जो ऐसी शिक्षा प्राप्त कर रहा है। इसमें दोष छात्रों का नहीं माना जा सकता। जिन व्यक्तियों के हाथ में शिक्षा का संचालन है, चाहे वे शिक्षाविद हों, शिक्षा प्रशासक हों अथवा जनप्रतिनिधि, सबका यह दायित्व है कि वे हमारी वर्तमान शिक्षा व्यवस्था पर गंभीरतापूर्वक विचार करें और उसे आज के समय की आवश्यकता के अनुसार लगातार बदलाव के लिए सक्षम बनाएं। यह उल्लेखनीय है कि जिस गति से आजकल विभिन्न तकनीकों में और विभिन्न क्षेत्रों में बदलाव हो रहा है, उतना शायद पहले कभी नहीं था। वही शिक्षा उपयोगी हो सकती है जो समय के साथ-साथ स्वयं को बदलने के लिए विद्यार्थियों को समर्थ बनाए।

अधिक उपयोगी और उपयुक्त शिक्षा व्यवस्था तो वही होगी जहां शिक्षार्थी अनुभवजन्य ज्ञान प्राप्त करें। केवल जानकारी को रटने के आधार पर परीक्षा में अधिक अंक प्राप्त करना, किसी भी दृष्टि से उपयोगी सिद्ध नहीं होगा। सभी विद्यार्थियों का परीक्षाओं में पास होना किसी भी संस्था की गुणवत्ता का आकलन करने का पैमाना नहीं हो सकता। बोर्ड की परीक्षाओं में आधे से अधिक अंक तो प्रैक्टिकल और आंतरिक मूल्यांकन के हो जाते हैं, जिनमें लगभग सभी को शत प्रतिशत अंक मिलते हैं। इसके बाद मुख्य परीक्षा में यदि 10-20% भी अंक मिल जाएं तो वह छात्र उत्तीर्ण घोषित हो जाता है।

यदि 2047 तक विकसित भारत की कल्पना को साकार करना है तो अभी से हमें वर्तमान शिक्षा प्रणाली, विशेषकर मूल्यांकन की व्यवस्था में आमूल चूल परिवर्तन करना होगा। जहां तक केवल जानकारी हासिल करने का प्रश्न है, वह तो इंटरनेट के युग में कोई भी व्यक्ति किसी भी समय गूगल के माध्यम से कुछ सेकंड में प्राप्त कर सकता है। यह हमारी शिक्षा प्रणाली का दोष ही माना जा सकता है कि जिन भारतीयों को नोबेल पुरस्कार मिला है, उनमें से अधिकांश ऐसे थे जिन्होंने विदेशों में रहकर उच्च अध्ययन किया।

नई शिक्षा नीति में विषयों के चयन में लचीलापन लाने की बात कही गई है। साथ ही विद्यार्थी पूरे कोर्स में किसी समय प्रवेश लेकर छोड़ सकेगा। प्रश्न यही है कि क्या इसके लिए आवश्यक संख्या में उपयुक्त शिक्षक रखने हेतु पर्याप्त बजट बढ़ाया जाएगा?

कुल मिलाकर हम यही कह सकते हैं कि वर्तमान शिक्षा पद्धति ना तो देश के किसी काम की है न विद्यार्थियों के। देश में एम एस स्वामीनाथन के नेतृत्व में हरित क्रांति और कुरियन के नेतृत्व में श्वेत क्रांति हुई, जिसके सकारात्मक परिणाम निकले। अब देश प्रतीक्षा कर रहा है, शिक्षा क्रांति की। इस क्रांति के बाद ही भारत के विकास में, शिक्षा अपनी अपेक्षित भूमिका निभा सकेगी।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# ऑपरेशन सिंदूर : युद्ध विराम : व्यापारिक शीत युद्ध



**रामनिवास बैरवा**

इस्लाम को मानने वाली पुरूष जाति अपने लिए तो आधुनिकता और आधुनिक जीवन शैली चाहते हैं, लेकिन महिलाओं के लिए शरियत को कठोरता से लागू करना जरूरी मानती है। इसीलिए जिन भी इस्लामिक देशों ने आधुनिक पूंजीवादी या समाजवादी जीवनशैली में महिलाओं को भी बराबर का भागीदार बनाया उन देशों के उदार शासकों को अमरीका जैसे पूंजीवादी साम्राज्यवादी देशों ने समानान्तर इस्लाम को कट्टरता से मानने वालों को उभारा और इस्लामी दुनिया को शरियत के दायरे में बांधे रखना चाहा, जैसे ईराक, ईरान, मिश्र, तुर्की आदि। तेल सम्पन्न मध्य पूर्व के देशों को इस्लामिक कट्टरता से बांधे रखा है। अन्य विकसित और विकासशील देशों को जहां इस्लाम को मानने वालों की जनसंख्या ज्यादा है, उन्हें आधुनिक औद्योगिक विकास के रास्ते से भटकाने के उद्देश्य से उन देशों में अस्थिरता बनाये रखना पूंजीवादी साम्राज्यवादी देशों, विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमरीका का मुख्य लक्ष्य रहा है। नव-स्वतंत्र अविकसित औरा विकासशील देशों में अस्थिरता बनाये रखना और उन्हें आंतरिक संघर्षो या पड़ौसी देशों के साथ युद्धरत रखना भी एक उद्देश्य रहा है। इस प्रकार कट्टर इस्लामिक लोगों के द्वारा विभिन्न विकसित और विकासशील देशों में अपनी गतिविधियां करने से और कुछ हासिल हो या न हो, उग्र धार्मिक दक्षिणपंथी लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचने में सफल रहे हैं और उन देशों में उग्र-दक्षिणपंथी धार्मिक राष्ट्रवाद को सामने आने का मौका दिया गया।

इसी का परिणाम है कि पिछले दो दशकों में कई देशों में, इटली, जर्मनी, फ्रांस, स्पेन, भारत, कनाडा, इजराइल यहां तक कि स्वयं संयुक्त राज्य अमरीका में भी उग्र-दक्षिणपंथियों को उभरने का अवसर मिला- यह बात और है कि वे अपनी जीत की पूरी संभावना होने के बावजूद आम चुनावों में वे सरकार बनाने की स्थिति में नहीं आ सके सिवाय संयुक्त राज्य अमरीका के, लेकिन, भारत में उग्र धार्मिक दक्षिणपंथी राष्ट्रवाद हावी हो सके और सरकार भी बना सके।

इस प्रकार कट्टर हिन्दू राष्ट्रवाद, विदेशी इस्लामिक उग्रवाद की प्रतिक्रिया स्वरूप भारत में सामान्य मुसलमानों को भी उग्र इस्लामी मानकर उनके प्रति दुर्भावनाएं पैदा करने में सफल रहे है। इन्हीं इस्लाम विरोधी भावनाओं का भारत के अन्य भागों में तो असर देखा ही गया लेकिन जम्मू-कश्मीर राज्य में, जहां मुसलमानों की संख्या बहुमत में है, वहां स्थानीय मुसलमान हिन्दू विरोधी नहीं हैं, क्योंकि कश्मीर की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार पर्यटन है, जिसके लिए भारत के विभिन्न हिस्सों से पर्यटक वहां आते हैं। इससे इनकी आर्थिक स्थिति पर बहुत अच्छा प्रभाव होता है और वे हरेक पर्यटन-सीजन में उम्मीद करते हैं कि अधिक से अधिक पर्यटक कश्मीर आयें, उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी हो और उनको शेष भारत के लोगों के साथ घुल-मिलकर रहने का अवसर मिले। ऐसी दशा में कश्मीर में हिन्दू मुसलमानों का भेद कोई मायने नहीं रखता। प्रसंगवश गत वर्ष, 2024 के पर्यटन सीजन में करीब अढाई करोड़ पर्यटक कश्मीर में आये थे। इस वर्ष उनकी संख्या चार करोड़ तक पहुंचने की सम्भावना थी। इसी सम्भावना को खतम करने के उद्देश्य से कट्टर इस्लामिक लोगों ने वहां सेनाओं को निशाना बनाने के बदले हिन्दू पर्यटकों को निशाना बनाया गया जिससे पर्यटकों की संख्या कम हों तथा कश्मीर के मुसलमानों दिमागों पर विपरीत असर पड़े।

पहलगाम में करीब दो हजार पर्यटक भारत के विभिन्न हिस्सों से आये हुए थे। बताते हैं कि उस दिन (22 अप्रैल 2025) वहां पर बैसरन में न तो पुलिस की व्यवस्था थी और न ही सुरक्षा बलों की तैनाती थी। लगभग चार उग्र इस्लामिक व्यक्ति अत्याधुनिक बंदूकों से लैस होकर वहां पहुंचे और करीब 20 पुरूष हिन्दू पर्यटकों को मार दिया। यह भी कहा जा रहा है कि उन उग्रवादियों ने धर्म पूछकर पर्यटकों गोलियां मारी। संभव है कि उन व्यक्तियों के साथ में मौजूद स्त्रियों की मांगों में सिंदूर देखकर भी पुरुषों को मारा हो। उस दिन उस हत्याकांड के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में ढिलाई या पुलिस और सुरक्षा बलों की अनुपस्थिति को 'दी हिंदू' के दिनांक 22.04.2025 के ई-संस्करण में रात 9.29 बजे अपडेट किये गये समाचार तथा अन्य समाचारों में अगले दिन दिये गये समाचारों के अनुसार, केरल हाईकोर्ट के तीन न्यायाधीश अपने परिवारों के साथ जम्मू-कश्मीर में अवकाश पर्यटन पर गये हुए थे तथा 21 अप्रेल को पहलगाम पहुंचे थे। लेकिन वे 22 अप्रेल को सुबह 9.30 बजे के लगभग पहलगाम से श्रीनगर के लिए निकल चुके थे। घटना के बाद समाचार मिलने पर न्यायिक जगत में चिंता फैल गयी। लेकिन वे न्यायाधीशगण और उनके परिवार सुरक्षित थे, न्यायिक क्षेत्रों में लोगों को सुकून देने वाली बात थी। आतंकवादियों के द्वारा किये गये उस हत्याकांड से पर्यटक हतप्रभ हो गये। कुछ स्थानीय मुसलमानों ने मृतकों और घायलों को लाने ले जाने में सहायता की। कई पर्यटकों को अपने घरों में शरण भी दी।

उस हादसे के बाद पर्यटकों की संख्या में कमी होना लाजमी था। लेकिन सरकारें खासतौर से केंद्र सरकार के लिए उस हत्याकांड की उचित प्रतिक्रिया देना आवश्यक था। प्रधारनमंत्री अरब की यात्रा बीच में ही छोड़कर आये लेकिन नौकरशाहों के साथ बैठक की और अगले दिन बिहार में आम चुनाव पूर्व की एक जनसभा में भाषण देने चले गये। इधर दो बार सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने की। अन्ततः 7 मई, 2025 को सीमा पार पाकिस्तान में अवस्थित आतंकवादियों के केंद्रों पर ड्रोन से हमला किया। इस अभियान को 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम दिया गया। हमले की क्या स्ट्रेटजी थी, क्या राजनीति थी, क्या लक्ष्य थे, वे अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाये। भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर का एक गुपचुपा बयान जरूर सामने आया कि भारत आतंकी अड्डों पर ही हमला करेगा क्योंकि भारत की तरफ से 'ओपरेशन सिंदूर' कोई युद्ध की घोषणा नहीं थी। लेकिन, चौथे दिन शाम 5:30 में अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम की घोषणा की। उसके काफी देर बाद भारत और पाकिस्तान के अधिकारियों ने युद्ध विराम की घोषणा की। लगता है ट्रंप ने अपने शब्द भारत और पाकिस्तान की सरकारों के प्रधानों के मुंह में डाले हों।

क्या, क्यूं, कैसे, सभी सेनाएं और भारत की जनता युद्ध-विराम की घोषणा से स्तंभित रह गये, लेकिन सरकार की न तो आलोचना कर सके और न ही सरकार से कुछ पूछ सके। उन चार दिनों के हवाई, मशीनी युद्ध से भारत ने और पाकिस्तान ने क्या खोया, क्या पाया, इसका आंकलन और मूल्यांकन इतिहास में बाद में होगा। फिलहाल अमरीका का प्रत्यक्ष दखल उसके व्यापारिक हितों को ही परिलाक्षित करता है-निश्चित ही हमारे सबसे बड़े पड़ौसी चीन की भूमिका से भी इंकार नहीं किया जा सकता है क्योंकि युद्ध विराम के तत्काल बाद अमरीका ने चीन के साथ व्यापार युद्ध को धीमा करने का उद्देश्य से टैरिफ में कमी करने की पहल की है। इससे जुड़ा एक अन्य मसला भी हो सकता है और वह है बलुचिस्तान का। जैसा कि बलुचिस्तान लिबरेशन आर्मी की अपेक्षा थी कि भारत पाकिस्तान का युद्ध तेज हो कर लंबा चलेगा तो बलुचिस्तान को आजाद किया जा सकेगा। लेकिन, अमरीका नहीं चाहता कि बलुचिस्तान में शान्ति हो, क्योंकि बलुचिस्तान में खनिज संपदा बहुतायात से है वह अमरीका को किसी भी हालत में नहीं मिल पायेगी, चीन अपनी कोरीडोर की योजना के तहत उसे हांसिल करना चाहेगा पर वह उसे मिल नहीं पायेगी, अगर बलुचिस्तान अशांत बना रहता है। यह एक प्रकार से 'व्यापारिक शीत-युद्ध' है। इस मामले को बलुचिस्तान ने उजागर भी कर दिया है यह संदेश देकर कि भारत बलुचिस्तान को एक 'निर्वासित सरकार' की मान्यता दे, जैसे कि तिब्बत को 'निर्वासित सरकार' की मान्यता दे रखी है। लेकिन भारत सरकार अभी ऐसा कदम नहीं उठा सकती। बलुचिस्तान अपनी मुक्ति कस मार्ग खुद तय करे या भारत को गणतान्त्रिक संघ बन जाने पर उस संघ का सदस्य बने। क्योंकि आज के युग में किसी भी देश की सीमाओं को अतिक्रमण करके उसे अपनी सीमाओं में मिलाना संभव नहीं है, इसके विपरीत देशों का विघटन होकर नये स्वतंत्र देश अवश्य बन सकते हैं।

कई लोगों का मानना है कि भारत की मिसाइलों ने पाकिस्तान के किराना हिल्स स्थित परमाणु बमों के गोदाम के पास विस्फोट किये। परमाणु विकीरण और परमाणु बमों के नष्ट होने के खतरों को देखते हुए अमरीका ने युद्ध विराम की घोषणा की। लेकिन चाहे भारत और पाकिस्तान परमाणु शक्ति सम्पन्न हों, वे परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने से पहले हजार बार सोचेंगे क्योंकि दोनों ही देशों में आबादी का घनत्व बहुत ज्यादा है और यह माना जा सकता है कि दोनों ही देशों में न तो नादिरशाह जैसा क्रूर कोई है जो दिल्ली जैसे शहर के लोगों की लाशों पर अट्टहास कर रहा हो, और न ही अमरीकी राष्ट्रपजि हेनरी एस ट्रूमैन जैसा मानवता का दुश्मन कोई है जो अपने ही लोगों को वर्षों तक कष्ट भोगने के लिए परमाणु बम गिरा दे। बेशक, भारत और पाकिस्तान दोनों ही देशों की सरकारों में उग्र धार्मिक राष्ट्रवादी बैठे हों, जो कि क्रूर भी हैं, निष्ठुर भी हैं और मानवता के प्रति असंवेदनशील भी हैं, फिर भी परमाणु हथियारों का इस्तेमाल नहीं कर पायेंगे। जैसे पूंजीवादी साम्राज्यवादी अमरीका और उसके कट्टर विरोधी कम्युनिस्ट सोवियत संघ परमाणु हथियारों से सम्पन्न होते हुए भी उनका इस्तेमाल करने से 50 सालों तक क्या अभी तक भी बचते रहे है। और कभी गरम कभी नरम जैसा शीत युद्ध चलाते रहे। भारत और पाकिस्तान की जनता की रगों में वही पांच नदियों और गंगा-यमुना जैसी दो नदियों के पानी से बना खून बह रहा है वे अपने आपके दुश्मन नहीं हो सकते, चाहे उनकी सरकारें कितनी भी लड़ाइयां लड़ते रहें।

**-रामनिवास बैरवा,**
**पूर्व क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त**

# एक करोड़ की लागत से बने साइकिल ट्रैक की चार साल में हालत खस्ता

## पॉलिटेक्निक कॉलेज के चारों ओर बने ट्रैक की हालत ऐसी हो गई है कि साइक्लिस्ट अब यहां साइकिल चलाने से भी कतराने लगे हैं

- **करीब चार साल पहले बीकानेर के तत्कालीन जिला कलेक्टर नमित मेहता की पहल पर नगर निकास न्यास ने लगभग एक करोड़ रुपए खर्च कर इस साइकिल ट्रैक का निर्माण कराया था**
- **ट्रैक सार्दुलगंज सर्किल से शुरू होकर पॉलिटेक्निक रोड, नई शिवबाड़ी रोड, वर्धमान हॉस्पिटल के सामने होते हुए व्यास कॉलोनी के एंट्री पॉइंट तक जाता है**

**बीकानेर,** (निसं)। साइकिल प्रेमियों के लिए चार साल पहले जिस उम्मीद के साथ पॉलिटेक्निक कॉलेज के चारों ओर नगर निकास न्यास ने साइकिल ट्रैक बनवाया था, वह अब पूरी तरह जमींदोज होता नजर आ रहा है।

जानकारी के अनुसार लगभग एक करोड़ रुपए की लागत से बने इस ट्रैक की हालत ऐसी हो गई है कि साइक्लिस्ट अब यहां साइकिल चलाने से भी कतराने लगे हैं। खंभे, अतिक्रमण और टूटे अवरोधक इसे दुर्घटना का न्यौता बना चुके हैं। करीब 4 साल पहले बीकानेर के तत्कालीन जिला कलेक्टर नमित मेहता की पहल पर नगर निकास न्यास ने लगभग एक करोड़ रुपए खर्च कर इस साइकिल ट्रैक का निर्माण कराया था। ट्रैक सार्दुल गंज सर्किल से शुरू होकर पॉलिटेक्निक रोड, नई शिवबाड़ी रोड, वर्धमान हॉस्पिटल के सामने होते हुए व्यास कॉलोनी के एंट्री पॉइंट तक जाता है और महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज के हॉस्टल के पास से होते हुए वापस सार्दुल गंज सर्किल पर आकर समाप्त होता है। शिवबाड़ी रोड पर साइकिल ट्रैक के पास बने अवरोधक कई जगह से टूट चुके हैं। रात के अंधेरे में यह अवरोधक दिखाई नहीं देते और यही कारण है कि कई बाइक व कार सवार यहां 2 फीट नीचे गिर चुके हैं। खासकर पॉलिटेक्निक कॉलेज से शिवबाड़ी की ओर का हिस्सा, जहां सड़क स्तर नीचे है, बेहद खतरनाक हो चुका है।

साइक्लिस्ट भावना शर्मा ने कहा कि हर सुबह हम 15-20 लोग साइक्लिग करते हैं, लेकिन ट्रैक की हालत देखकर डर लगता है। कई बार तो हमें बीच सड़क पर उतरना पड़ता है, जिससे ट्रैफिक की चपेट में आने का खतरा बना रहता है। इतनी बड़ी सुविधा अगर इस हाल में छोड़ दी जाए, तो फिर खिलाड़ियों का मनोबल कैसे बढ़ेगा। इस ट्रैक की चौड़ाई लगभग तीन मीटर है, लेकिन यह पूरी तरह उपयोग लायक नहीं है। ट्रैक के बीचों-बीच अभी तक विद्युत पोल खड़े हैं, जिनके हटाने के निर्देश पहले ही दिए जा चुके थे। डेयरी बूथ और अन्य अतिक्रमणों ने रास्ता और संकरा कर दिया है। कई जगहों पर आवारा पशु विचरण करते हैं, जिससे साइक्लिस्टों को जान जोखिम में डालकर निकलना पड़ता है।

बीकानेर साइक्लिंग क्लब से जुड़े रोहित व्यास ने बताया, हमने कई बार प्रशासन से आग्रह किया कि ट्रैक की हालत सुधारी जाए। हाइवे पर साइक्लिंग करना बेहद खतरनाक है, लेकिन अब यही एकमात्र विकल्प बचा है। इतना पैसा खर्च कर जो सुविधा दी गई, उसकी देखरेख न होने से खिलाड़ी हतोत्साहित हो रहे हैं। सबसे पहले, ट्रैक के बीचों-बीच खंभे हटाने की कार्रवाई की जाए। डेयरी बूथ और अन्य अतिक्रमणों को हटाया जाए। टूटे हुए अवरोधकों को रिपेयर कर पुनः स्थापन किया जाए। रात के समय ट्रैक पर रिफलेक्टिव लाइट्स व बोर्ड लगाए जाए। ट्रैक की नियमित मॉनिटरिंग हो और हर 6 महीने में निरीक्षण अनिवार्य किया जाए। स्थानीय स्पोर्ट्स क्लब के साथ समन्वय बनाकर साइक्लिस्टों की जरूरतें समझी जाये। बीकानेर को अगर स्पोर्ट्स सिटी के रूप में पहचान दिलानी है तो ऐसी अधूरी और उपेक्षित योजनाओं पर पुनर्विचार जरूरी है। सिर्फ निर्माण कर देना पर्याप्त नहीं, उसकी देखरेख और रखरखाव भी उतना ही जरूरी है। प्रशासन को जल्द से जल्द इस मुद्दे पर सक्रियता दिखानी चाहिए, ताकि एक करोड़ की यह परियोजना फिर से बीकानेर के साइक्लिस्टों के लिए प्रेरणा बन सके।

## राशिफल मंगलवार 27 मई, 2025



पंडित अनिल शर्मा

ज्येष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, अमावस्या, मंगलवार, विक्रम संवत 2082, रोहिणी नक्षत्र रात्रि 2:51 तक, सुकर्मा योग रात्रि 10:54 तक, नाग करण प्रातः 8:32 तक, चन्द्रमा आज वृष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-वृष, चन्द्रमा-वृष, मंगल-कर्क, बुध-वृष, गुरू-मिथुन, शुक्र-मीन, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह राशि में।

कुमार योग प्रातः 8:32 से रात्रि 2:51 तक है। आज देव कार्य अमावस्या, भौमवती और भावुका अमावस्या, रोहिणी व्रत, सन्त ज्ञानेश्वरी जयन्ती है। आज करवीर व्रत, श्री गंगादशाश्व मेघ स्नान है। आज प्रतिपदा तिथि का क्षय हुआ है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 9:01 से 10:42 तक, लाभ अमृत 10:42 से 2:05 तक, शुभ 3:46 से 5:28 तक।

**राहूकाल:** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 5:38, सूर्यास्त 7:09

**मेष**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी।

**वृष**
मानसिक तनाव दूर होने लगेगा। मनःस्थिति में सुधार होगा। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मिथुन**
आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। धन हानि का भय है। आज व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। वाणी पर संयम रखना ठीक रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**सिंह**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**कन्या**
आज धार्मिक सामाजिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी।

**तुला**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। व्यावसायिक परेशानियां अभी बनी रहेगी।

**वृश्चिक**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में प्रसन्नता-हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। आपसी सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु**
स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा है। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आय में वृद्धि होगी। परिवार में रचनात्मक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**कुंभ**
घर-परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक विवादों से राहत मिलेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ से राहत मिलेगी।

**मीन**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।

# पीटीआई भर्ती में धांधली : 21 शारीरिक शिक्षकों की ग्रेजुएशन डिग्री ही फर्जी

## एस.ओ.जी. ने मामला दर्ज कर शुरू की जांच पड़ताल

**जयपुर।** शारीरिक शिक्षक भर्ती परीक्षा-2022 में चयनित हुए इक्कीस पीटीआई की ग्रेजुएशन की डिग्री ही फर्जी पाई गई है। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) अब इन इक्कीस पीटीआई के खिलाफ नया मुकदमा दर्ज किया है।

एसओजी एडीजी वी के सिंह ने बताया कि शारीरिक शिक्षक भर्ती परीक्षा-2022 में फर्जी डिग्री मामले की जांच के दौरान आवेदकों और चयनित अभ्यर्थियों के राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड से दस्तावेज लेकर विश्लेषण किया गया। इस दौरान पता चला कि भुखरेड़ी (चूरू) निवासी नरेंद्र सिंह, मालूका (भरतपुर) निवासी वीरेंद्र सिंह, श्यामोली (सवाईमाधोपुर) निवासी हनुमान गुर्जर, भाकरोद (नागौर) निवासी नारायण भाकल, तिघरिया (करौली) निवासी निरंजन सिंह, डबोक (डीग) निवासी बलवीर, खेड़ला बुजुर्ग (दौसा) निवासी वीरेंद्र सिंह, मेहरादासी (झुंझुनू) निवासी बुलकेश कुमारी, कोल्याणा (जयपुर) निवासी कुसुमलता गुर्जर, मेहरदासी (झुंझुनू) निवासी सुरेंद्र कुमार, भोजपुरा (जयपुर) निवासी दुर्गेश कसाना, भाकरोद (नागौर) निवासी महेंद्र, सुरोठ (करौली) निवासी दीपक गुर्जर, खावडा (दौसा) निवासी राजन सिंह, नानवास (झुंझुनू) निवासी कृष्ण कुमार, कापूरा मालूका (भरतपुर) निवासी हेमसिंह, चौधरीपुरा (करौली) निवासी रामलखन मीना, लुबडावास (जयपुर) निवासी महेश कुमार गुर्जर, झलाटाला (भरतपुर) निवासी प्रशांत गुर्जर, गुड़ला (करौली) निवासी नीरज जाटव और सांचौर (जालौर) निवासी कमला कुमारी की ग्रेजुएशन की डिग्री ही फर्जी पाई गई है।

एसओजी एडीजी ने बताया कि पीटीआई भर्ती में चयन के बाद इन सभी अभ्यर्थियों ने हिमाचल प्रदेश की अरनी विश्वविद्यालय से ग्रेजुएशन होने की बात कही।उन्होंने अपनी ग्रेजुएशन की मार्कशीट बीपीएड कोर्स के लिए उत्तर प्रदेश के शिकोहाबाद स्थित जेएस विश्वविद्यालय में पेश करने की जानकारी दी।

एसओजी ने अरनी विश्वविद्यालय से 2016 से 2020 के बीच ग्रेजुएशन करने वालों की सूची हासिल की तो इन 21 अभ्यर्थियों में से किसी का भी नाम नहीं मिला। नियुक्ति के समय इन्होंने बीपीएड की मार्कशीट शिकोहाबाद (उत्तर प्रदेश) स्थित जेएस यूनिवर्सिटी की पेश की। इनके द्वारा आवेदन के समय और नियुक्ति के समय पेश की गई मार्कशीट में भी अंतर पाया गया है। जांच में सामने आया कि इन्होंने जेएस यूनिवर्सिटी से बैक डेट में फर्जी अंकतालिका और डिग्री लेकर नौकरी हासिल की है।

गौरतलब है कि पीटीआई भर्ती के आवेदकों और चयनित अभ्यर्थियों के एसओजी ने दस्तावेज खंगाले तो यह चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है कि इन्होंने बिना ग्रेजुएशन किए बीपीएड की फर्जी डिग्री लेकर नौकरी हासिल कर ली। अब एसओजी इन पीटीआई पर शिकंजा कसने की तैयारी कर रही है।

# देवनानी ने निम्बार्क तीर्थ में श्याम शरण देवाचार्य के दर्शन किये



**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोमवार को श्री निम्बार्क तीर्थ सलेमाबाद में स्थित अखिल भारतीय जगद्गुरु श्री निम्बार्काचार्य पीठ में पहुँचकर श्री श्री श्याम शरण देवाचार्य के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर देवनानी ने देवाचार्य का दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया। देवनानी ने देवाचार्य को विधानसभा की स्मृति स्वरूप वार्षिक डायरी भेंट की। देवाचार्य ने भारतीय नववर्ष के अनुसार प्रकाशित की गई डायरी प्रकाशन की अभूतपूर्व पहल के लिये देवनानी को बधाई दी। देवनानी और देवाचार्य के मध्य आध्यात्म, सनातन संस्कृति और समाज सेवा से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

# 'गौशालाओं की मॉनिटरिंग के लिये कमेटी बनाएंगे'



**प्रदेश की गौशालाओं में सुधार को लेकर सोमवार को पशुपालन, डेयरी एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत की अध्यक्षता में शासन सचिवालय में गोपालन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।**

**जयपुर।** प्रदेश की गौशालाओं में सुधार को लेकर सोमवार को पशुपालन, डेयरी एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत की अध्यक्षता में शासन सचिवालय में गोपालन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बैठक में गौशालाओं को समय पर अनुदान देने, गौशाला की भूमि पर हुए अतिक्रमण हटवाने, गौ तस्करी कानून को और अधिक सख्त बनाने, मृत गौमाता के शव को समाधि देने के लिए अतिरिक्त भूमि का आवंटन करने की गौ सेवा समितियों के प्रतिनिधियों की मांग पर विचार विमर्श किया गया। इसके अलावा गौशालाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए ऑर्गेनिक खाद का विपणन सहकारी समितियों के माध्यम से करवाने, गौ-अर्क की बिक्री आयुर्वेद विभाग के माध्यम से करवाने के लिए उचित व्यवस्था कराने, गौशालाओं की शाखा खोलने के लिए नियमों में शिथिलता प्रदान करने, बछड़ों का बधियाकरण कराने, प्रदेश में गाय के कृत्रिम गर्भाधान के लिए उसी नस्ल का सीमन इस्तेमाल करने के सुझावों पर भी चर्चा हुई। गोपालन मंत्री ने सभी विषयों पर गहन विचार विमर्श के बाद गौशाला प्रतिनिधियों को उचित निर्णय लेने का आश्वासन दिया।

कुमावत ने बताया कि गौशालाओं में व्यवस्थाओं की प्रभावी मोनिटरिंग के लिए जिला व राज्य स्तरीय कमेटियों में दो-दो सदस्य शामिल करने के प्रस्ताव पर राज्य स्तर पर निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि गौशालाओं को समय पर अनुदान की राशि मिले इसके लिए वार्षिक कैलेंडर बनाया जाएगा। साथ ही गौशालाओं की भूमि पर हुए अतिक्रमण को हटवाने के लिए सभी जिला कलेक्टर्स को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे। इस मौके पर गोपालन विभाग के निदेशक प्रहलाद राय नागा, राजस्थान गौ सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद राम शास्त्री व पूर्व अध्यक्ष गोविंद गिरी, श्रीपति धाम गौशाला, सिरोही के संचालक गोविंद वल्लभ, रघुनाथ सिंह राजपुरोहित सहित गोपालन विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

# देवनानी से कुलगुरु गर्ग की मुलाकात

**जयपुर।** विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से सोमवार को विधानसभा में बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलगुरु आचार्य अखिल रंजन गर्ग ने शिष्टाचार मुलाकात की। गर्ग ने देवनानी को पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया।

गर्ग ने देवनानी को बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय की गतिविधियों की जानकारी दी। गर्ग ने देवनानी को 2 जून को विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में आने का निमंत्रण दिया। देवनानी बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में 2 जून को बीकानेर में दीक्षांत व्याख्यान देंगे।

# कांग्रेस की जय हिंद सभा पूर्ण रूप से कांग्रेस की खीज सभा : राजेंद्र राठौड़

> 'कांग्रेस की सभा में बही झूठ, फरेब और पाखंड की त्रिवेणी'

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़ ने कांग्रेस की जय हिंद सभा को खीज सभा बताते हुए कांग्रेस नेताओं द्वारा दिए गए बयानों को सिरे से खारिज कर दिए। राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बीकानेर में ऐतिहासिक सभा के बाद सीमावर्ती क्षेत्रों में जाकर कांग्रेस नेताओं ने रैली में झूठ, फरेब और पाखंड की ऐसी त्रिवेणी बहायी जिसने भी सुना उसे उनके ज्ञान पर तरस ही आया।

उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कहते है कि संघ परिवार का तिरंगे में विश्वास नहीं है, नागपुर मुख्यालय पर तिरंगा नहीं फहराया। यह उनके अल्पज्ञान का द्योतक है क्योंकि उस कालखंड में केवल सरकारी इमारतों पर ही तिरंगा फहराने की ही अनुमति थी, जबसे सर्वोच्च न्यायालय ने जिंदल मामले में इसे आम आदमी का अधिकार बताया, तब से संघ मुख्यालय पर भी ध्वजारोहण होता है। उन्होंने कहा कि 1930 में कांग्रेस लाहौर अधिवेशन में पूर्ण स्वराज का जब प्रस्ताव पारित हुआ था, उस समय राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के संस्थापक डॉ हेडगेवार ने शाखाओं पर स्वतंत्रता दिवस मनाने के निर्देश दिए। कांग्रेस राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ को बार बार टारगेट करती है लेकिन यह भूल जाती है कि स्वतंत्रता आंदोलन में डॉ हेडगेवार सहित 6 हजार से ज्यादा स्वयं सेवक 9 माह तक जेल में रहे थे। कांग्रेस का संघ के खिलाफ फैलाया जा रहा झूठ अब चलने वाला नहीं है।

राठौड़ ने कहा कि देश पर जब संकट होता है तो कोई भी राष्ट्र भक्त ईमानदारी से अपने देश के साथ खड़ा होता है, लेकिन देश की सबसे पुरानी पार्टी में ऐसे लगता है अपने अंग्रेज संस्थापकों का डीएनए बाकी है जिसके कारण उनका देश के प्रति कोई कर्तव्यभाव नजर नहीं आता। वे आज भी फूट डालो राज करो की नीति पर कार्य कर रहे है। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में 8 जनवरी 2013 को पाकिस्तानी सैनिक भारतीय सैनिक का सिर काटकर ले गए थे। तब की कांग्रेस सरकार ने ना सर्जिकल स्ट्राइक की, ना कोई पाकिस्तान के खिलाफ किसी प्रकार की कोई कार्रवाई की। कांग्रेस डोजियर भेजने में विश्वास करती रही और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डॉयरेक्ट एक्शन में विश्वास करते है। यहीं कारण है कि 1965 और 1971 के युद्ध में भी जो सिंधु जल समझौता रद्द नहीं हुआ, वो पहलगाम हमले के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने निलंबित कर दिया। हमारा स्पष्ट मत है खून और पानी साथ नहीं बहता तथा ना ही टॉक और टेरिज्म साथ साथ चल सकते है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस को ना देश के प्रधानमंत्री की बात पर भरोसा है, ना ही सेना के अधिकारियों की बात पर विश्वास है। इन्हें एक विदेशी राष्ट्राध्यक्ष के ट्विट पर एतबार है। राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री यह स्पष्ट कर चुके है कि पाकिस्तान से बात केवल पाक अधिकृत कश्मीर पर और उसके द्वारा फैलाए गए आतंकवाद पर ही होगी।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बेहतर प्रबंधन और नेतृत्व से भारत बनी विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था : मदन राठौड़

> 'प्रधानमंत्री मोदी के 11 साल के कार्यकाल में भारत बना समृद्ध, संपन्न और सुरक्षित'

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भारत आधिकारिक तौर पर जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। यह संभव हो पाया है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदृष्टि और बेहतर प्रबंधन के चलते। मोदी के नेतृत्व में देश समृद्ध हुआ, संपन्न हुआ और सुरक्षित हुआ है। 2014 से पहले जहां भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में 11वें पायदान पर थी, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के विजन के चलते देश तरक्की की राह पर चला और 11 से चौथे नंबर पर अर्थव्यवस्था आ गई। इतना ही नहीं, भारत के शीर्ष नेतृत्व के प्रबंधन के चलते शीघ्र ही तीसरे पायदान पर पहुंच जाएगा।

राठौड़ ने प्रदेश कार्यालय में मीडिया से वार्ता करते हुए बताया कि इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड के आंकड़ों के अनुसार भारत की अर्थव्यवस्था 4.187 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की हो गई। भारत ने जापान को पछाड़कर यह पायदान हासिल किया है। अब अमेरिका, चीन और जर्मनी के बाद चौथी अर्थव्यवस्था भारत की है। राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हर वर्ग, हर समुदाय और हर क्षेत्र के विकास के लिए कार्य योजनाएं तैयार की, फिर चाहे वो कृषि क्षेत्र हो, चिकित्सा क्षेत्र हो, शिक्षा क्षेत्र हो या फिर युवा, महिला, किसान और गरीब के कल्याण एवं उत्थान के कार्य हो। मोदी ने पिछले 11 सालों में देश के इन्फ्रास्ट्रेक्चर को बेहतर करने के साथ सेना को मजबूत किया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज विश्व भी भारत का लोहा मान रहा है। पहले जहां हम अधिक आयात करने की स्थिति में थे, वहीं आज भारत अधिक से अधिक निर्यात करने की स्थिति में आ गया है। विश्व में भारत की साख अन्य देशों की तुलना में अधिक है। जबकि हमारे से उपर चीन की अर्थव्यवस्था है, लेकिन चीन की विश्वसनीयता, प्रतिष्ठा विश्व में नहीं है। ऐसे में हमारे शीर्ष नेतृत्व का आभार और धन्यवाद, जिसने भारत को आर्थिक रूप से सशक्त करने का काम किया।

# कांग्रेस नेता अल्पज्ञानी, झूठ के भरोसे चलाना चाहते है अपनी दुकान : राठौड़

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस ने राष्ट्र भक्ति का ढ़ोंग करते हुए रैली का नाम तो जय हिंद रख दिया, लेकिन बातें देश को विभाजित करने वाली ही करते रहे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने अपनी 100 साल की यात्रा में राष्ट्र सेवा के नए आयाम स्थापित किए हैं। आज जिस प्रकार संघ के राष्ट्रीय विचार को समाज के सभी वर्गों द्वारा स्वीकारा और समर्थित किया जा रहा है, वहीं कांग्रेस के नकारात्मक तथा समाज को तोड़ने वाली नीतियों को जनता द्वारा दरकिनार किया जा रहा है। उसके कारण कांग्रेस संघ फोबिया से ग्रसित हो गई है।

राठौड़ ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत कहते है कि संघ परिवार का तिरंगे में विश्वास नहीं है, नागपुर मुख्यालय पर तिरंगा नहीं फहराया। यह उनके अल्पज्ञान का द्योतक है क्योंकि उस कालखंड में केवल सरकारी इमारतों पर ही तिरंगा फहराने की ही अनुमति थी, जबसे माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने जिंदल मामले में इसे आम आदमी का अधिकार बताया, तब से संघ मुख्यालय पर भी ध्वजारोहण होता है। कांग्रेस के नेता पूछते है सीजफायर क्यों किया, इसके बारे में देश के विदेश मंत्री, देश की सेना के अधिकारी और स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश और दुनिया को बता चुके है कि पाकिस्तान द्वारा रखे गए सीजफायर के प्रस्ताव को भारतीय सेना ने अपनी शर्तों पर स्वीकार किया है। देश पर जब संकट होता है तो कोई भी राष्ट्र भक्त ईमानदारी से अपने देश के साथ खड़ा होता है, पर तरस आता है कि देश को जब जरूरत है तब कांग्रेस अपने तुच्छ राजनीतिक लाभ के लिए अनर्गल बयानबाजी कर रही है।

# सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता फैलाएगा शिक्षा विभाग

**जयपुर।** सड़क सुरक्षा स्कूल शिक्षा परियोजना पर सहयोग हेतु प्रस्ताव के संबंध में सचिवालय में सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी, जिसकी अध्यक्षता शिक्षा शासन सचिव श्री कृष्ण कुणाल ने की। बैठक का उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षकों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना और सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए व्यवहारगत परिवर्तन को प्रोत्साहित करना रहा। इस मौके पर शासन सचिव ने विद्यालयों के आसपास बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता जताते हुए पाठ्यक्रमों में रोड सेफ्टी पाठ्यक्रम को शामिल करने पर जोर दिया। शिक्षा विभाग इसके लिए एनजीओ से संपर्क साधेगा।

कृष्ण कुणाल ने सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए प्रत्येक विद्यालय की किसी एक दीवार पर सड़क सुरक्षा से जुड़े नियम और सुरक्षा चिन्हों को पेंट करने के निर्देश दिए। साथ ही एक टीचर्स ट्रेनिंग और अवेयरनेस कैंपेन चलाने पर जोर दिया। शिक्षा विभाग के मनोनीत अधिकारी से समन्वय स्थापित करके उनके मार्गदर्शन में राष्ट्रीय राजमार्गों और व्यस्त सड़कों के निकट स्थित 50 सरकारी विद्यालयों का चयन कर कक्षा 6 से 12 के विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा। प्रत्येक विद्यालय से 2/3 शिक्षकों का चयन कर उनके लिए तीन दिवसीय ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में शिक्षा विभाग जल्द सड़क सुरक्षा पर काम करने वाली एक निजी संस्थान मुस्कान फाउंडेशन से औपचारिक एमओयू साइन करेगा।

इस अवसर पर राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त अनुपमा जोरवाल, निदेशक प्रारंभिक शिक्षा सीताराम जाट, परिवहन आयुक्त, जिला कलेक्टर जयपुर, डिप्टी कमिशनर ऑफ पुलिस ट्रैफिक, मुस्कान फाउंडेशन एवं जिले के गैर सरकारी विद्यालयों के प्रतिनिधि शिक्षा विभाग के अधिकारी शामिल रहे।

# कहानी विधा के लिए स्वयं प्रकाश स्मृति सम्मान की प्रविष्टियां आमंत्रित

**दिल्ली।** साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में कार्यरत संस्थान 'स्वयं प्रकाश न्यास' ने सुप्रसिद्ध साहित्यकार स्वयं प्रकाश की स्मृति में दिए जाने वाले वार्षिक सम्मान के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित की हैं। न्यास द्वारा जारी विज्ञिप्त में बताया गया कि राष्ट्रीय स्तर के इस सम्मान में कहानी विधा की किसी ऐसी कृति को दिया जाएगा, जो सम्मान के वर्ष से अधिकतम छह वर्ष पूर्व प्रकाशित हुई हो। वर्ष 2025 के सम्मान के लिए 1 जनवरी 2021 से 31 दिसंबर 2024 के मध्य प्रकाशित कहानी संग्रहों पर विचार किया जाएगा। कृतिकार की आयु सीमा 50 वर्ष रखी गई है। सम्मान के लिए तीन निर्णायकों की एक समिति बनाई गई है जो प्राप्त प्रस्तावों पर विचार कर किसी एक कृति का चुनाव करेगी। सम्मान में ग्यारह हजार रुपये, प्रशस्ति पत्र और शॉल भेंट किये जाएंगे।

# 'दोहरा चरित्र कांग्रेस की फ़ितरत है, पूरे देश में नीति और व्यवहार से कांग्रेस नकार दी गई'

## अशोक गहलोत के बयान पर डॉ.सतीश पूनिया का पलटवार

**जयपुर।** कांग्रेस नेता पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बाड़मेर में दिए गए बयान पर हरियाणा भाजपा प्रभारी, भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने पलटवार कर कहा कि, कभी हिंद की सेना से प्रमाण मांगने वाले आज कांग्रेसी सभा कर रहे हैं, चुनौतियों में जब देश एकजुट होता है तब भी ये सियासत करते हैं, दोहरा चरित्र कांग्रेस की फ़ितरत है, इसीलिए पूरे देश में नीति और व्यवहार से नकार दी गई है, कांग्रेसी नेताओं के पास अनर्गल भाषण और नेहरू गांधी ख़ानदान की चरण वंदना के अलावा कुछ बचा नहीं है।

> 'कांग्रेसी नेताओं के पास अनर्गल भाषण और नेहरू गांधी ख़ानदान की चरण वंदना के अलावा कुछ नहीं बचा'



**भाजपा प्रदेश कार्यालय में पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया और अरूण चतुर्वेदी प्रेस से रूबरू हुए।**

डॉ. पूनिया ने कहा कि, भारत की सेना ने आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के तहत अपना पराक्रम दिखाया और आतंकवादियों को सबक सिखाया, उससे पूरी दुनिया में हमारी जांबाज सेना और हमारे मजबूत नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा हो रही है, सेना और नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व पर पूरे देश की जनता को गर्व है, इसके बावजूद कांग्रेस घटिया राजनीति करने से बाज नहीं आ रही है, सेना की बहादुरी एवं तिरंगा यात्राओं के सफल आयोजनों से कांग्रेस पूरी तरह बौखलाई हुई है।

उन्होंने कहा कि हमारे देश का सांस्कृतिक संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जो सदैव देश की सेवा में जुटा रहता है उसका मजाक उड़ाना भी कांग्रेस नेतृत्व की फितरत बन चुकी है, जिसकी साफ झलक कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बाड़मेर में दिए गए बयान में दिखी, जिन्होंने भारत की सेना के पराक्रम से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर अमर्यादित एवं अलोकतांत्रिक बयान दिया है। पूरा देश एकता एवं अखंडता के साथ आतंकवाद से डटकर मुकाबला कर रहा है, आतंकवाद के खिलाफ की गई कार्रवाई की भारत की सेना और भारत के नेतृत्व की पूरी दुनिया समर्थन कर रही है, ऐसे में देश पर इमरजेंसी थोपने वाली एवं भ्रष्टाचार की जनक कांग्रेस के नेता देश के स्वाभिमान का मजाक उड़ा रहे, जिससे जनता अच्छे से वाकिफ है।

डॉ. पूनिया ने कहा कि, अशोक गहलोत बताएं कि भारत के सैनिकों ने आधुनिकतम स्वदेशी तकनीक के जरिये ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से आतंकवादियों और आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त कर दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दिया, क्या यह आपको और दिल्ली में बैठे आपके कांग्रेस आलाकमान को पच नहीं रहा है, जब पूरी दुनिया आतंवादियों के खिलाफ भारत की कार्रवाई का समर्थन कर रही है तो कांग्रेस के नेता और कांग्रेस नेतृत्व किसके कहने पर भारत के मजबूत नेतृत्व के खिलाफ बोल रहे हैं?

# पशु चिकित्सकों को पॉलीक्लिनिक में नियुक्त करने के निर्देश

**जयपुर।** शासन सचिव पशुपालन, गोपालन और मत्स्य डॉ समित शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को पशुधन भवन के सभागार में पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। समीक्षा बैठक में पशुपालन निदेशक तथा आरएलडीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ आनंद सेजरा, अतिरिक्त निदेशक डॉ सुरेश मीना, डॉ विकास शर्मा तथा पशुपालन विभाग के वित्तीय सलाहकार मनोज शांडिल्य सहित विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में सेक्स सॉर्टेड सीमन, मंगला पशु बीमा योजना, भारत पशुधन एप, निःशुल्क आरोग्य योजना तथा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। संबंधित अधिकारियों ने इन विषयों पर प्रस्तुति दी। शासन सचिव डॉ. शर्मा ने क्लीनिकल विषयों जैसे मेडिसिन, सर्जरी एवं गायनोलॉजिकल विषयों में विशेषज्ञता प्राप्त पशु चिकित्सा अधिकारियों को पॉलीक्लिनिक में नियुक्त करने के निर्देश दिए, जिससे पशुपालकों को विशेषज्ञ सेवाओं का अधिकतम लाभ मिल सके। उन्होंने इस कार्य को शीघ्रता से क्रियान्वित करने पर बल दिया। शासन सचिव ने जिलों के नोडल अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सम्बन्धित जिले की संस्थाओं में विभागीय कार्मिकों की उपस्थिति शत-प्रतिशत सुनिश्चित करें।

# बुजुर्गों को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने का प्रयास

> 28 मई को वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए सभी जिला मुख्यालयों पर होगा एक दिवसीय कार्यशालाओं का आयोजन

**जयपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग अपनी तरह के अनूठे नवाचार के साथ प्रदेश के बुजुर्गों (वरिष्ठ नागरिकों) के कल्याण और सशक्तिकरण के साथ सामाजिक ताने-बाने को मजबूती देने का प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में विभाग द्वारा 28 मई को इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान के सभागार में राज्य स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसी तरह की कार्यशाला प्रदेश के सभी जिलों में आयोजित की जाएगी, ताकि बुजुर्ग स्वयं को हर स्तर पर मजबूत और सशक्त महसूस करें।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने प्रदेश भर के वरिष्ठ नागरिकों को जिलों में होने वाली कार्यशालाओं में जुड़ने का किया आव्हान है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और विभाग की मंशा बुजुर्गों (वरिष्ठ नागरिकों) को मानसिक, शारीरिक, कानूनन हर तरीके से स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने की है। उन्हें किसी पर तरह से दूसरों पर आश्रित नहीं रखने की है। वे स्वस्थ रहेंगे तो सामाजिक ताना-बाना भी मजबूत रहेगा।

गहलोत ने बताया कि 28 मई को प्रदेश भर में आयोजित होने वाली के कार्यशालाओं में जिले के नामचीन मनोवैज्ञानिक, श्रेष्ठ योग प्रशिक्षक, बेहतरीन आहार विशेषज्ञ, स्वयं सेवी संस्था, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के जिलाधिकारी, पुलिस, सायबर सेल के अधिकारी एवं जिला प्रशासन के अधिकारी सम्बंधित विभिन्न विषयों पर परामर्श देंगे। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय कार्यशालों में लगभग 75 से 300 प्रतिभागियों (जिसमें 75 प्रतिशत बुजुर्ग, 15 प्रतिशत युवा व 10 प्रतिशत अन्य) की भागीदारी के अतिरिक्त जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य सदस्य की उपस्थिति रहेगी। इस दौरान बुजुर्गों का युवाओं से भी संवाद करवाया जाएगा।

# हाइवे पर तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई, चार दोस्तों की मौत

## दो को गंभीर हालत में हॉस्पिटल में भर्ती करवाया, कार के परखच्चे उड़े

■ **छह दोस्त अपने-अपने घर से बहाना करके निकले थे, हादसे से पहले गाड़ी में ही सभी ने शराब पार्टी की और रील्स बनाई, इसके बाद गाते-बजाते कार ड्राइव करने लगे, कुछ ही देर बाद हादसे का शिकार हो गए**

**श्रीगंगानगर**, (निसं)। सादुलशहर-हनुमानगढ़ स्टेट हाइवे पर तेज रफ्तार कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार सवार चार दोस्तों की मौत हो गई, जबकि दो को गंभीर हालत में हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। हादसा सादुलशहर-हनुमानगढ़ स्टेट हाइवे पर सादुलशहर (श्रीगंगानगर) से 20 किलोमीटर दूर खेरूवाला गांव के पास रात 10 बजे हुआ।

सादुलशहर थाने के एएसआई मनीराम ने बताया कि हादसा भीषण था। कार तेज रफ्तार से सफेदे के पेड़ से टकराई। हादसे में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। बाकी तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। इन्हें जिला हॉस्पिटल पहुंचाया गया। वहां इलाज के दौरान एक और युवक ने दम तोड़ दिया।

बताया जाता है कि पार्टी मनाने के लिए 6 दोस्त अपने-अपने घर से बहाना करके निकले। पहले इन लोगों ने कार में शराब पार्टी की। वीडियो बनाए। रील शेयर की। इसके बाद गाते-बजाते कार ड्राइव करने लगे। इसके कुछ ही देर बाद हादसे का शिकार हो गए।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, कार में सवार सभी युवक हनुमानगढ़ की ओर जा रहे थे। टक्कर इतनी तेज थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। घटना के बाद मौके पर जुटे लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने लोगों की मदद से मुश्किल से कार सवार युवकों को निकाला। मौके पर ही वजीर सिंह (30) पुत्र सोहन सिंह, सुखविंद्र सिंह (21) पुत्र जीवन सिंह, बलविंद्र सिंह (18) पुत्र बाबूराम की मौत हो गई थी। कुलविंद्र सिंह (23) पुत्र सतनाम सिंह ने इलाज के दौरान हॉस्पिटल में दम तोड़ दिया। हादसे में जान गंवाने वाले वजीर सिंह, सुखविंद्र सिंह, बलविंद्र सिंह, कुलविंद्र सिंह प्राइवेट काम करते थे। सुरेंद्र कुमार (20) पुत्र बाबूराम और गगनदीप सिंह (20) गंभीर रूप से घायल हैं। इनका इलाज जिला हॉस्पिटल में चल रहा है। ये दोनों कॉलेज स्टूडेंट हैं। सभी युवक सादुलशहर थाना क्षेत्र के चक सोहनेवाला और तख्तहजारा के हैं। चार युवकों की मौत से चक सोहनेवाला, तख्तहजारा और गदरखेड़ा गांवों में मातम पसरा है। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए मॉर्च्युरी में रखवाया है।

हादसे से कुछ देर पहले कार ड्राइव कर रहे युवक वजीर सिंह ने अपने इंस्टाग्राम पर स्टोरी भी लगाई थी। इसमें वह गाड़ी चला रहा है और हाथ में शराब की बोतल भी है। कार में सवार युवक शराब की बोतलें लहराते और हंसी-ठिठोली करते नजर आ रहे हैं। पुलिस यह मानकर चल रही है कि नशे में गाड़ी चलाने के कारण हादसा हुआ है। सुखविंद्र सिंह (मृतक) ने अपने चाचा गुलराज सिंह से कहा था कि दोस्त वजीर सिंह की कार की सर्विस करवाने के लिए हनुमानगढ़ जा रहे हैं।

# हादसे में नानी व दोहिता की मौत, नाना घायल

## बाइक पर जा रहे परिवार के तीन लोगों को ट्रक ने चपेट में लिया

**जोधपुर**, (कासं)। पारिवारिक कार्य से मोगड़ाकलां से बोरानाडा की तरफ से बाइक पर जा रहे परिवार के तीन लोगों को ट्रक चालक ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक सवार नानी दोहिता की मौत हो गई जबकि नाना बुरी तरह घायल हो गए, जिनका मथुरादास माथुर अस्पताल में उपचार जारी है। इस बारे में बोरानाडा थाने में मृतका के भाई की तरफ से मामला दर्ज कराया गया है। मामले में पुलिस द्वारा अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है।

बोरानाडा थाने के एएसआई लक्ष्मण सिंह ने बताया कि मोगड़ा कलां के रहने वाले अमरदास वैष्णव, उनकी पत्नी 43 वर्षीय मनीषा और दोहिता दो साल का निखिल बाइक पर सवार होकर मोगड़ाकलां से बोरानाडा की तरफ जा रहे थे। जब यह लोग बाइक लेकर सालावास रोड पीपली चौराहा के पास में पहुंचे तब एक ट्रक के चालक ने उन्हें चपेट में ले लिया। हादसे में अमरदास की पत्नी मनीषा और दोहिते निखिल की मौके पर ही मौत हो गई। खुद अमरदास वैष्णव बुरी तरह घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

घटना के बाद ट्रक का चालक मौके से फरार हो गया। एएसआई लक्ष्मणसिंह ने बताया कि ट्रक चालक के नंबर के आधार पर उसकी तलाश जारी है। घटना में मृतका के भाई सोनाइलावा रोहिट पाली निवासी मदनदास की तरफ से ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दी गई है। शवों को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द किया गया। मामले में अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है।

**बदमाशों ने घरों के बाहर खड़ी गाड़ियों के शीशे तोड़े :** भरतपुर, में देर रात्रि को मथुरा गेट थाना क्षेत्र में बदमाशों ने घरों के बाहर खड़ी कई गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए। सीसीटीवी फुटेज में दो मोटरसाइकिल पर सवार चार-पांच अज्ञात व्यक्ति मुंह पर कपड़ा लपेटकर पत्थर मारते हुए दिखाई दे रहे हैं।

# नीट में 10-10 नंबर पाने वालों को भी वेटरनरी कोर्स में दे दिया एडमिशन

■ **वेटरनरी में एडमिशन के लिए नीट में 162 नंबर लाना जरूरी था, बीवीएससी-एएच की प्रवेश प्रक्रिया में धांधली सामने आई**

**बीकानेर**, (निसं)। यहां पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय ने बिना नीट क्वालीफाई किए ही 10-10 नंबर पाने वाले छात्रों को प्रवेश दे दिया। वेटरनरी में एडमिशन के लिए नीट में 162 नंबर लाना जरूरी था। प्रवेश पाने वाले छात्र वेटरनरी डॉक्टर की पढ़ाई भले ही कर रहे हैं, लेकिन वीसीआई (भारतीय पशु चिकित्सा परिषद्) के अनुसार, ऐसे एडमिशन अमान्य हैं। ऐसे में पांच साल बाद पासआउट होने के बाद भी इन छात्रों का वीसीआई में रजिस्ट्रेशन नहीं होगा। प्रदेश में तीन सरकारी कालेजों के अलावा 8 निजी वेटरनरी कालेज हैं। ये सभी कालेज राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय बीकानेर (राजुवास) के अधीन हैं। प्रत्येक कालेज में सौ सीटें हैं। राजुवास ने आदेश में स्पष्ट कहा था कि बीवीएससी-एएच में दाखिले के लिए नीट 2024 परीक्षा में क्वालीफाई होना जरूरी है।

वीसीआई ने बीवीएससी-एएच में प्रवेश के लिए नियम तय कर रखे हैं। इनकी पालना के लिए अगस्त 2024 में दो बार पत्र भी भेजा गया था। आदेश में था कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 में सिर्फ नीट क्वालीफाई करने वाले छात्रों को ही प्रवेश दिया जाए। हालांकि राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय बीकानेर ने काउंसलिंग में नियमों को दरकिनार कर दिया। बीवीएससी-एएच पाठ्यक्रमों में नीट-2024 क्वालीफाई नहीं करने वाले छात्रों को प्रवेश दिया गया। ऐसे छात्रों की संख्या करीब 350 है। कई छात्र ऐसे हैं जिनके नंबर सौ से कम हैं। इससे नीट क्वालीफाई करने वाले पात्र छात्र प्रवेश से वंचित रह गए।

समित शर्मा, सचिव पशुपालन विभाग का कहना है कि वीसीआई के नियमों के अनुसार नीट क्वालीफाई करने पर ही एडमिशन होता है। नियमों की पालना नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी। सही और पारदर्शी प्रवेश व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

# नाबालिग के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

**चिड़ावा**, (निसं)। थाना क्षेत्र से एक नाबालिग लड़की के अपहरण का मामला सामने आया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी अमित कुमार उर्फ लक्खन को गिरफ्तार कर लिया है।

पीड़िता के पिता की शिकायत के अनुसार, घटना रात करीब ग्यारह बजे की है। परिवार के सभी सदस्य खाना खाकर चौक में लेटे थे। उनकी पुत्री टीवी बंद करके बाहर गई। काफी देर तक वापस नहीं आने पर परिवार ने उसकी तलाश की। आसपास पूछताछ करने पर भी कोई जानकारी नहीं मिली। देवेंद्र सिंह राजावत आरपीएस (कार्यवाहक पुलिस अधीक्षक) के मार्गदर्शन में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की। कांस्टेबल अमित सिहाग को सूचना मिली कि आरोपी और पीड़िता झुंझुनू के आसपास हैं। पुलिस ने आसपास से दोनों को बरामद किया। पीड़िता का मेडिकल कराया गया और उसके बयान दर्ज किए गए। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई में थानाधिकारी आशाराम गुर्जर के नेतृत्व में उप-निरीक्षक तारा चंद, कांस्टेबल भीमकौर, अमित सिहाग, अमित डाटिका, बाबूलाल और महिला कांस्टेबल रोशनी की टीम शामिल थी।

# भीलवाड़ा में छेड़छाड़ से माहौल गरमाया

**भीलवाड़ा**, (निसं)। आसींद क्षेत्र के जबरकिया ग्राम में हिंदू लड़की के साथ मुस्लिम युवकों द्वारा छेड़छाड़ को लेकर गरमाए माहौल के बीच आक्रोशित भीड़ ने बाइकों को आग लगा दी। ग्रामीण भेरू लाल ने आसींद थाने में सूचना दी। पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और मुस्लिम संप्रदाय के युवाओं को पुलिस के हवाले कर दिया।

# अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**चिड़ावा**, (निसं)। थाना पुलिस ने अवैध देशी शराब की तस्करी में लिप्त एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। यह कार्यवाही गांव नारी से अंडरपास होते हुए अरडावता जाने वाले रास्ते पर की गई। पुलिस ने मौके से देशी शराब के 48 पव्वे तथा एक मोटरसाइकिल जब्त की है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति गांव नारी के पास अंडरपास के समीप, अरडावता मार्ग पर एक काली रंग की मोटरसाइकिल पर देशी शराब के साथ खड़ा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम तुरंत रवाना हुई। पुलिस टीम जब बताई गई लोकेशन पर पहुंची, तो वहां एक व्यक्ति काली बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल पर बैठा मिला, जिसके आगे प्लास्टिक का कट्टा रखा हुआ था। पुलिस को देखकर वह भागने लगा, लेकिन टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम कमल पुत्र बजरंगलाल जाट बताया।

# 92 लाख के गबन मामले में फरार बैंक मैनेजर गिरफ्तार

**टोंक**, (निसं)। घाड़ थाना पुलिस ने तीन साल पहले भरनी स्थित स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के बैंक मैनेजर को पद पर रहते हुए 92 लाख रुपयों से ज्यादा की राशि का गबन करने के आरोप में गिरफ्तार किया है, आरोपी 2 साल से फरार था। घाड़ थाना प्रभारी हरिराम वर्मा ने बताया कि आरोपी पुष्पेंन्द्र तोगड़ा पुत्र मिठ्ठूलाल जाट निवासी माधोगंज थाना मेहंदवास हाल प्लाट नंबर 5 कैप्टन कॉलोनी जयपुर रोड टोंक को गत साल भरनी स्थित स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया में बैंक मैनेजर पद पर रहत हुए बैंक खातों में समूहों आदि।


**Govind Guru Tribal University, Banswara (Raj.)**

No. :- 137 — Date :- 26/05/2025

**Notice Inviting Bid**

Bids for rate Contract for various goods/services/work are invites from interested bidder. Other particulars of the bid may be visited on **https://sppp.rajasthan.gov.in eproc.rajasthan.gov.in** the approximate value/particulars are given below.

| Sr. | Name of work | Amt. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | Answer Book | 20000000 | GTU2526GLOB00008 |
| 2 | Manpower | 15900000 | GTU2526GLOB00015 |

Raj.Samwad/C/25/3083 — Registrar

**Office of the Superintendent Engineer and Project Manager WCDC, Karauli**

No. :- 405 — Date :- 23/05/2025

**NOTICE INVITING BID**
**NIB No. : 08/2025-26**

Bids for PT, MPT, Ardhn Check Dam, Talai, LSCD, Talab Etc work Project PMKSY2.0 Block – Karauli of estimated value INR 61.525 Lacs [ 01 Package] are invited from interested bidders up to 06.00 PM, 22-05-2025, Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal **(https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in/)** of the state, departmental website.

NIB CODE:- WSC2526A0165, UBN NO- WSC2526WSRC00283

Raj.Samwad/C/25/3047 — Superintending Engineer and Project Manager

**नगर निगम ग्रेटर जयपुर**

(पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, टोंक रोड, जयपुर-15)

क्रमांक :- जसअ/2025/73 — दिनांक: 23.05.2025

**ई-निविदा सूचना सं. अधि0 अभि0 (मु0) 14/2025-26**

केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी विभागों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर निगम के पंजीकृत निविदादाताओं से बिड अधि0 अभि0 (मु0) से सम्बन्धित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्यो की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण नगर निगम ग्रेटर जयपुर की वेबसाईट www.jaipurmc.org.com, eproc.rajasthan.gov.in एवं State Public Procurement Portal Government of Rajasthan की वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in के UBN No:- JMC2526WSOB00609 पर देखी जा सकती है।

राज.संवाद/सी/25/3033 — अधिशाषी अभियन्ता (मु0), नगर निगम जयपुर (ग्रेटर)

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजलदेसर जिला चूरू (राज.)**

E-mail id:- raj.churu.bika@gmail.com — Phone number 01567-294504

क्रमांकः- न.पा.रा./2025-26/815 — दिनांकः- 20.05.2025

**Notice Inviting Bid**

Bid For 16 Works is invited for Intrested bidders upto 23-05-2025, 03:00 Pm Other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://sppp.raj.nic.in)
NIB CODE :- DLB2526A1293
UBN CODE :- DLB2526WSRC04696, DLB2526WSRC04699, DLB2526WSRC04704, DLB2526WSRC04708, DLB2526WSRC04710, DLB2526WSRC04712, DLB2526WSRC04714, DLB2526WSRC04715, DLB2526WSRC04717, DLB2526WSRC04721, DLB2526WSRC04729, DLB2526WSRC04731, DLB2526WSRC04735, DLB2526WSRC04736, DLB2526WSRC04737, DLB2526WSRC04738

राज.संवाद/सी/25/3060 — अधिशाषी अधिकारी

राजस्थान सरकार
**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, खण्ड सवाई माधोपुर**
राजकीय आयुर्वेद औषधालय के पास, सामान्य चिकित्सालय परिसर, सवाई माधोपुर
फोनः 07462-233169, email-eemhswm@gmail.com

क्रमांक-182 — दिनांक-09/05/25

**अल्पकालीन ई-टेन्डिरिंग निविदा सूचना 02/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत राज्य के स.माधोपुर व बूंदी में विभिन्न स्थानों पर रू. 520.00 लाख के 10 निर्माण कार्य/विद्युत कार्य हेतु राजस्थान सरकार के समकक्ष उपयुक्त श्रेणी में विद्युत कार्य/निर्माण कार्य हेतु सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणीके संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेब साईट www.dipronline.Org, http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेब साईट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता है।
UBN No.-MHS2526WSOB00915, MHS2526WSOB00916, MHS2526WSOB00917 MHS2526WSOB00918, MHS2526WSOB00919, MHS2526WSOB00921, MHS2526WSOB00922 MHS2526WSOB00923, MHS2526WSOB00925, MHS2526WSOB00926

DIPR/C/6319/2025 — अधिशाषी अभियन्ता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य खण्ड सवाई माधोपुर

**Rajasthan Skill and Livelihoods Development Corp.**

**Notice Inviting Online Bid**

Rajasthan Skill and Livelihoods Development Corporation (RSLDC) invites Bid online from the eligible bidders for Staffing at Block level at various blocks in Rajasthan. The details of Bid are as follows :

| Activity | Date & Time |
|---|---|
| Name of the work/project | "Selection of service provider for providing services of Manpower at Block Level for Various Skill Development Schemes to Rajasthan Skill and Livelihoods Development Corporation. |
| Date of issuance of tender document | 22.05.2025 |
| Last Date/Time for Submitting / uploading of offer/Bid | 12.06.2025 up to 6:00 PM |
| Last Date /Time for submitting original hard copy of Bid Security Demand Draft | 13.06.2025 up to 12:00 AM |
| UBN No. | SLD2526SLOB00002 |

Bid document and other related information may be downloaded from the websites: **www.sppp.rajasthan.gov.in, www.livelihoods.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in.** Interested Bidder/Agencies may apply through online **https://eproc.rajasthan.gov.in.**

Raj.Samwad/C/25/3051 — Managing Director, RSLDC

**जयपुर विकास प्राधिकरण**
इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004

क्रमांक: JDA/IT(1393836)/PURCHASE/LAPOTP/2025/D-82 — Date: 26.05.2025

**निविदा सूचना**
**NIB No. : JDA-IT-05:2025-26**
**UBN No. : JDA2526GLOB00181**

जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा "Procurement of High-End Laptops" के लिए ऑनलाईन बिड्स दिनांक 17.06.2025 को 03:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा बोली का ऑनलाईन आवेदन व भुगतान जविप्रा पोर्टल पर करने की अन्तिम तिथि 15.06.2025 को 05:00 बजे तक है। निविदा की अनुमानित लागत रू. 25.00 लाख है। निविदा बोली के दस्तावेजों का विस्तृत विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in and https://jda.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

निविदा में भाग लेने हेतु निविदादाता को अनिवार्य रूप से निम्न प्रक्रिया अपनानी होगी। :-

1. निविदा में भाग लेने एवं भुगतान जमा कराने हेतु निविदादाता को जविप्रा के Online Tender Participation पोर्टल https://jda.rajasthan.gov.in या http://sso.rajasthan.gov.in पर जविप्रा के सिंगल साईन ऑन के माध्यम से करना होगा।
2. राजस्थान सरकार के ई-प्रॉक्यूमेंट पोर्टल www.eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करनी होगी।

राज.संवाद/सी/25/3077 — सिस्टम एनालिस्ट

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजलदेसर जिला चूरू (राज.)**

E-mail id:- raj.churu.bika@gmail.com — Phone number 01567-294504

क्रमांकः- न.पा.रा./2025-26/782 — दिनांकः- 15.05.2025

**Notice Inviting Bid**

Bid for 01 Work is invited from interested bidders upto 05-06-2025, 03.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in)
NIB Code - DLB2526A1523
UBN Code – (DLB2526WSRC05328)

राज.संवाद/सी/25/3059 — अधिशाषी अधिकारी

**राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड**
(राजस्थान सरकार का उपक्रम) एसबीयू एण्ड पीसी- रॉक फॉस्फेट,झामरकोटड़ा, पी.ओ.- झामरकोटड़ा-313015,
E-mail: dineshsingh.rsmml@rajasthan.gov.in, Phone 7073471755

दिनांक :- 26/05/2025

**निविदा सूचना**

| निविदा संख्या एवं दिनांक | कार्य का विवरण |
|---|---|
| RSMM/PHOS/LAB/AAS/ 2025-26/62 Dated 23.05.2025 with due date of opening on 18.06.2025 | झामरकोटड़ा माईन्स, उदयपुर में थर्मो फिशर साइंटिफिक मेक (ए ए एस) परमाणु अवशोषण स्पेक्ट्रोफोटोमीटर के लिए ऑनसाइट व्यापक वार्षिक रख रखाव अनुबंध हेतु। धरोहर राशि 340000/- लाख, निविदा प्रपत्र मूल्य 6800/-, निविदा शुल्क रू. 590/- |

विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाईट www.rsmm.com/ www.sppp.rajasthan.gov.in, अथवा वरि. प्रबन्धक (लेब) से उपरोक्त पतें पर सम्पर्क करें।

राज.संवाद/सी/25/2987 — उप महाप्रबन्धक (का.एवं प्रशा.)

**उदयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान**

No. :- F-2(01)Acct/Contract/2025-26/51 - 53 — Date : 23/05/2025

**ई-निविदा संशोधन सूचना**

उदयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जारी ई-निविदा सूचना संख्याः 08/2025-26 के क्र.सं. -07 (प्राधिकरण खण्ड चतुर्थ में एजेन्सी के माध्यम से तकनीकी सहयोगी एवं साईट सुपरवाईजर उपलब्ध कराने का कार्य।(2025-26)) की तिथियों में निम्नानुसार संशोधन किया गया है, ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड एवं EMD, Tender Fee & Processing Fee Online दिनांकः 28/05/2025 को सांयः 6.00 बजे तक जमा की जा सकेंगे एवं दिनांकः 30/05/2025 को प्रातः 11.00 बजे तकनिकी बिड् खोली जावेगी। अन्य शर्ते यथावत रहेगी।

राज.संवाद/सी/25/3012 — अधिशाषी अभियन्ता-चतुर्थ, उदयपुर विकास प्राधिकरण

**कार्यालय उप वन संरक्षक, करौली ( राज. )**
( गद्का की चौकी करौली, Phone & Fax No. 07464, Email-def.kroli.forest@rajasthan.gov.in

**ई-निविदा बोली सूचना संख्या-02**

इस कार्यालय अधीन रेंज हिन्डौन अंतर्गत MJSA 2.0 प्रथम फेज योजनाअंतर्गत SMC WORKS CCT/MPT/TALAI/ECD/LSCD इत्यादि कराये जाने वाले कार्यों की निविदा आमंत्रित की गई है। अतः इच्छुक फर्म http://sppp.raj.nic.in एवं http://www.eproc.rajasthan.gov.in पोर्टल पर देख कर ऑनलाईन निविदाओं में बोली लगा सकते हैं।

| यू बी एन नम्बर | लागत लाखों में | जारी दिनांक | जमा व खोलने की दिनांक |
|---|---|---|---|
| UBN No FOR2526WSRC00250 | 31.23 | 16.05.2025 | 28.05.2025 |

DIPR/C/6410/2025 — ( सुमित बंसल ), उप वन संरक्षक, करौली

**कृषि अनुसंधान केन्द्र**
दाहोद रोड़, बोरवट फार्म, बाँसवाड़ा (राज.) 327001
(महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर)
Mo. No. 8112207969 / 9414389929 Mail ID: zdr_arsb@yahoo.com, Visit us : www.mpuat.ac.in

क्रमांक : एफ ( )/कृअके/2025-26/107-11 — दिनांक 26.05.2025

**निविदा सूचना (2025-26)**

कृषि अनुसंधान केन्द्र, बांसवाड़ा के लिये कृषि कार्य हेतु पंजीकृत संवेदक/ ठेकेदार से अपेक्षित अनुभव क्षमताओं के साथ मासिक कार्य / कार्यानुसार हेतु खुली निविदाएं बंद लिफाफों में आमन्त्रित की जाती है। पंजीकृत संवेदक/ठेकेदारों को तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग-अलग सील बन्द लिफाफों में देनी होगी। निविदा प्रारूप, सम्पूर्ण नियम एवं शर्ते विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mpuat.ac.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर सकते है। निविदा प्रारूप प्राप्ति की अन्तिम तिथि 06.06.2025 प्रातः 11.00 बजे तक रहेगी। उक्त निविदायें उसी दिन दोपहर 11.30 बजे तक जमा की जाकर मध्यान्ह 12.00 बजे कमेटी की उपस्थिति में खोली जावेगी। निविदा प्रारूप जमा करवाते समय कार्य के सामने वर्णित निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि जमा करवानी होगी।

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.) | धरोहर राशि (रू.) | निविदा शुल्क (रू.) |
|---|---|---|---|
| कृषि अनुसंधान केन्द्र, बोरवट फार्म, बांसवाड़ा पर कृषि कार्य ( 19 हेक्टर ) | 9,25,500/- | 20,000/- | 500/- |

संभागीय निदेशक अनुसंधान

राजस्थान सरकार
**कार्यालय अधिशाषी अभियंता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, खंड द्वितीय, जयपुर**
सी-ब्लॉक, बेसमेंट, स्वास्थ्य भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005 ( राज. )

क्रमांक : 248 — **ई-निविदा सूचना संख्या : 05/2025-26** — दिनांक : 9.5.25

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत जयपुर खंड कार्यालय मे 12 सिविल एवं 03 विद्युत कार्य हेतु कुल राशि रू. 680.15 लाख के उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग / राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत अनुभवी संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष किसी भी श्रेणी में पंजीकृत अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट निवदियें आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण DIPR की वेबसाईट www.dipronline.org, www.sppp.raj.nic.in, http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेब साईट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता है।

यू.बी.एन.नं.
1. MHS2526WSOB00920 2. MHS2526WSOB00924 3. MHS2526WSOB00927
4. MHS2526WSOB00928 5. MHS2526WSOB00929 6. MHS2526WSOB00931
7. MHS2526WSOB00932 8. MHS2526WSOB00934 9. MHS2526WSOB00935
10. MHS2526WSOB00936 11. MHS2526WSOB00937 12. MHS2526WSOB00939
13. MHS2526WSOB00941 14. MHS2526WSOB00942 15. MHS2526WSOB00943

DIPR/C/6353/2025 — अधिशाषी अभियंता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य खंड द्वितीय, जयपुर

**कार्यालय नगरपालिका रामगंजमण्डी जिला-कोटा (राज0)**

क्रमांक : न.पा.रा./2025/361 — दिनांक 23.05.2025

**ई-निविदा सूचना 02/2025-26**

नगरपालिका रामगंजमंडी द्वारा कार्यो हेतु पालिका में पंजीकृत एवं विभागों में AA,A,B, Class एवं उपयुक्त श्रेणी संवेदको से लिफाफा पद्धति/ई-निविदा पद्धति से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य की निविदा बेचे जाने की दिनांक 26.05.2025 से 08.06.2025 एवं अपलोड करने की दिनांक 26.05.2025 से 8.06.2025 सांय 6 बजे तक। ई.एम.डी./ निविदा शुल्क/प्रोसेसिंग फीस प्राप्त करने की तिथि : 9.06.2025 समय प्रातः 11.00 बजे तक। तकनीकी बिड खोलने कि दिनांक 9.05.2025 को दोप. 4.00 बजे बाद रहेगी। वित्तीय बिड तकनीकी परीक्षण उपरांत खोली जावेगी। निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण http//sppp.raj.nic.in, http//eproc.rajasthan.gov.in देखी जा सकती है।

| S.N. | NIB | UBN |
|---|---|---|
| 1 | DLB-2526A1674 | DLB2526WSOB05720 |
| 2 | DLB-2526A1674 | DLB2526WSOB05723 |
| 3 | DLB-2526A1674 | DLB2526WSOB05725 |
| 4 | DLB-2526A1674 | DLB2526WSOB05727 |
| 5 | DLB-2526A1674 | DLB2526WSOB05728 |
| 6 | DLB-2526A1674 | DLB2526WSOB05729 |
| 7 | DLB-2526A1674 | DLB2526WSOB05734 |
| 8 | DLB-2526A1674 | DLB2526WSOB05750 |
| 9 | DLB-2526A1674 | DLB2526WSOB05751 |
| 10 | DLB-2526A1674 | DLB2526WSOB05737 |
| 11 | DLB-2526A1674 | DLB2526WSOB05739 |
| 12 | DLB-2526A1674 | DLB2526WSOB05740 |
| 13 | DLB-2526A1674 | DLB2526WSOB05743 |

राज.संवाद/सी/25/2997 — अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रामगंजमण्डी

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता सा.नि.वि. खंड राजाखेडा**

क्रमांक : 182-196 — दिनांक : 14.05.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या : 02/2025-26**
**NIB code PWD2526A0565 and UBN is : PWD2526WSOB01708**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से खंड राजाखेडा जिला धौलपुर में सड़क एवं पुलिया मरम्मत कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों, राज्य सरकार के अन्य विभागों में पंजीकृत 'एए', 'ए', 'बी', 'सी' एवं 'डी' श्रेणी संवेदकों एवं केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के 'एए', 'ए', 'बी', 'सी' एवं 'डी' श्रेणी संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई-टेंडरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से संबंधित विवरण वेबसाईट www.eproc.dipronline.org व http://www.pwd.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

| क्र.सं. | मुख्यालय का नाम | : | कार्यालय अधिशाषी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खंड राजाखेडा |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदा का कार्य | : | पुलिया मरम्मत कार्य |
| 2. | निविदा की कुल लागत | : | रु. 17.25 लाख |
| 3. | निविदा शुल्क, प्रोसेंसिंग शुल्क एवं धरोहर राशि जमा कराने की प्रक्रिया | : | वित्त विभाग द्वारा जारी परिपत्र प.(5)/ वित्त/ साविलेनि/ 2018 दिनांक 27.04.2020 के अनुसार ई-ग्रास चालान पर ऑनलाइन एक ही चालान द्वारा निम्न बजट मद में जमा करानी है। 1) निविदा शुल्क 0075-00-800-52-01 2) प्रोसेंसिंग शुल्क 8650-00-102-(16)-(02) (निर्माण विभाग) (RISL Fees) 3) धरोहर राशि 8443-00-108-00-00 |
| 4. | निविदा आवेदन/डाउनलोड करने की तारीख (वेबसाइट पर) | : | दिनांक 15.05.2025 प्रातः 09.30 बजे दिनांक 26.05.2025 सायं 6.00 बजे तक |
| 5. | निविदा फार्म जमा कराने की तारीख (वेबसाइट पर) | : | दिनांक 15.05.2025 प्रातः 09.30 बजे दिनांक 26.05.2025 सायं 6.00 बजे तक |
| 6. | निविदा खोलने की तारीख (वेबसाईट पर) | : | दिनांक 27.05.2025 दोपहर 12.30 बजे |

DIPR/C/6480/2025 — ( सौरभ शर्मा ) अधिशाषी अभियंता, सा.नि.वि. खंड राजाखेडा

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता जन स्वा.अभि. विभाग, खण्ड बाडी**

NIB No.: 17/2025-26 — 14.05.2025

**निविदा सूचना**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से पी.डब्ल्यू.एफ. एंड ए.आर. पार्ट-II अपेण्डिक्स 16 दिनांक 01.07.1999 से लागू एवं समय-समय पर वित्त विभाग द्वारा जारी संशोधित परिपत्रों (आज तक) के अनुरूप विभाग में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों/सप्लायर्स एवं निवदा प्रपत्र में वांछित योग्यता रखतें हो, से इस कार्यालय की निविदा सं. 17/2025-26 के लिये मोहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा संख्या 17/2025-26 के निवदा प्रपत्र https://eproc.rajasthan.gov.in/ दिनांक 26.05.2025 को 06.00 पी.एम. तक डाउनलोड किए जा कर दिनांक 26.05.2025 को 06.00 पी.एम. तक ऑनलाइन जमा किए जाकर दिनांक 27.05.2025 को 12.00 पीएम पर टैक्नीकल बिड (तकनीकी बोली) खोली जावेगी।

| NIT No. | Name of work | Estimated Cost (Rs in Lacs) | Earnest Money in Rs. 2% | Earnest Money in Rs. 0.05% | MD RISL (in Rs) | Tender Fee (in Rs) | Period for completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| NIT 17/25-26 | 4 No. Construction and Commissioning of Solar Energy Based Bore Well Water Pumping Systems, with Storage Reservoir and PSP including Five Years Defect Liability in Division Bari District Dholpur | 29.23 | 58460 | 14615 | 500 | 1000.00 | 30 DAYS |
| NIB No.: | PHE2526A1097 | | | | | | |
| UBN: | PHE2526WSOB02309 | | | | | | |

Note: 1. If Holiday is declared on submission and/or opening date of tender the scheduled actvity will take place on next working day/If Procuring entity is not present on the submission and opening date of tender the scheduled activity will take place on day on which procuriing entity (HOO) is present.

नोटः- निविदा से संबंधित नियम एवं शर्तें, आदि कार्यालय समय में देखी जा सकती है।

DIPR/C/6478/2025 — (Deshraj Sing Gurjar) Executive Engineer PHED Division Bari

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल नापासर(बीकानेर)**
E-mail:- eonagarpalikanapasar@gmail.com

क्रमांक/न.पा.ना./स्वा./2025/393 — दिनांकः- 21.05.2025

**य:- ई-निविदा सुचना संख्या 07/2025-26**

नगर पालिका नापासर की ओर से 40 सफाई श्रमिक(25 पुरुष 15 महिला) 02 जमादार, 02 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, 02 चौकीदार, 08 वाहन चालक आपूर्ति कार्य पंजीकृत फर्म/संस्था पंजीकृत निविदादाताओं से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट Web site www.sppp.raj.nic.in से व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

निविदा की अनुमानित लागत :-78.00 लाख

| | | |
|---|---|---|
| 01. | मुख्यालय का नाम | नगर पालिका नापासर |
| 02. | निविदा का कार्य | 01. 40 सफाई श्रमिक(25 पुरुष 15 महिला); 02. 02 जमादार; 03. 02 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी; 04. 02 चौकीदार; 05. 08 वाहन चालक |
| निविदा की अनुमानित लागत | : | 78.00 लाख |
| ऑनलाईन निविदा फार्म मिलनें की तिथि | : | 26.05.2025 09.30 बजे से 04.06.202518:00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा फार्म जमा करानें की तारीख | : | 26.05.2025 09.30 बजे से 04.06.202518:00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलनें की तिथि | : | 05.06.2025 को 17.00 बजे |
| निविदा, प्रोसेसिंग, अमानत राशि की डीडी जमा करवाने की तारीख | : | 05.06.2025 को 15:00 बजे तक नगर पालिका नापासर कार्यालय में |

UBN Number : DLB2526SLOB05875

राज.संवाद/सी/25/3065 — अध्यक्ष, नगर पालिका नापासर — अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका नापासर

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण किशनगढ, अजमेर**

क्रमांक-निविदा/2025-26/110-15 — दिनांक-15/05/2025

**निविदा सूचना संख्या 02/2025-26 किशनगढ**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से अजमेर जिले में किशनगढ में पीएमकेएसवाय-2 योजना अन्तर्गत जलग्रहण विकास कार्य (NRM) को संपादन करने हेतु सक्षम श्रेणी में पजीकृत संवेदकों से निर्धाश्तर प्रपत्र में खुली ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in और www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. सं. | पंचायत समिति एवं योजना का नाम | कार्यों का नाम | अनुमानित लागत (लाखों में) | धरोहर राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र शुल्क (रूपये में) | प्रोसेसिंग शुल्क (रूपये में) | ऑनलाईन फार्म अपलोड व जमा/ डाउनलोड करने की दिनांक | धरोहर राशि निविदा शुल्क, प्रोसेसिंग फीस व निविदा प्रपत्र अपलोड कराने की अंतिम दिनांक | आनलाईन निविदा खोलने की दिनांक | NIB CODE | UBN SPPP CODE | EPROC TENDER ID |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Kishangarh Block | Recharge shaft, Tanka. CCT, Bank Stab. | 74.077 | 148155 | 1000 | 1000 | 16.5.2025 09.30 AM | 26.05.2025 06.00 PM | 27.05.2025 11.00 AM | WSC2526 A0134 | WSC2526 WSOB 00244 | 2025_WDSC _469115_1 |

(जय सिंह रावत) अधिशाषी अभियंता, जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण, किशनगढ अजमेर

## सूने मकान से लाखों रुपये के जेवरात सहित नकदी चोरी

■ पुलिस वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर रही है

**जयपुर** । चित्रकूट थाना इलाके में बदमाश सूने मकान का ताला तोड कर एक घर में घुसकर सोने-चांदी के जेवरात सहित नकदी चोरी कर ले गया। बताया जा रहा है कि वारदात के समय परिवार शहर से बाहर गया था और वापस घर लौटने पर वारदात पता चलने पर थाने में मामला दर्ज करवाया गया।

जांच अधिकारी एएसआई भंवर सिंह ने बताया कि चोरी की वारदात चित्रकूट के संजय नगर निवासी गगन गढ़वाल के घर हुई। जो 21 मई को वह परिवार सहित जयपुर से बाहर किसी काम से गए थे। पीछे से बदमाशों ने चोरी की मेन गेट का लॉक तोड़कर बदमाश घर के अंदर घुसे और अलमारी का लॉकर तोड़कर सोने की अंगूठी, टॉप्स, जंतर, चांदी के 13 सिक्के व 1.50 लाख रुपए चोरी कर ले गए। वापस लौटने पर लाखों रुपए के गहने-कैश चोरी होने का पता चला। चोरी की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सबूत जुटाए। पुलिस वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर रही है।

# कोर्ट स्टे के बावजूद ग्रीन नेट की आड़ में बन रही अवैध बिल्डिंग

## सांगानेर इलाके के ग्राम बुध्दसिंघपुरा स्थित रेनबो कॉलोनी का मामला

**जयपुर** । सांगानेर इलाके के ग्राम बुध्दसिंघपुरा स्थित रेनबो कॉलोनी में कोर्ट स्टे के बावजूद 30 फ़ीट की सड़क पर जीरो सेटबैक में अवैध निर्माण यथावत जारी हैं, जबकि जेडीए ट्रिब्यूनल ने जोन-9 प्रशासन को अवैध निर्माण पर नियमानुसार कार्रवाई करने और बिल्डिंग का फिनिशिंग वर्क रोकने के आदेश दिए थे। उधर भूखंड मालिक ग्रीन नेट तानकर रातोंरात बिल्डिंग बनाने में लगा है। स्थानीय लोगों ने अब इस मामले की शिकायत यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा से भी की है।

गौरतलब है कि जेडीए की प्रवर्तन शाखा ने भी अवैध निर्माणकर्ता को धारा 32-33 के नोटिस जारी किये थे, लेकिन कार्रवाई के बजाय सिर्फ लीपापोती करने में जुटे हैं।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि जेडीए टीम कई बार मौके पर आयी, लेकिन ऊँचे रसूख के आगे नतमस्तक होकर बैरंग होकर लौट गई। उधर भूखंड मालिक ग्रीन नेट तानकर रातोंरात बिल्डिंग बनाने में लगा है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक रेनबो कॉलोनी में प्लाट न. 5-6 में अवैध निर्माण किया जा रहा था, जिस पर



जेडीए ने 28 अप्रैल को भूखंड मालिक को नोटिस जारी किया था। इसमें लिखा कि तीन मंजिला निर्माण बिना सेटबैक के चल रहा है। जेडीए बायलॉज के उलंघन होने की वजह से निर्माण पूर्णत: अवैध है। इस नोटिस में जेडीए ने 7 दिन का समय दिया, परन्तु इसके बाद कोई कार्रवाई नहीं की। इस मामले की शिकायत कॉलोनी निवासियों ने जेडीए ट्रिब्यूनल में की, जहाँ अदालत ने मई में इस भूखंड की भौतिक स्थिति को यथावत रखने और निर्माण कार्य व फिनिशिंग वर्क न करने के लिए कहा था। परन्तु इसके बाद भी निर्माण कार्य बदस्तूर जारी है।

## एसडीआरएफ बटालियन ने आपदा के लेकर कराई मॉक ड्रिल

**जयपुर**। हवाई हमले व आपदा के मध्यनजर एसडीआरएफ ने जन जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत जन जागरुकता कार्यक्रम के तहत सात स्थानों पर हवाई हमले और आपदा को मध्यनजर रखते हुए सात स्थानों पर मॉक ड्रील करवाई। एसडीआरएफ बटालियान, मुख्यालय गाडोता,मौजमाबाद के नेतृत्व में इस मॉक ड्रील का आयोजन किया गया।

एसडीआरएफ जयपुर के कमाण्डेंट राजेद्र सिसोदिया ने कि राज्य आपदा प्रतिसाद बल,राजस्थान की रेस्क्यू टीमों के तत्वावधान में लगातार राज्य के महत्वपूर्ण ,सार्वजनिक ,राजकीय स्थानों,महाविद्यालयों,तीर्थं स्थलों,उद्योगों,रेलवे स्टेशनों,बस अड्डों,हवाई अड्डों,अस्पतालों इत्यादि स्थानों पर स्थानीय प्रशासन के साथ संयुक्त कार्रवाही करते मॉक ड्रील एव जन जागरुकता कार्यक्रमों का सात स्थानों पर आयोजन किया गया।

जिसमें नागरिकों को किसी भी आपदा या हवाई हमलों की स्थिति में तैयार रहने एवं उपयोग में ली जाने वाली आवश्यक कार्यवाहियों के बारे में जागरुक किया गया। एसडीआरएफ टीम ने 7 मई से लेकर अब तक 30 मॉक ड्रील तथा 175 जन जागरुक कार्यक्रमों का आयोजन कर चुकी है। जो अभी तक निरंतर जारी है।

## सार-समाचार

### मरीज के परिजन की जेब से पैसे चोरी करने वाले दो गिरफ्तार




**जयपुर**। एसएमएस अस्पताल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अस्पताल के सामने योजना बनाकर मरीज के परिजन की जेब से पैसे चोरी करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से चुराए गए रुपये भी जब्त किए गए है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि एसएमएस अस्पताल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अस्पताल के सामने योजना बनाकर मरीज के परिजन की जेब से पैसे चोरी करने वाले संतोष और रामकिशन उर्फ गेंडा को गिरफ्तार किया है और दोनो ही आरोपित खानाबदोश दुर्गापुरा जयपुर के रहने वाले है। दोनों ही आरोपियों के खिलाफ जयपुर और कोटा के कई थानों में आपराधिक मामले दर्ज है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चुराए गए चालीस हजार रुपये भी बरामद किए है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि एसएमएस अस्पताल में मरीजों को दिखाने आए परिजनों की रैकी कर उनका पीछा करते है । गैंग का एक व्यक्ति परिजनों के आगे और पीछे रहता । आगे वाला व्यक्ति कुछ सामान सड़क पर गिरा कर परिजनों का रास्ता अवरुद्ध करता है और दूसरा पीछे वाला व्यक्ति उनकी जेब से पैसे निकाल कर फरार हो जाता है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

### धारदार हथियार लेकर घूमते दो बदमाशों को धर-दबोचा



**जयपुर**। भट्टा बस्ती थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध धारदार हथियार लेकर घूमते दो बदमाशों को धर-दबोचा है और उनके पास से धारदार चाकू और छुरा भी बरामद किया है। दोनों ही नशा करने के आदि है और नशा पूर्ति के लिए नकबजनी और स्नेचिंग की वारदात करते है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत भट्टा बस्ती थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध धारदार हथियार लेकर घूमते सोहेल और जाहिद हुसैन को गिरफ्तार किया है और दोनों ही आरोपित चांदपोल बाजार जयपुर के रहने वाले है। जिनके पास से धारदार चाकू और छुरा जब्त किया है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

### गोल्डन वॉइस ऑफ राजस्थान'' का ग्रैंड फिनाले सम्पन्न




**जयपुर**। आराधना म्युजिकल ग्रुप और जय क्लब के संयुक्त तत्वावधान में बहुप्रतीक्षित ''गोल्डन वॉइस ऑफ राजस्थान'' प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले समारोहपूर्वक सम्पन्न हुआ। इस आयोजन में विभिन्न वर्गों के उभरते गायकों ने अपनी सुरों की प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि के रूप में अवधेश कुमार, प्रिंसिपल डायरेक्टर, इनकम टैक्स (इन्वेस्टिगेशन) ने समारोह की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम में के फाउंडर अभिषेक माथुर, प्रेजिडेंट भारत जोशी, तथा संरक्षक राजीव कुमार , संजीव जैन जी , सतीश सरीन जी ,मनोज दासोत जी अजय फाटक जी , सुनील जैन अक्षत बिल्डर्स , कपिल मित्तल सरस कृपा केटरिंग ने सभी आये है स्पेशल गेस्ट , गेस्ट ऑफ ऑनर एवम सभी श्रोताओं का आभार प्रकट किया।

### ''मस्ती की पाठशाला'' में बच्चों ने लिया आध्यात्मिक आनंद



**जयपुर**। श्री जैन रत्न युवक परिषद, जयपुर के तत्वावधान में धार्मिक शिक्षण एवं नैतिक संस्कार शिविर के अंतर्गत रामबाग स्थित निजी विद्यालय में ''मस्ती की पाठशाला'' का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों के आध्यात्मिक, मानसिक व शारीरिक विकास के साथ-साथ उन्हें नैतिक मूल्यों की शिक्षा देना रहा। कार्यक्रम प्रभारी पीयूष जैन ने बताया कि कार्यक्रम में जुंबा, योग, ध्यान, मेडिटेशन और मैजिक शो जैसी गतिविधियों के माध्यम से बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। इस आयोजन में जयपुर के विभिन्न क्षेत्रों से आए 13 शिविरों के लगभग 600 बच्चों, शिक्षकों एवं संयोजकों ने भाग लिया। बच्चों को अच्छे योग प्रदर्शन के लिए पुरस्कार भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने अत्यंत आनंद और मस्ती की अनुभूति की। एक ही स्थान पर इतने शिविरों का समागम अपने आप में अद्भुत, अकल्पनीय और अत्यंत प्रशंसनीय रहा। कार्यक्रम की विशेष प्रस्तुति में प्रसिद्ध गायिका डॉ. सीमा दफ्तरी का योगदान सराहनीय रहा, जिन्होंने अपने संगीत से बच्चों को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान की। परिषद के अध्यक्ष सुनील कोठारी ने बताया कि गर्मी की छुट्टियों में जयपुर शहर के विभिन्न13 स्थानों पर धार्मिक एवं नैतिक शिविरों का आयोजन किया जा रहा है जिनमें लगभग 700 बच्चे अध्ययन के लिए आ रहे हैं। इन शिविरों में बच्चों को धार्मिक शिक्षा के साथ-साथ नैतिक और संस्कारों की शिक्षा भी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि लगातार 30 वर्षों से ये शिविर जयपुर शहर के विभिन्न स्थानों परआयोजित किए जा रहे हैं।

### ई-रिक्शा चालक ने पेश की ईमानदारी की मिसाल



**जयपुर**। राजधानी जयपुर में एक ई-रिक्शा चालक ने ईमानदारी की मिसाल पेश करते हुए सवारी द्वारा छोडे गए मोबाइल को संजय सर्किल थाना पुलिस को सुपुर्द किया। वहीं पुलिस ने तकनीकी आधार पर मोबाइल मालिक का पता कर मोबाइल उसके सुपुर्द किया। जहां थानाधिकारी ने ई-रिक्शा चालक की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद और शाबाशी दी।

## पचास लाख रुपए लेकर भागे नौकर पति-पत्नी गिरफ्तार



**सिंधी कैंप थाना पुलिस ने घर से पचास लाख रुपए जेवरात सहित नकदी लेकर भागे नौकर पति-पत्नी को बिहार के मधुबनी से गिरफ्तार कर लिया है।**

**जयपुर**। सिंधी कैंप थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घर से पचास लाख रुपए जेवरात सहित नकदी लेकर भागे नौकर पति-पत्नी को बिहार के मधुबनी से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने चोरी किए गए सोने, चांदी, हीरे के गहने और नगदी भी जब्त की है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम)अमित कुमार ने बताया कि सिंधी कैंप थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घर से पचास लाख रुपए जेवरात सहित नकदी लेकर भागे नौकर दिनेश कुमार (22) निवासी धनौजा मधुबनी (बिहार) और उसकी पत्नी चुन्नी उर्फ आरती को बिहार के मधुबनी उनके गांव से पकडा है। साथ ही चोरी का माल सोने के विभिन्न गहने हीरे जवाहरात, जिसकी कीमत करीब पचास लाख रुपए है। 2 लाख 60 हजार 400 रूपए नगद और दो विदेशी मुद्रा बरामद की है। इस संबंध में पीड़ित राजेन्द्र बाकलीवाल ने थाने में 16 मई को मामला दर्ज करवाया था कि उनके घर पर काम करने वाले दो नौकर जेवरात लेकर फरार हो गए हैं। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज करते लोकेशन के आधार पर आरोपियों को उनके गांव से गिरफ्तार किया है।

## रिश्तेदार ने की एक नाबालिग लड़की से छेड़छाड़

**जयपुर**। चित्रकूट थाना इलके में रिश्तेदार ने एक नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है।

बताया जा रहा है कि सोते समय आरोपी रिश्तेदार ने अश्लील हरकत की। विरोध कर शोर मचाने पर जागे परिवार ने नाबालिग बेटी को बचाया। इस संबंध में नाबालिग पीड़िता के पिता ने आरोपी रिश्तेदार के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस के अनुसार करधनी के रहने वाले युवक ने मामला दर्ज करवाया है कि रिश्तेदार होने के कारण एक-दूसरे के घर पर परिवार का आना-जाना है।

आरोप है कि 22 मई की रात आरोपी रिश्तेदार शराब पीकर सो गया और देर रात उठकर उसकी नाबालिग बेटी के साथ अश्लील हरकत की।

सोते हुए छेड़छाड़ करने पर नाबालिग बेटी नींद से जाग गई। उठने पर नाबालिग बेटी से विरोध कर शोर मचाया। नाबालिग बेटी के चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजन जाग गए। परिजनों ने आरोपी रिश्तेदार के चंगुल से नाबालिग बेटी को बचाया। इस संबंध में नाबालिग पीड़िता के पिता ने आरोपी रिश्तेदार के खिलाफ मामला दर्ज करवाया।

# चौगान स्टेडियम का नाम बदलकर भंवरलाल शर्मा के नाम का प्रस्ताव पारित

## जयपुर सांसद मंजू शर्मा के प्रस्ताव पर सभी पक्ष और विपक्ष के पार्षदों के दी सहमति

**जयपुर**। नगर निगम हेरिटेज जयपुर की चौथी साधारण सभा झालाना स्थित आर आई सी सेंटर में आयोजित हुई। इस दौरान हेरिटेज निगम महापौर कुसुम यादव की अध्यक्षता में महापौर और पार्षदों द्वारा लिए गए सभी प्रस्ताव पूर्ण बहुमत के साथ पास हो गए। हालांकि इस दौरान विपक्ष के पार्षदों ने कुछ मुद्दों पर महापौर को घेरना चाहा, उन्होंने वैल में आकर हंगामा किया लेकिन महापौर कुसुम यादव ने बहुमत के साथ प्रस्ताव पास कर दिए। इनमें छह प्रस्ताव बैठक में लिए गए थे, इनके अतिरिक्त जयपुर सांसद मंजू शर्मा, विधायक गोपाल शर्मा और पार्षद पूनम शर्मा, अंशु शर्मा, धीरज शर्मा और पवन शर्मा नटराज ने भी अन्य प्रस्ताव दिए थे। जिन्हें भी बहुमत के साथ पारित कर दिया गया। कांग्रेस पार्षद गत बैठक में पास किए गए प्रस्तावों पर चर्चा कराना चाहते थे।

जयपुर सांसद मंजू शर्मा ने साधारण सभा में चौगान स्टेडियम का नाम बदल कर पूर्व मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता रहे पंडित भंवर लाल शर्मा के नाम पर करने का प्रस्ताव दिया। जो कि बहुमत से पास हुआ।

इसी तरह विधायक गोपाल शर्मा ने खासा कोठी पुलिया का नाम अमरपुरा करना प्रस्ताव दिया, जिसे भी पास कर दिया। पार्षद पूनम शर्मा ने पार्षदों को रियायती दर पर आवासीय भूखंड उपलब्ध कराने का प्रस्ताव दिया, जिसे भी पास किया गया। वहीं, धीरज शर्मा ने परकोटे से सटे अतिक्रमण और चारदीवारी में हो रहे अतिक्रमण को हटाने का प्रस्ताव दिया, जिसे ध्वनिमत से पास कर दिया।

इसके अलावा पार्षद अंशु शर्मा ने हेरिटेज निगम क्षेत्र में अहिल्या बाई होलकर की 300 वीं जयंती पर उनकी मूर्ति स्थापना करने का प्रस्ताव पास दिया, जिसे पारित किया गया।

पार्षद पवन शर्मा नटराज ने राजस्व बढ़ाने और स्वच्छता में अग्रणी रहे, इसके लिए देश के खूबसूरत शहरों में पार्षद और निगम अधिकारियों का एक दल ट्रेनिंग भ्रमण पर भेजने के प्रस्ताव दिया। जिस पर चर्चा नहीं हो पाई।

# रीको के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में भूखण्डों का ई-नीलामी द्वारा आवंटन

**जयपुर**। रीको इकाई कार्यालय जयपुर (उत्तर), जयपुर (दक्षिण), जयपुर (ग्रामीण) व ईपीआईपी सीतापुरा के अधीन विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में वाणिज्यिक, होटल, नर्सिंग होम व आवासीय भूखण्डों का ई-नीलामी के माध्यम से आवंटन किया जा रहा है। के.के. कोठारी, वरि. उप महाप्रबंधक ने बताया कि जयपुर के 12 औद्योगिक क्षेत्रो में 11 आवासीय भूखण्ड एवं 27 गैर औद्योगिक भूखण्ड ई-नीलामी के माध्यम से आवंटन हेतु उपलब्ध है।

औद्योगिक क्षेत्र झोटवाडा विस्तार (प्रथम चरण) में 1 भूखण्ड नर्सिंग होम, 1 वाणिज्यिक भूखण्ड, विष्वकर्मा विस्तार में 2 वाणिज्यिक भूखण्ड, 3 आवासीय भूखण्ड, अपैरल पार्क औद्योगिक क्षेत्र में 1 वाणिज्यिक भूखण्ड, औद्योगिक क्षेत्र बस्सी में 1 डिस्पेंसरी भूखण्ड, औद्योगिक क्षेत्र कूकस में 2 आवासीय भूखण्ड, बगरू विस्तार द्वितीय चरण में 2 आवासीय भूखण्ड, 1 संस्थानिक भूखण्ड, 2 वाणिज्यिक भूखण्ड, औद्योगिक क्षेत्र कांट कालवाड विस्तार में 2 होटल हेतु भूखण्ड, बगरू विस्तार में 1 वाणिज्यिक भूखण्ड, 1 नर्सिंग होम, औद्योगिक क्षेत्र दूदू में 1 वाणिज्यिक भूखण्ड, औद्योगिक क्षेत्र बिन्दायका हेतु 2 वाणिज्यिक भूखण्ड, औद्योगिक क्षेत्र सीतापुरा-तृतीय चरण हेतु 4 आवासीय भूखण्ड, 5 वाणिज्यिक भूखण्ड, 1 संस्थानिक भूखण्ड, 1 होस्पिटल भूखण्ड, एवं औद्योगिक क्षेत्र रामचन्द्रपुरा में 4 वाणिज्यिक भूखण्ड ई-नालीमी के माध्यम से आवंटन हेतु उपलब्ध है।

वाणिज्यिक भूखण्डों में कामर्शियल कॉम्पलेक्स, मॉल, होटल, सिनेमा, मल्टीप्लेक्स, वेयर हाउसिंग, पेट्रोल पंप, वे ब्रिज आदि कार्य किये जा सकते है।

रीको द्वारा राज्य के औद्योगिक क्षेत्रों में कुल 379 गैर औद्योगिक भूखण्ड ई-नीलामी के माध्यम से आवंटन हेतु उपलब्ध है। जिनमें 165 व्यावसायिक, 20 अस्पताल / नर्सिंग होम / डिस्पेन्सरी, 13 होटल, 133 आवासीय / ग्रुप हाउसिंग, 11 पेट्रोल पंप / सीएनजी स्टेशन, 5 स्कूल एवं 21 संस्थानिक श्रेणी के भूखण्ड है।

## मुरली ग्रीन्स में आधी-अधूरी कार्रवाई, द्वारका सिटी को छोड़ा

**जयपुर**। जयपुर विकास प्राधिकरण ने कपूरावाला, पवालिया, अजयराजपुरा, किशोरपुरा में अवैध कालोनियों पर कार्रवाई की शुरूआत तो की है लेकिन आधी अधूरी कार्रवाई करके छोड़ दी।

जोन-11 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम खातीपुरा, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर में करीब 10 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के भूमि को समतल कर ''मुरली ग्रीन्स'' के नाम से बनाई गई कॉलोनी पर जेडीए का पीला पंजा चलाया।

ग्रेवल पर बनी हुई सड़क खोद दी लेकिन चारदीवारी को यथावत छोड़ दिया गया। चारदीवारी यथावत छोड़ने के कारण लोगों को यहां जेडीए की कार्रवाई का पता ही नहीं लग पा रहा है। कार्रवाई हुई है या नहीं। डवलपर इसका फायदा उठा कर प्लाटों का खरीद बेचान कर रहे हैं।

जोन 11 का कपूरावाला-पवालिया, अजयराजपुरा, किशोरपुरा, महिन्द्रा सेज के आसपास भू माफियों का पंसदीदा क्षेत्र बना हुआ है। इन इलाकों में अवैध रुप से बस रही कॉलोनियों में जमीनों के भाव दस से बारह हजार रुपए प्रति वर्गगज है जबकि जेडीए एप्रूव्ड कॉलोनियों में भाव 17 से 22 हजार रुपए तक है।

महिन्द्रा सेज में आने वाले अजयराजपुरा कलवाड़ा ग्राम में 160 फीट सड़क पर बेहताशा कॉलोनी काटी जा रही है। इसी जगह 62 बीघा में द्वारका सिटी के नाम से अवैध कालोनी बसाई जा रही है। इसमें ग्रेवल सड़क बना कर स्कीम बना दी है। अब दलालों के जरिए प्लाटों की सौदेबाजी की जा रही है। इस कॉलोनी के 160 फीट पर होने के सपने दिखा कर धड़ाधड़ प्लाट बेचे जा रहे है।

इस अवैध स्कीम बसाने वाले भू कारोबारियों का जमीन के काश्तकार से भी विवाद बना हुआ है।

सांगानेर के ग्राम किशनपुरा उर्फ खातीपुरा पटवार हल्का कपूरावाला में कृषि भूमि खाता संख्या 144 में वर्णित आराजी खसरा नंबर 549, 550, 551, 555, 556 557, 558, 559, 560, 561, 562 कुल किता 11 कुल रकबा 4.37 हैक्टेयर भूमि में यह स्कीम काटी जा रही है। अवैध कॉलोनी काटी गई है, वह भी जेडीए से बिना मंजूरी और लैंड कंवर्जन कराए बिना ही। भू-माफिया मुरली ग्रीन्स के नाम से के नाम से यह अवैध कॉलोनी बसा रहे हैं।

# अंतिम दिन भोजन के अधिकार को मजबूत करने पर हुई चर्चा

## संघर्ष के संकल्प के साथ सम्पन्न हुआ रोज़ी रोटी अधिकार अभियान का 8वां राष्ट्रीय सम्मेलन

**जयपुर**। मणिपुर हो, बस्तर हो या फिलिस्तीन में गाज़ा, इन सब स्थानों पर दंगे, युद्ध और नरसंहार से पीड़ित आम नागरिक की स्वतंत्रता व भोजन का अधिकार सुनिश्चित व सुरक्षित होना चाहिए। इस संदेश के साथ जयपुर में तीन दिन से चल रहा रोज़ी रोटी अधिकार अभियान का 8वां राष्ट्रीय सम्मेलन सोमवार को सम्पन्न हुआ। इस दौरान जयपुर घोषणा पत्र पेश किया गया।

■ देशभर के कार्यकर्ताओं के बीच पेश किया गया जयपुर घोषणा पत्र

अंतिम दिन सम्मेलन के दौरान हुई चर्चाओं के परिणाम स्वरूप एक संयुक्त जयपुर घोषणा पत्र जारी किया गया। इसमें सम्मलेन का सार शामिल किया गया, इससे आंदोलन की दिशा तय की जाएगी। इसमें जो बिंदु निकलकर सामने आए उनमें से देश-दुनिया में भूख और कुपोषण बड़ी समस्या है, इससे लड़ने के लिए




**रोज़ी रोटी अधिकार अभियान का 8वां राष्ट्रीय सम्मेलन सोमवार को सम्पन्न हुआ।**

अभियान को और सशक्त करने की आवश्यकता है। देश में विकास के जिस मॉडल पर काम किया जा रहा है उसमें समाज के हर वर्ग को समान स्थान दिया जाए। द्वन्द्वात्मक-संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों में भोजन के अधिकार, स्वास्थ्य व मानवाधिकारों को सुनिश्चित किए जाने को संघर्ष किया जाएगा।

सम्मेलन के अंतिम दिन बड़ी संख्या में युवाओं ने अपने विचार रखे। संघर्षरत क्षेत्रों में भोजन के अधिकार का सवाल विषयक सत्र में प्रोफेसर गैब्रिएल डीट्रिच ने गाज़ा में चल रहे युद्ध की चर्चा करते हुए कहा कि भोजन व पानी हर इंसान का अधिकार है जो सबको मिलना चाहिए। गैब्रिएल ने द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान जर्मनी में रिलीफ कैंप में बिताए अपने बचपन को याद करते हुए युद्धविराम की मांग की। सामाजिक कार्यकर्ता निशा सिद्धू ने अपनी मणिपुर यात्रा के दौरान अनुभव की गई रिलीफ कैंपों में रह रहे लोगों की दर्दनाक स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां की जनता शांति चाहती है।

अंतिम दिन विस्तारित सत्र में एनसीडीएचआर के गृजेश दिनकर, अन्न सुरक्षा अधिकार अभियान से रंजाबेन वाघेला, जागृत आदिवासी दलित संगठन से नितिन वर्गीस, जन जागृति संगठन से जितेन्द्र ने भोजन के अधिकार के विभिन्न पहलुओं पर बात रखी और सुधार की मांग की। यह सत्र राजशेखर व पूर्बायन के संयोजन में आयोजित हुआ।

सम्मेलन के दौरान हम हमारा हक मांगते, नहीं किसी से भीख मांगते हम क्या मांगें आजादी, भूख मरी से आजादी, बेरोजगारी से आजादी, कुपोषण से आजादी जैसे नारे लगाकर कार्यकर्ताओं ने जोर शोर से अपनी मांगें रखीं।

रोटी नाम सत्त है, खाए से मुकत है...,रोटी का सवाल लोगां रोटी का सवाल... जैसे गीतों के साथ ही देश के अलग अलग भागों से आए लोगों ने अपनी क्षेत्रीय संस्कृति से जुड़े गीतों से सम्मेलन की भावना को जीवंत किया। इसके साथ ही नाट्यय प्रस्तुतियों के माध्यम से भी राशन वितरण प्रणाली में चलने वाली कालाबाजारी, तकनीकी के अतिरेक के कारण होने वाली असुविधा सहित अन्य विभिन्न पहलओं की ओर ध्यान आकर्षित किया गया।



## World Marketing Day: Celebrating Creativity and Connection

Observed annually on May 27, World Marketing Day recognizes the vital role that marketing plays in driving business success and shaping consumer experiences. It's a day to celebrate marketers, strategists, and creatives who craft compelling narratives, build brands, and connect products with people. In an age of digital transformation and AI-driven campaigns, the field of marketing is evolving faster than ever. This day encourages professionals to reflect on ethical practices, innovation, and the power of communication. Whether through storytelling or data analytics, marketing continues to be the heartbeat of commerce, culture, and community engagement worldwide.




#AWARENESS

# The Particulars Of Penguins

These adorable flightless birds of the Southern Hemisphere are facing dangers from melting ice caps and more.





Penguins are some of the most adorable, lovable and impressive creatures in the animal kingdom, so, why not dedicate a day to these flightless birds?

World Penguin Day is a celebratory and educative initiative that encourages people to learn more about penguins and their environment, how important they are to our ecosystems and the threats they face. Interested in learning more about this day? Then, let's dive in! These distinctive black and white birds are highly adapted to aquatic life, their wings have evolved into flippers and their excellent swimming abilities allow most species to dive around 200 m deep, with emperor penguins even reaching depths of 500 m! They're camouflaged to protect against predators from above and below, and their glossy feathers trap air to both, keep them warm and help them stay afloat.

Found all over the Southern Hemisphere, from Antarctica to the Galápagos Islands, penguins are famous for their endearing waddles, their dedicated chick hatching efforts and, for those based in icy climates, their trick of huddling to stay warm. They're even known to enjoy a spot of tobogganing, gliding on their bellies over the ice! Penguins spend up to three quarters of their lives out at sea and are reliant on the oceans for food. Overfishing and pollution, such as plastic and oil spills, therefore pose a real threat to these birds and have contributed to decreasing populations, which in turn has a knock-on effect on the wider ecosystem. And for those species based in the Antarctic (the emperor penguin and the Adélie penguin), climate change is shrinking the sea ice, which not only impinges on their habitat but can also impact chick hatching times and the availability of food.

World Penguin Day encourages people to appreciate these amazing animals and take note of the plights they face. Penguin lovers may choose to help make a difference by working to protect the ocean, prevent pollution and tackle climate change, for example, by advocating against the burning of fossil fuels.





# A Battlefield Of Information

The Armed Forces, learning from their experience after the Balakot strikes, were now absolutely clear about the requirement of providing clear images of the targets engaged and destruction caused and this was provided leaving no doubt for ambiguity. There was also a marked difference in the manner in which the briefings were conducted post the operation. Briefings by Foreign Secretary Vikram Misri and Armed Forces spokespersons, including Col. Sofiya Qureshi and Wg Cdr Vyomika Singh, clearly conveyed the government's intent post-operations.



Maj Gen Jagatbir Singh VSM (RETD)

After four days of clinical, calibrated strikes, the Indian Armed Forces achieved the objectives that had been given to them in a calibrated, controlled and decisive manner. While Operation 'Sindoor' represented an evolution in our warfighting doctrine, showcasing the capability and ability of our Armed Forces. It is also the first war fought in a highly informationalised battlefield, hence, it extended beyond traditional military engagements.

Throughout the history of warfare, armies have sought advantage through actions intended to affect the perception and behaviour of adversaries. In any military campaign, shaping the strategic narrative is nearly as important as shaping the battlespace. Information is a powerful tool, and can be termed an element of national power, and therefore, synchronising information programmes, plans, messages, and products is imperative as part of a whole of government effort.

If Operation Vijay was the first televised war in the Indian context, Operation Sindoor can be termed as the first war fought in the digital era. The continuous streaming of visuals, debates and print were constantly available, literally in the palm of one's hand, making one of the most powerful tools in shaping perceptions.

## Shedding the Balakot Experience

The Armed Forces, learning from their experience after the Balakot strikes, were now absolutely clear about the requirement of providing clear images of the targets engaged and destruction caused and this was provided leaving no doubt for ambiguity. There was also a marked difference in the manner in which the briefings were conducted post the operation. Briefings by Foreign Secretary Vikram Misri and Armed Forces spokespersons, including Col. Sofiya Qureshi and Wg Cdr Vyomika Singh, clearly conveyed the government's intent post-operations. Compared to Balakot, the DGs of Military Operations addressed media and took on questions, which they answered with a great deal of granularity and clarity while maintaining the confidentiality of sensitive information. India's astute messaging established clearly that Pakistan is the aggressor in the ongoing conflict and that India's response has been well-planned and controlled, in contrast to Islamabad's reckless offensive, targeting civilian areas. It also communicated India's position that while it will not initiate aggression, any attack will get a tough response. However, the expansion of information technology, the widespread availability of wireless communications, social media, and today's information environment poses new and complex challenges for military operations. In the military context, it involves tools like propaganda, misinformation, cyber operations, psychological operations and control over media narratives to influence perceptions.



#COMMUNICATION



## The Triad of Disruption

Social media, propaganda/fake news and digital social engineering can be termed as the 'triad of disruption.' This ongoing threat uses the wide reach of social platforms and skilled information warriors to spread false news and influence public opinion through art of digital social engineering.

Unlike traditional weapon technologies, development of information-based techniques do not require sizable financial resources or state sponsorship. Pakistan has been using the ISPR Information systems expertise and access to important networks may be the only prerequisites. Because the cost and technical skills required for executing an online disinformation campaign are remarkably low, the number of actors and the amount of malicious content has increased.

In this age of AI advancement, manipulation of images to build psychological pressure on adversary and satisfy domestic audiences during active combat is par for the course.

Unlike the physical battlefield, the narrative is harder to assess. Based on who you ask, what they have just seen or read on their phones and their particular engagement with their own memory, desires, and critical faculties at that moment, they can tell you very different things about something seemingly very obvious.

## Dangerous Distortions

There were significant efforts to shape the information environment. Most were absurd, though some had a hint of sophistication. Speaking to Al Jazeera, Pakistan's Defence Minister, Khwaja Asif, said that the Pahalgam attack was 'orchestrated' and his government suspects it was a 'false flag operation,' which remains a ridiculous claim. In fact, even the UNSC rejected this narrative in their 15 May meeting.

The theatre of absurdities included the removal of the Northern Army Commander, which was followed by that of the Vice Chief of Air, while in actual fact, both these officers were superannuating. During the four days, the claims pelted out were even more bizarre, aimed at both creating a division in our society as well as lowering the morale. These included Indian ballistic missiles being aimed at Sikh population centres and gurdwaras. This was an evident attempt to exploit communal sensitivities, while in actuality, Pakistan had targeted a Gurdwara across the line of control.

Apart from that, there were claims of downing five Indian aircraft which included a Rafael. In addition, there was also a claim of having captured an Indian pilot. The fog of war is inherently confusing. But Pakistan's increasingly aggressive information efforts create new and significant risks for miscalculation in future crises. False narratives and exaggerated claims of Indian military losses and fabricated stories of communal violence were viral on social media platforms aiming to erode public trust.

As per RUSI, "Unfortunately, the initial silence from Indian military spokespeople created an information vacuum. Into that vacuum poured commentary that was often technically uninformed and strategically misleading." Pakistan, while being the perpetrator of terror, was building a narrative shield that portrayed it as a victim, both with its domestic audience and its global friends in mind.



## The Nuclear Leak

In afterbath of the strikes, the social and print media were full of claims regarding the damage caused to Pakistan's underground nuclear weapon storage complex in Kirana Hills near Nur Khan Air field. The report was soon followed up with satellite imagery, claims of US aircraft visiting the site as well as transportation of huge quantity of Boran from Egypt to control the radiation leak. All were false, and finally on 15 May, the International Atomic Energy Agency (IAEA) confirmed that no radiation leak or release has occurred from any nuclear facility in Pakistan. Earlier, Air Marshal A K Bharti had also denied that India had targeted any nuclear installation in Pakistan.

This was a bid at discrediting the Indian achievements as well as portraying it as an irresponsible nuclear power. Our narrative had been marked by clarity from the beginning, India was targeting the perpetrators and planners of terror. The destruction of a nuclear storage facility was cleverly designed to counter this narrative.

It is stated that India is a responsible nuclear power and its actions were deliberate, proportionate, and did not target nuclear infrastructure. The Ministry of External Affairs Spokesperson, Randhir Jaiswal, has clearly stated that, "Our actions were calibrated and entirely within the scope of conventional military operations. Speculative narratives about nuclear escalation are baseless and irresponsible."

The Indian Armed Forces are highly professional and responsible and will never resort to irresponsible actions. Indian actions remained strictly within conventional military boundaries and that nuclear rhetoric would not be allowed to dictate India's security response.

## Conclusion

As Clausewitz wrote, moral forces on the battlefield have a big impact on its outcome. He also stated that military events could only be planned to a small degree because of the incalculable influence of 'friction.' Strategic Communication is now contributing to this friction in the modern battlefield milieu. The Web 3.0 is remaking our very notion of reality. The information space consists of domestic, adversarial and international audiences. The requirements of these need to be harmonised, however, our tools have been shaped and sharpened for domestic audiences whereas we need to focus on the external audience in a similar manner as well. There is, therefore, a need to enhance media awareness, and develop robust counter-disinformation strategies to safeguard national interests in this digital age.

There will be varying narratives, all churned out by social media cells, by vested interests including disgruntled elements. The responsibility now lies with the individuals themselves to cross-check and verify the source and credibility of the information before blindly disseminating it in the digital space.

Adding to the social media, the mainstream media, with its continuous tirade of 'breaking news,' also needs to be less exuberant. In fact, the Economist in a recent article has been critical regarding the Indian news channels which 'achieved the astonishing feat of making social media appear sane.' Information is power, and today, a much larger part of the world's population has access to that power in their hands. The fact is that information has become a new dimension of conflict and has moved from the periphery to a prime slot. It is a new standoff weapon and can be manipulated and accessed from anywhere, on the basis of your smartphone, though non-kinetic, it remains powerful. The strategy to win the narrative may be through candour and credibility.

rajeshsharma1049@gmail.com



#INCREDIBLE INDIA

# Best Mountain Experiences For The Summer

Make the most of your next mountain retreat!

Summer is beginning to kick in. The sun is shining brighter, the breeze is getting warmer and the mountains are calling a little louder. And while the rolling hills and their clean air remain alluring year round, each season adds its own colour to the experience of mountain living. This summer, experience the best of the ghats and mountains in India by trying these best mountain experiences.



## Flower Valleys

As the winter begins to wane, carpets of fresh blooms cover up the Himalayas. Begin with the rhododendron trail at Barsey Rhododendron Sanctuary, Sikkim, and spend the next few months walking through the many flower valleys of India. Watch the flower carpets of Kaas Plateau in Maharashtra change colours every 15 days from June to October, trek through Uttarakhand's Valley of Flowers for its poppies, daisies, primulas, calendulas and other alpine flora (from July to September), and visit Nagaland's Dzüko Valley (June to September) for the unique Dzüko Valley lily, which grows only in this pocket behind the Japfu mountain range.

## Go Tea Picking

India sure loves its tea, and does a damn good job of producing it in its own lap. From Kangra to Munnar, hill stations across the length and breadth of the country boast undulating hills covered in bright green tea leaves. And a few tea estates and heritage bungalows at these destinations let travellers live like tea planters themselves. In Darjeeling, you can pick tea under the full moon at Makaibari Estate, or have a field day of learning how the leaf reaches from the field to the cup at Glenburn Tea Estate.

Down south, you can enjoy sweeping views of Coonoor's tea plantations from your vantage point at Teanest, a 19th-century bungalow that was once an international tea school. Think crackling fires, horse rides through lush green estates, and of course, a hot cup of tea to keep you constant company.

## Heal In The Himalayas

Across the Himalayas, several yoga retreats and wellness centres offer a range of healing therapies in the lap of nature. Rishikesh is the birthplace of yoga, and here, Ananda in the Himalayas offers yoga, Ayurveda and vedanta programmes. You can enrol for a course, or undergo personalised treatment at the sprawling retreat against views of the Ganges valley. Professionals help plan your day with activities in line with your wellness goals. With the weather always beautiful in the Himalayan foothills, it's never a bad time to book yourself a retreat.

## Chase The Glow


When monsoon showers begin to drench the Western Ghats, forestial secrets begin to reveal themselves. Wander deep into the evergreen forests at this time, and you will spot rotting bark and twigs emitting a blue or green glow. These are bioluminescent fungi and mushrooms, which generally grow in tropical climates and only along the Western Ghats in India. Trek along Goa's Mhadei Wildlife Sanctuary and Chorla Ghats, or go exploring the forests of Shri BhimashankarJyotirlinga Wildlife Reserve in Maharashtra. An overnight hiking trip will be worth it here, with the neon colours showing you the way and the sunrise over the Sahyadri marking the end of the night.



## Ride The Toy Train

The Himalayan Queen trundles along the steepest rise in altitude in the world from 656 m to 2,075 m, a feat that the toy train holds a world record for. Why not hop on the joy ride as it takes you through 800 bridges from Kalka to Shimla? As the train chugs along at 22 kmph, you can soak in the sylvan beauty of the Himalayas with pines and deodars within an arm's length. And at an altitude of 2000 m, the Darjeeling toy train runs from Jalpaiguri to Darjeeling in West Bengal.

With cool wind in your hair, tea plantations all around and the breathtaking Mt Kanchenjunga greeting you from a distance, this experience is the stuff of dreams.




## Raft Through The Currents

If you're the adventurous kind, rafting is a great way to hype things up. There are many places to witness the fury of a river, Rishikesh and Devprayag are some of the most popular ones, and there's also Beas river in Kullu-Manali, Teesta river in Sikkim, Zanskar and more. Here, you can zing across the foamy rapids with mountains towering all around you. Seasons for rafting vary across locations, with destinations like Goa also attracting tourists during monsoons.



## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# आठवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम जारी, लड़कियों ने इस बार भी बाजी मारी

## इस बार रिजल्ट 96.88 परसेंट रहा है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 0.94 परसेंट ज्यादा है

**बीकानेर/पाली,** (निसं)। राजस्थान शिक्षा विभाग ने आठवीं बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने सोमवार को पाली जिले के रानी डीआईटी केन्द्र से प्रारंभिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र कक्षा 8 का परीक्षा परिणाम जारी किया। राज्य में 8वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम 96.66 प्रतिशत रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 0.94 परसेंट ज्यादा रहा है। इस बार भी लड़कियों ने बाजी मारी है। लड़कियों का रिजल्ट 97.24 परसेंट रहा है, जबकि लड़कों का रिजल्ट 96.14 परसेंट रहा। विभिन्न कारणों से 881 स्टूडेंट्स का रिजल्ट रोक लिया गया है।



शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने पाली जिले के रानी डीआईटी केन्द्र से प्रारंभिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र कक्षा आठ का परीक्षा परिणाम जारी किया।

- **राजस्थान में सबसे शानदार रिजल्ट सीकर जिले का रहा, सबसे कम पास वाले स्टूडेंट्स धौलपुर के रहे**
- **लड़कियों का रिजल्ट 97.24 परसेंट, लड़कों का रिजल्ट 96.14 परसेंट रहा, 881 स्टूडेंट्स का रिजल्ट रोका**

राजस्थान में सबसे शानदार रिजल्ट सीकर जिले का रहा है। जहां 98.96 परसेंट रिजल्ट रहा है। वहीं दूसरे नंबर पर दौसा जिला रहा है, जिसका 98.62 परसेंट और तीसरे नंबर पर अजमेर रहा जिसका रिजल्ट 98.17 परसेंट है। वहीं बीकानेर 18वें नंबर पर रहा है। राजस्थान में सबसे कम पास वाले स्टूडेंट्स धौलपुर के रहे, जहां 93.37 परसेंट रिजल्ट रहा है। नीचे के तीन जिलों में बारां का रिजल्ट 93.37 परसेंट और पाली का 94.17 परसेंट रहा है। शिक्षा विभाग की ओर जारी परिणाम में चार ग्रेड दिए गए हैं। इसमें सबसे ज्यादा 52.38 प्रतिशत स्टूडेंट्स को बी ग्रेड मिला है, जबकि 24.46 परसेंट स्टूडेंट्स को सी ग्रेड मिला है। ए ग्रेड वाले स्टूडेंट्स की संख्या 17.65 परसेंट है। महज 0.17 परसेंट स्टूडेंटस को ही डी ग्रेड मिला है।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर पाली से ऑनलाइन जुड़कर रिजल्ट घोषित किया। वहीं शिक्षा सचिव कृष्ण कुणाल जयपुर से जुड़े। राज्य की सभी डाइट्स को भी पांच बजे ही ऑनलाइन रिजल्ट मिल जाएगा। शिक्षा विभागीय पंजीयक कार्यालय की ओर से आयोजित प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र परीक्षा (कक्षा 8) का रिजल्ट इस बार भी ग्रेडिंग सिस्टम पर जारी होगा। स्टूडेंट्स को मार्क्स के बजाय ग्रेडिंग दिया जा रहा है। रिजल्ट साइट पर देखा जा सकता है। इसके अलावा प्राइवेट स्कूल पोर्टल पर भी रिजल्ट उपलब्ध रहेगा।

कक्षा-8 परीक्षा 20 मार्च से दो अप्रैल तक राज्य के समस्त जिलों में हुई। इस परीक्षा में कुल 12 लाख 64 हजार 618 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। शिक्षा विभागीय पंजीयक कार्यालय की ओर से ली गई इस परीक्षा का संचालन जिलों में डाइट्स के माध्यम से किया गया। कॉपी चैकिंग का काम भी डाइट्स स्तर पर हुआ। इसके बाद ऑनलाइन सभी के मार्क्स अपलोड किए गए। ये काम कुछ दिन पहले पूर्ण हो गया। रिजल्ट तैयार होने के बाद शिक्षा मंत्री से समय लिया गया।

आठवीं बोर्ड का रिजल्ट घोषित होने के बाद पांचवीं बोर्ड का परिणाम जारी होगा। इसके लिए तारीख अभी तय नहीं हो पाई है लेकिन इसी सप्ताह में ये रिजल्ट भी आ जाएगा। दरअसल, दोनों क्लास का एक साथ रिजल्ट देने पर कम्प्यूटर सिस्टम बिगड़ जाता है। इसलिए इस बार दोनों का अलग-अलग दिन रिजल्ट जारी होगा।

# फर्जी वसियत मामले मे 10 हजार का इनामी गिरफ्तार

## अपने ही नाना की फर्जी वसियत बनाकर जमीन हड़पने का मामला

**सूरजगढ़,** (निसं)। अपने ही नाना की फर्जी वसियत बनाकर जमीन हड़पने के मामले में तीन साल से फरार 10 हजार रूपए के ईनामी आरोपी को पुलिस ने रविवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

- **तीन साल से फरार इनामी आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया**

चिड़ावा कस्बे के टिल्ली मंदिर के समीप रहने वाले 42 वर्षीय नवनीत गुप्ता पुत्र जवाहरलाल गुप्ता समेत उसके परिवारजनों के खिलाफ डालमिया की ढाणी निवासी भागाराम सैनी व उसके पुत्र पवन कुमार ने सूरजगढ़ थाने में कूटरचित तरीके से अपने स्वर्गवासी नाना के नाम की फर्जी वसियत बनाकर जमीन हड़पने का मामला दर्ज करवाया था। पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू की। जिसके बाद पहले तो कई बार नवनीत गुप्ता को पूछताछ के लिए बुलाया गया और जिस वसियत के आधार पर वह जमीन पर दावा कर रहा था। उसकी मूल प्रति लाने के लिए कहा गया। लेकिन बार-बार नोटिस दिए जाने के बाद भी नवनीत नहीं आया और फरार हो गया। पुलिस ने इसके बाद नवनीत पर 10 हजार रूपए का इनाम घोषित किया था। सूरत से नवनीत को एसएचओ हेमराज मीणा के नेतृत्व वाली टीम ने दस्तयाब किया। बताया जा रहा है कि इस मामले में कोर्ट ने नवनीत को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा था। दो दिनों के पुलिस रिमांड पर नवनीत ने फर्जी वसियत उपलब्ध नहीं करवाई और कहा कि वह नष्ट हो गई।

इस मामले में नवनीत गुप्ता के पिता जवाहरलाल गुप्ता, भाई श्यामबिहारी गुप्ता, मां सुशीला देवी गुप्ता, मामा महेंद्र कुमार कसेरवाल, मौसी पुष्पा जालान झुंझुनूं, रंजना देवी सूरजगढ़, इंदूदेवी सिंगड़ोदिया, नानी अनुसूइया केसरवाल भी आरोपी है। इन नामों को लेकर भी नवनीत से पूछताछ की गई।

# नाबालिग लड़की से दुष्कर्म

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित एक थाने में नाबालिग लड़की से सामूहिक दुष्कर्म का केस दर्ज हुआ है। तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। हालांकि अभी आरोपियों की उम्र की पुष्टि नहीं हो पाई है। पीड़िता जिले के ग्रामीण इलाके की रहने वाली है।

जानकारी के अनुसार दुष्कर्म की घटना अक्टूबर 2023 की बताई जा रही है। उस समय पीड़िता श्रीगंगानगर में हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रही थी। रिपोर्ट में बताया गया कि आरोपियों के पास पीड़िता के आपत्तिजनक फोटो-वीडियो हैं। इनके आधार पीड़िता को ब्लैकमेल भी किया गया। परिजनों को पूरे मामले की जानकारी इंस्टाग्राम पर वीडियो देखकर मिली। वीडियो देखने के बाद परिजनों ने पीड़िता से बात की तो उसने पूरी घटना की जानकारी दी। बताया गया है कि पीड़िता की एक सहेली के जन्मदिन पर कैफे में दुष्कर्म की घटना हुई। मामले की जांच डीवाईएसपी स्तर के अधिकारी कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार शिकायत के आधार पर पुलिस ने कैफे पर पहुंचकर रिपोर्ट तैयार की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अभी पीड़िता का मेडिकल मुआयना करवाया जाना है। इसके अलावा आरोपियों की उम्र की भी पुष्टि की जा रही है।

# शिक्षा विभाग में विभिन्न संवर्गों की नियमित एवं रिव्यू डीपीसी आयोजित

**बीकानेर,** (निसं)। माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा सोमवार को अजमेर में विभिन्न पदों की विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान नियमित डीपीसी के तहत प्राचार्य पद की डीपीसी वर्ष 2024-25 में 2876 कार्मिकों, प्राध्यापक (वाणिज्य) डीपीसी (वर्ष 21-22 से 24-25) में 447 कार्मिकों प्राध्यापक-शाशि पद की डीपीसी (वर्ष 23-24 से 24-25) में 49 कार्मिकों, प्राध्यापक (गृहविज्ञान/ चित्रकला / कृषि) पद की डीपीसी (वर्ष 21-22 से 24-25) में 13 कार्मिकों एवं उपजिशिअ (शाशि) पद की डीपीसी वर्ष 2024-25 में 8 कार्मिकों, पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड-1 पद हेतु 19 कार्मिकों एवं राज्य पुस्तकालयाध्यक्ष पद हेतु 1 कार्मिक का पदोन्नति हेतु चयन किया गया।

विभिन्न संवगों के भिन्न-भिन्न वर्षों की रिव्यू डीपीसी यथा व्याख्याता से प्रधानाचार्य 70 पद, उप-प्राचार्य से प्राचार्य 1 हजार 278 पद, व्याख्याता से उप-प्राचार्य 25 पद, प्राध्यापक-शाशि 4 पद एवं विभिन्न वर्षों की प्राध्यापक-प्रधानाध्यापक रिव्यू डीपीसी में 17 पदों पर कार्मिकों का पदौन्नति हेतु चयन किया गया है। उक्त नियमित एवं रिव्यु डीपीसी के आयोजन से विभाग द्वारा प्राचार्य-4 हजार 224, उप-प्राचार्य-25, प्रधानाध्यापक-4, उप जिशिअ शाशि-8, राज्य पुस्तकालयाध्यक्ष-1, प्राध्यापक विभिन्न विषय-526, पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड-1 के 19 पदों पर कार्मिकों का पदोन्नति हेतु चयन किया गया। इसी के साथ सोमवार को ही समस्त 9 मंडलों के वरिष्ठ शा. शि. पद हेतु आयोजित नियमित डीपीसी वर्ष 2023-24 व 2024-25 हेतु 866 एवं पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड-2 पद हेतु 286 कार्मिकों का पदोन्नति हेतु चयन किया गया।

समग्र रूप से राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर के सदस्य प्रो. अय्यूब खान की अध्यक्षता, निदेशक माध्यमिक शिक्षा आशिष मोदी, शासन कार्मिक विभाग से मनोनीत सदस्यों एवं संयुक्त निदेशक विभिन्न मण्डलों द्वारा सम्पन्न डीपीसी द्वारा विभाग में प्राचार्य, उप प्राचार्य, प्राध्यापक (विभिन्न विषय), उप जिशिअ (शाशि), प्राध्यापक (शाशि), वशाशि अध्यापक, राज्य पुस्तकालयाध्यक्ष एवं पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड-1 सहित कुल 5959 कार्मिक पदोन्नति से लाभान्वित हुए हैं। यह पदोन्नतियां राज्य की शिक्षा व्यवस्था में रिक्त पदों को भरने एवं गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा व्यवस्था की सुनिश्चितता के लिए राज्य सरकार की प्राथमिकता की दिशा में महत्वपूर्ण एवं सकारात्मक कदम है। यह उपलब्धि राज्य सरकार की शिक्षण नेतृत्व में समावेशिता और समान प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने डीपीसी में नवपदोन्नत कार्मिकों को बधाई दी है और उनसे राज्य में शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने में योगदान हेतु विशिष्ठ प्रयास किये जाने की अपेक्षा प्रकट की है।

# बीसलपुर बांध की बनास नदी से अवैध रूप से बजरी निकालने का सिलसिला जारी

**देवली,** (निसं)। पिछले कई समय से बीसलपुर बांध में से गाद निकालने की आड़ में अवैध रूप से बजरी निकालने का सिलसिला बदस्तूर जारी रहते हुए कार्य से संबंधित सरकारी अधिकारियों को यह साफ तौर पर दिखाई पड़ रहा है लेकिन इसके विरुद्ध खनिज विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है।

गाद निकालने वाली कंपनी के आदमी गाद निकालने की आड़ में बांध के तल से भारी मात्रा में अवैध तौर पर बजरी निकाल रहे हैं। बांध के पानी से अवैध तौर पर बजरी निकालने जैसे इस कार्य के विरुद्ध जिम्मेदारों द्वारा नाम मात्र की कार्रवाई भी नहीं की जा रही है। इस मामले की जानकारी समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों के जरिए समय-समय पर सरकार और खनिज विभाग के जिम्मेदारों को प्राप्त होती चली आ रही है, लेकिन फिर भी अवैध तौर पर पानी से बजरी निकालने के कार्य पर अंकुश नहीं लग रहा है। इसी के साथ यहां बनास नदी किनारे कि खाली भूमि पर हजारों टन, बजरी के स्टॉक पहाड़ों के रूप में बने हुए बड़े-बड़े वाहनों में अवैध बजरी भर रहे है।



बीसलपुर बांध के पानी में बड़े-बड़े वाटर पंप लगाकर अवैध रूप से बजरी निकालने का कार्य युद्ध स्तर पर हो रहा है।

इस मामले पर उक्त क्षेत्र के ग्रामीणों का आरोप है कि कार्य से संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों कि मिलीभगत से खुलेआम बड़ी भारी मशीनों के इस्तेमाल से, बीसलपुर बांध के जल भराव क्षेत्र से अवैध तौर पर बजरी निकालने का सिलसिला बदस्तूर जारी है।

- **ग्रामीणों का आरोप है कि गाद निकालने की आड़ में अवैध रूप से बजरी निकालने की जानकारी होने पर भी संबंधित अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं**

उल्लेखनीय है कि इन दिनों देवली उपखंड क्षेत्र के बीसलपुर बांध के जल भराव क्षेत्र से गाद निकाले जाने का कार्य, बड़ी-बड़ी मोटर बोट मशीनों के जरिए युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। इसी के बीच सोमवार को फिर से मामला यह सामने आया कि बीसलपुर बांध के गोल पहाड़ी और गागुतला जल भराव क्षेत्र से गाद निकालने की आड़ में पानी से वाटर पंप के जरिए अवैध तौर पर हजारों टन बजरी प्रतिदिन निकाली जा रही है, तो वहीं यहां से बजरी निकालकर कासीर गांव के खेतों में अवैध स्टॉक किया जा रहा है। अवैध बजरी का स्टॉक करने के लिए वाटर पंप के जरिए बड़ी-बड़ी मोटर बोट में बजरी भरकर नदी किनारे स्थल पर पहुंचा रहे है। ऐसे मे उक्त स्थान पर बड़े पैमाने में स्टॉक किए जा रहे हैं हैं। यह जानकारी उक्त क्षेत्र के ग्रामीणों से एक के बाद एक लगातार मिली है। ऐसे हालातों पर क्षेत्रवासियों का मानना है कि उक्त हालातों की जानकारी संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को बखूबी प्राप्त है। इतना ही नहीं प्रतिदिन यहां अवैध तोर से निकाली जा रही बनास बजरी को दर्जनों डंपरों में भरकर अन्य स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार बीसलपुर बांध के भराव क्षेत्र एवं केंचमेंट एरिया तक बनास नदी के तल से गाद (कीचड़) को बाहर निकालने का कार्य एनजी गदिया नामक कम्पनी कर रही हैं। ग्रामीण क्षेत्र वासियों का आरोप यह भी है कि कंपनी के कर्मचारी पानी से गाद निकालने के साथ-साथ भारी मात्रा में बजरी भी निकाल रहे हैं। जानकारी के अनुसार कासीर गांव का क्षेत्र देवली पुलिस थाना के अधिकार में आता है।

# बिहारीजी मंदिर का पूर्व पुजारी और भाई गिरफ्तार

**भरतपुर,** (निसं)। मथुरा गेट थाना पुलिस ने बिहारीजी मंदिर के पूर्व पुजारी और उसके भाई को गिरफ्तार किया है। 23 मई को बिहारीजी मंदिर परिसर का वीडियो सामने आया था, जिसमें मंदिर कुछ लोग फूहड़ गानों पर अश्लील तरीके से डांस कर रहे थे। पुजारी का छोटे भाई भी वीडियो में डांस करते दिखाई दे रहा था। वहीं पास में पुजारी भी खड़ा हुआ था।

- **23 मई को मंदिर परिसर का वीडियो सामने आया था, जिसमें कुछ लोग फूहड़ गानों पर अश्लील तरीके से डांस कर रहे थे, पुजारी का छोटा भाई भी डांस करते दिखाई दे रहा था, पास में पुजारी भी खड़ा हुआ था**

एसपी मृदुल कच्छावा ने बताया कि 23 मई को एक वीडियो सामने आया था। जिसमें कुछ लोग मंदिर परिसर में फूहड़ गानों पर अश्लील तरीके से डांस कर रहे थे। वीडियो सामने आने के बाद देवस्थान विभाग ने इस मामले में एफआईआर दर्ज करवाई थी। वीडियो की जांच करने पर मंदिर के पुजारी मनोज भारद्वाज और उसके भाई कृष्ण माधव की पहचान कर ली थी। जिसके बाद आज दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि बिहारीजी मंदिर के पूर्व पुजारी मनोज भारद्वाज के भाई ने मंदिर के नाम से एक समिति बनाई हुई है। उसकी भी जांच की जाएगी। साथ ही यह पता किया जाएगा कि, वह कब रजिस्टर्ड की गई थी, किसने दान किया और वह दान कहां गया। फिलहाल पूर्व पुजारी और उसके भाई का मेडिकल करवाया गया है।

# ग्रामीणों ने तांत्रिक को रस्सियों और चेन से बांधा

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले से एक वीडियो सामने आया है, जिसमें ग्रामीणों ने एक तांत्रिक को रस्सियों और चेन से बांध दिया। मामला मांडल थाना क्षेत्र के मालाखेड़ा गांव का है। जानकारी के मुताबिक, तांत्रिक दिलखुश सुथार जो लाडपुरा मांडलगढ़ क्षेत्र का रहने वाला है, खुद को बगड़ावत बोलने वाला बताता है। उसने बद्रीलाल माली के घर सुख-शांति लाने के बहाने पूजा-पाठ कराया और इसी दौरान सोने की ज्वेलरी गायब कर दी। ग्रामीणों को जब तांत्रिक पर शक हुआ, तो उन्होंने योजना बनाकर उसे पकड़ा। पूछताछ में तांत्रिक ने ज्वेलरी चोरी करने और अपने साथी को बेचने के लिए देने की बात कबूली। हैरानी की बात ये रही कि इस पूरे मामले की जानकारी पीड़ित परिवार ने पहले ही मीडियाकर्मी को दे दी थी, लेकिन पुलिस ने मामला दर्ज करने के बजाय इसे आपसी समझौते से निपटा दिया। अब सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है।

# वृद्ध महिला से दस लाख के जेवर ठगने वाला भोपा गिरफ्तार

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के निकटवर्ती बनाड़ स्थित जाजीवाल गहलोता गांव में एक महिला को भोपे ने इलाज के नाम पर ठगी करते हुए जेवर नगदी हड़प लिए थे। महिला को अपने दिव्यांग पुत्रवधु और पोता होने की आस में भोपे का सहारा लिया था। छह माह में भोपे ने दस लाख से ज्यादा के जेवरात और रूपए ऐंठ लिए थे। मामला हाल ही में दर्ज हुआ था। पुलिस ने अब कार्रवाई की और आरोपी भोपे को गिरफ्तार किए जाने के साथ सोने के आभूषणों को बरामद कर लिया। रूपयों की बरामदगी नहीं हो पाई।

- **पोता होने और दिव्यांग पुत्रवधु के इलाज के नाम पर गहने और रूपए ठगे थे**

थानाधिकारी गंगाराम ने बताया कि जाजीवाल गहलोता की रहने वाली मंजूदेवी पत्नी ओमप्रकाश दर्जी के साथ यह ठगी हुई थी। उसके अनुसार उसकी पुत्रवधु दिव्यांग है और उसके कोई संतान नहीं है। संतान की चाह और पुत्रवधु के लिए इलाज के लिए वह एक भोपे करवड़ के पप्पूराम राव के संपर्क में आई अपनी पीड़ा को बताया। तब भोपे ने इलाज के नाम पर उसके घर आना जाना शुरू कर दिया फिर नगदी और जेवरात ऐंठने लग गया। काफी समय बाद भी पुत्रवधु के कोई फर्क नहीं पड़ा और उसके संतान पोता की चाह भी पूरी नहीं हो पाई थी। छह माह के दरमियान भोपे पप्पूराम राव ने उससे 10-15 तोला सोने की जेवरात और नगदी हड़प कर ली। वापिस मांगने पर आनाकानी करने लगा। आभूषण नहीं लौटाने पर पीड़िता मंजूदेवी ने केस दर्ज करवाया।

थानाधिकारी गंगाराम ने बताया कि प्रकरण में जांच के बाद आरोपी करवड़ के नगरिया निवासी पप्पूराम राव पुत्र हरचंद राव को गिरफ्तार कर लिया गया। उससे काफी मात्रा में आभूषण जब्त किए गए है।

# बीएसएफ ने ऑपरेशन सिंदूर में पाक के नापाक इरादों को शिकस्त दी : आईजी गर्ग

**जोधपुर,** (कासं)। पहलगाम आतंकी घटना के बाद ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने पाकिस्तान के मंसूबों को नाकाम किया। सीमा पार से वेस्टर्न बॉर्डर की तरफ के बाड़मेर, जैसलमेर, बीकानेर, श्रीगंगानगर इत्यादि सीमावर्ती जिलों में 413 ड्रोन दागी गई थी। उन सभी को भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने हवा में ही मार गिराया था। यह जानकारी राजस्थान फ्रंटियर, सीमा सुरक्षा बल के महानिरीक्षक एमएल गर्ग ने प्रेसवार्ता में दी।

- **राज. फ्रंटियर, सीमा सुरक्षा बल के महानिरीक्षक एमएल गर्ग ने प्रेसवार्ता कर ऑपरेशन सिंदूर में सी.सु. बल की परिचालन क्षमता, खुफिया समन्वय और बल के जवानों के साहस आदि के बारे में जानकारी दी**

उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में सीमा सुरक्षा बल की परिचालन क्षमता, खुफिया समन्वय और बल के जवानों के अदम्य साहस आदि के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बीएसएफ ने आपरेशन सिन्दूर मे थल सेना और वायु सेना के साथ समन्वय कर अपना जलवा दिखाया और पाक के नापाक इरादों को शिकस्त दी। उन्होंने 23 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में हुए नृशंस आतंकवाद को पड़ोसी देश द्वारा की गई एक कायराना हरकत बताया तथा कहा कि इसी के जवाब में भारत सरकार द्वारा 7-8 मई, 2025 की मध्यरात्रि को ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया गया, जिसमें सीमा सुरक्षा बल ने भी अपना बखूबी योगदान निभाया। पहलगाम नरसंहार के पश्चात महानिदेशक सीमा सुरक्षा ने पश्चिमी सीमा पर संभावित खतरे का सटीक आंकलन कर बीएसएफ को पूरी तरह से तैयार रहने के लिए निर्देशित किया। महानिदेशक सीसुब ने महानिरीक्षक (ऑपरेशन) के साथ बीकानेर सेक्टर का दौरा किया व सीमा पर जवानों के बीच जाकर हालात की जानकारी ली। सभी सेक्टरों एवं वाहिनीयों को अंतर्राष्ट्रीय सीमा एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में उच्चतम स्तर की तैयारी, प्रतिक्रिया के लिए बल की ऑपरेशनल ड्युटियों के लिए सतर्कता तथा मुस्तैदी का जायजा लिया। साथ ही सीमा सुरक्षा बल के खुफिया तंत्र को और मजबूत कर भारतीय सेना एवं एयर फोर्स के साथ समन्वय स्थापित कर ऑपरेशनल सूचनाओं के आदान-प्रदान करने के लिए निर्देशित किया गया।

आईजी गर्ग ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की ओर से राजस्थान के सीमावर्ती जिलों जैसलमेर, बीकानेर और श्रीगंगानगर में लगातार ड्रोन गतिविधियां की गई। हमारी एयरस्पेस की सुरक्षा को चुनौती देने के प्रयासों को राजस्थान फ्रंटियर, सीमा सुरक्षा बल ने भारतीय सेना व एयर फोर्स के साथ मिलकर तत्परता से विफल किया।

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने भारतीय सेना, वायु सेना व राजस्थान पुलिस के साथ अद्वितीय समन्वय और तालमेल बनाए रखा। राजस्थान फ्रंटियर के संपूर्ण संचालन क्षेत्र श्रीगंगानगर से लेकर जैसलमेर तक बीएसएफ ने देश की सेनाओं के साथ आवश्यक और रणनीतिक सूचनाओं का त्वरित एवं निर्बाध आदान-प्रदान सुनिश्चित किया। इसी दौरान सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के वरिष्ठ अधिकारियों को सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनात किया गया ताकि सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया जा सके। इसके अलावा सीमा के लोगों में सुरक्षा की भावना पैदा करना व उन्हें हर परिस्थिति के लिए तैयार रखा गया।

आईजी गर्ग ने बताया कि इस ऑपरेशन के दौरान हमारी महिला प्रहरियों ने 7 दिन सीमा पर 24 घटे तैनात रहकर बेहतरीन कार्य किया और सीमा पर पूरी मुस्तैदी से डटी रही। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों में चलाए जा रहे रणनीतिक अभियानों को लेकर पाकिस्तानी मीडिया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर झूठा और भ्रामक प्रचार फैलाया जा रहा था। इन झूठे प्रचारों का मुकाबला करने के लिए बीएसएफ ने सोशल मीडिया के माध्यम से सत्य और तथ्य आधारित जानकारी साझा करना शुरू किया। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर सफलता के बाद भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने हाल ही में जैसलमेर में अग्रिम सीमा चौकियों का दौरा किया।

अधिकारिक दौरे के दौरान जैसलमेर बॉर्डर पर उत्कृष्ट कार्य के लिए बीएसएफ के सहायक कमांडेंट पी.के. मिश्रा व अन्य जवानों को को कमेंडेशन डिस्क से सम्मानित किया गया। यह सम्मान बीएसएफ की उत्कृष्टता और समर्पण का प्रतीक है।

महानिरीक्षक गर्ग ने बताया कि बीएसएफ देश की प्रथम रक्षा पंक्ति है तथा हम हर चुनौती को दुश्मन की आंखों में झाकते हुए स्वीकार करते हैं और सीमाओं पर चौकस रहते हैं। यह हमारा पवित्र कर्तव्य है कि हम अपनी जान की परवाह किए बिना देश की सुरक्षा में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दें। भारत की सरहद को कोई छू नहीं सकता क्योंकि इसकी निगहबान है हम सब की आंखें। सीमा पार से वेस्टर्न बॉर्डर की तरफ के बाड़मेर, जैसलमेर, बीकानेर, श्रीगंगानगर इत्यादि सीमावर्ती जिलों में कुल 413 ड्रोन दागी गई थी। उन सभी को भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने हवा में ही मार गिराया था। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने भी 22 वें अलंकरण समारोह के दौरान सीमा सुरक्षा बल की अभूतपूर्व साहसिकता, समर्पण और पेशेवर प्रतिबद्धता की सराहना की।

# बदमाशों ने घरों के बाहर खड़ी गाड़ियों के शीशे तोड़े

## मुंह पर कपड़ा लपेटकर आये बदमाशों ने भरतपुर में वारदात की

**भरतपुर,** (निसं)। देर रात्रि को मथुरा गेट थाना क्षेत्र में बदमाशों ने घरों के बाहर खड़ी कई गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए। सीसीटीवी फुटेज में दो मोटरसाइकिल पर सवार चार-पांच अज्ञात व्यक्ति मुंह पर कपड़ा लपेटकर पत्थर मारते हुए दिखाई दे रहे हैं। शहर में रात के समय होने वाली गुंडागर्दी और अन्य घटनाओं से आम जन में भय है।

जवाहर नगर में डी ब्लॉक निवासी विनोद कुमार शर्मा पुत्र मुरारीलाल शर्मा एवं सुमित शर्मा ने मथुरा गेट थाना में इस सम्बध में रिपोर्ट भी दर्ज कराई है, लेकिन पुलिस ने अभी कोई कार्यवाही नहीं की है। इसी सम्बंध में जवाहर नगर निवासी सुमनेश कुमार गुप्ता ने बताया कि उनकी दो गाड़ी घर के बाहर खड़ी रहती है। उनमें रात में एक गाड़ी में पत्थर मारकर शीशा तोड़ दिया गया तथा दूसरी गाड़ी में पत्थर मारा तो वह शीशे में नहीं लग कर गाड़ी की बॉडी में लगा, जिस से गाड़ी में नुकसान हो गया। सुमनेश कुमार गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं पूर्व में कभी नहीं हुई। इलाके में पुलिस गश्त का कोई प्रबंध नहीं है तथा रोड लाइटें भी ज्यादातर बंद रहती है जिससे असामाजिक तत्व घटनाएं करते रहते हैं।

विश्व प्रिय शास्त्री पार्क में भी असामाजिक तत्वों का जमावड़ा बना रहता है तथा आए दिन मोटरसाइकिल स्कूटर चोरी की घटनाएं होती रहती है जिनका पुलिस कोई अता पता नहीं लगा पाती तथा महिलाओं के साथ में कई बार छेड़छाड़ की घटनाएं हो चुकी है । गुप्ता ने मांग की है कि जवाहर नगर इलाके में तथा शहर के अन्य सभी इलाकों में भी रात्रि कालीन गश्त की पुख्ता व्यवस्था की जाए जिससे इस प्रकार की घटनाओं पर लगाम लगाई जा सके । तथा गत रात्रि में हुई शीशे तोड़ने की घटना को चौराहों पर लगे सीसीटीवी में देखकर अपराधियों की पहचान कर उन्हें सख्त सजा करवाई जाने की मांग की है।

# राज्यपाल बागडे की मौजूदगी में हुआ दीक्षांत समारोह




अचरोल स्थित अपेक्स यूनिवर्सिटी में दीक्षांत समारोह राज्यपाल हरिभाऊ बागडे की मौजूदगी में आयोजित हुआ।

**अचरोल,** । अपेक्स यूनिवर्सिटी के तृतीय दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, विशिष्ट अतिथि निरंजन पीठाधीश्वर श्रीश्री 1008 आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि जी महाराज एवं शिक्षाविद्, समाजोद्यमी और राजनेता ओडिशा के प्रो अच्युत सामंत औरअध्यक्षता कर रहे युनिवर्सिटी के चेयरपर्सन डॉ रवि जूनीवाल द्वारा बेस्ट स्टूडेंटस को डॉ सागरमल जूनीवाल मेमोरियल अवार्ड सहित विभिन्न संकायों में 18 टॉपर्स को गोल्ड मैडल और करीब 1824 छात्र-छात्राओं को विभिन्न क्षेत्रों में उपाधियां दी गईं।

इससे पूर्व अचरोल स्थितअपेक्स यूनिवर्सिटी कैंपस मेंआयोजित इस दीक्षांत समारोह में दीक्षांत परेड प्रशासनिक भवन से प्रारंभ होकर दीक्षांत स्थल तक पहुंची। समारोह का प्रारंभ राष्ट गान एवं अपेक्स यूनिवर्सिटी के कुल गीत के साथ हुआ। यूनिवर्सिटी ने अपने तृतीय दीक्षांत समारोह में अपने स्नातकों को भारतीय वेशभूषा में सुसज्जित करके दीक्षांत समारोह को संपन्न कराया। इस भव्य दीक्षांत समारोह में वैदिक धर्म, वेद, पुराण, उपनिषद और योग के ज्ञाता और भारतीय संस्कृति, परपराओ आर वादक सनातन धम का आगे बढाने में अपने असाधारण और अविस्मरणीय योगदान के लिए निरंजन पीठाधीश्वर श्रीश्री 1008 आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि जी महाराज एवं भारतीय शिक्षाविद्, समाजोद्यमी और राजनेता ओडिशा के प्रो अच्युत सामंत को समाज के प्रति उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की गई। दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि नातक मूल्य, भारताय सस्कृात का प्रमुख आधार रहा है, मुझे प्रसन्नता है कि अपेक्स विश्विद्यालय इसी दिशा में काम कर रहा है। शिक्षा जीवन भर प्राप्त करनी चाहिए। यदि कोई आंखें ना होते हुए भी उच्चतम शिक्षा प्राप्त कर सकता है और सफलता अर्जित कर सकता है तो हम और आप सदैव ही अपने जीवन को आगे ले जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि हर विश्वविद्यालय में एक ज्ञानशाला के साथ-साथ एक व्यायाम शाला भी होनी चाहिए ताकि वैचारिक और बौद्धिक क्षमता के साथ-साथ शारीरिक क्षमता भी विकसित की जा सके। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति की जडे बहुत गहरी है और उसे मिटाना असंभव है।

विशिष्ट अतिथि निरंजन पीठाधीश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि जी महाराज ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए धर्म, सच्चाई और सेवा भाव अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने ने कहा कि उपाधि प्राप्त करना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि अपनी उपाधि को समाज और देश के लिए काम में लाना सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। आपके जीवन में सेवा समर्पण और सद्भाव का उचित स्थान होना चाहिए।यही जीवन के सर्वोच्च मूल्य हैं, डिलीट की उपाधि दिए जाने पर उन्होंने कहा कि मुझे दी गई यह उपाधि संपूर्ण भारतीय संस्कृति और संतों को दी गई उपाधि है। उन्होंने नव स्नातकों से कहा कि जाति और परंपरा से ऊपर उठकर राष्ट की सेवा करें। मानव जन्म मौलिक विचार, मौलिक सिद्धांत और मौलिक आचरण को आत्मसात करने के लिए ही हुआ है।जीवन में मौलिकता का बहुत ही महत्व है। राष्ट सेवा सबसे बडी सेवा है आज के दिन संकल्प ने के राष्ट पर्यावरण और सैद्धांतिक मूल्य की रक्षा करेंगे और

# सुहागिनों ने वट की पूजा-अर्चना कर पति की लंबी आयु मांगी

■ उत्तम स्वास्थ्य और सुखी दांपत्य जीवन की कामना

**पावटा।** हिन्दू धर्म में आस्था और नारी शक्ति का प्रतीक वट सावित्री व्रत सोमवार को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। यह पर्व विशेष रूप से विवाहित महिलाओं द्वारा अपने पति की लंबी आयु, उत्तम स्वास्थ्य और सुखी दांपत्य जीवन की कामना के लिए मनाया गया। वट सावित्री व्रत ज्येष्ठ मास की अमावस्या को मनाया जाता है।

इस दिन महिलाएं वट (बरगद) वृक्ष की पूजा कर व्रत रखती हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार वट वृक्ष में त्रिदेव-ब्रह्मा, विष्णु और महेश-का वास होता है, जिससे इसकी पूजा का महत्व और भी अधिक हो जाता है। इस व्रत से जुड़ी कथा सावित्री और सत्यवान की है, जिसमें सावित्री ने अपने दृढ़ संकल्प, प्रेम और निष्ठा से यमराज से अपने पति के प्राण वापस पाए थे। यह कथा भारतीय संस्कृति में नारी धर्म, साहस और अटूट विश्वास का प्रेरणास्त्रोत मानी जाती है। व्रत के दिन महिलाएं पारंपरिक वस्त्रों और श्रृंगार में वट वृक्ष की परिक्रमा करती हैं, धागा बांधती हैं और कथा सुनती हैं। सबसे खास बात यह है कि, इस बार वट सावित्री व्रत सोमवार को सोमवती अमावस्या पर रहा। यह संयोग अत्यंत दुर्लभ और सौभाग्यशाली माना जा रहा है। साथ ही, चंद्रमा इस दिन अपनी उच्च राशि वृषभ में संचार किया, जो शुभ संकेत है। यह पर्व महिलाओं को न केवल आध्यात्मिक बल देता है, बल्कि पारिवारिक संस्कार को भी मजबूती देता है। यह पर्व भारतीय समाज में संस्कार, परंपरा और श्रद्धा का जीवंत उदाहरण है, जो हर साल नई पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जोडता है।

## तीये की बैठक



हमारे प्रिय **श्री बिहारीलालजी खण्डेलवाल** पुत्र स्व.श्री कन्हैया लालजी खूंटेटा का स्वर्गवास 25.05.2025 को हो गया। जिनकी तीये की बैठक दिनांक 27.05.2025 (मंगलवार) को सायंकाल 5 से 6 बजे तक अणुविभा केन्द्र, मालवीय नगर में रखी गई है।

**शोकाकुल**- उर्मिला देवी (धर्मपत्नी), सीताराम खण्डेलवाल (बडेभ्राता), जगदीश, हरिनारायण (भ्राता), राममोहन- सोनिया, केशव- प्रतिभा, कपिल- स्वाति (पुत्र-पुत्रवधू), बीना- शशीजी बड़ाया, चन्द्रप्रभा (पुत्री-दामाद), रामबाबू, द्वारकाप्रसाद, अमित (भतीजा) एवं समस्त खूंटेटा परिवार (बूज वाले) फर्म- हरसहाय कन्हैयालाल खण्डेलवाल, फॉयसागर रोड (अजमेर)

मो.9828054991, 9783799991, 9413749748, 7838282557

(यह अंतिम बैठक होगी।)


## नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


## ज्ञानेंद्र श्रोत्रिय बने अध्यक्ष

**टोंक।** गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज टोंक द्वारा आयोजित चुनाव के द्वारा विभिन्न पदों के लिए मतदान हुआ, जिसमें सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, चुनाव प्रभारी ओमप्रकाश राजोरा की देखरेख में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से पूरा चुनाव संपन्न हुआ।

# ग्रामीणों ने पर्यावरण संरक्षण पर जताई चिंता

**शाहपुरा ।** उपतहसील के ग्राम किशनपुरा में सोमवार को गिरजन नदी बचाओ- जीवन बचाओ के तहत जन संवाद कार्यक्रम प्रकृति बचाओ संघर्ष समिति के कैलाश मीना के आतिथ्य व सकराय प्रशासक प्रभुदयाल वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं और ग्रामीणों ने विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की। जिसमें ग्रामीणों ने कहा कि खनन कारोबारियों ने मिलीभगत कर गलत तथ्यों के आधार पर नदी के बहाव क्षेत्र में खनन पट्टे हथिया लिए है।

इसे नदी को खत्म कर इलाके को तबाह करने पर आमादा हैं। इसी तरह क्षेत्र की कांसावती नदी, सोता नदी, काटली नदी सहित अधिकांश जल स्त्रोत खत्म कर रहे है। इसका दुष्प्रभाव हो रहा है जिसमें आजीविका के साधन, खेती, पशुपालन खत्म चुके है। खनन कारोबारियों ने युवाओं को अपराध की ओर धकेल कर, जल संकट, भयावह प्रदूषण पैदा कर गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियां उत्पन्न कर दी। जन संवाद में प्रकृति बचाओ संघर्ष समिति के कैलाश मीना ने कहा कि जंगल - पहाड़ों में निवास करने वाले बाशिंदों को अवैध खनन माफियाओं द्वारा परेशान किया जा रहा है, जल - जंगल - जमीन को प्रदूषित किया जा रहा है। ग्रामीणों को इसके विरोध में निष्पक्ष और निडर होकर लड़ने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में किशनपुरा और आसपास के गांवों के लोगों ने इस मुहिम में शामिल होने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच हजारी मीणा, देव सेना के पूरण भड़ाना (भोजमेड), जिला युवक कांठोस के अध्यक्ष लोकेश मीना, रमेश मीना (लुहारवास), दुर्गा प्रसाद मीना, भोलाराम मीना(किशनपुरा), हजारी गुर्जर, रामशरण गुर्जर, बोदूराम, प्रहलाद गुर्जर (बंध की ढाणी), सायर वर्मा (प्रेमपुरा), मामराज मीना, कैलाश मीना, सुभाष मीना (भगवानपुरा) गेंदाराम (दीपावास), जगदीश गुर्जर (बुजीवाला) आदि लोग मौजूद थे।

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर**
क्रमांक-3272 दिनांक-26/05/25
**जाहिर आम-सूचना** राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना मे आवास संख्या S-28 TYPE-D (NRI), (एरिया 750.00 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री शोभित मेहरौत्रा पुत्र श्री किशोरी लाल मेहरौत्रा को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 1867 दिनांक 04.02.2008 को जारी किया गया। श्री शोभित मेहरौत्रा द्वारा श्री प्रीतम खन्ना पुत्र स्व. श्री विष्नु राम खन्ना को दिनांक 04.04.2008 को मुख्त्यारनामा आम धारक नियुक्त किया गया। श्री प्रीतम खन्ना के द्वारा मुख्त्यारनामा आम की हैसियत से श्री शोभित मेहरौत्रा के पक्ष मे पंजीयन प्रपत्र उप पंजीयक-सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहॉं दिनांक 14.10.2009 को पंजीकृत करवाये गये। श्री प्रीतम खन्ना द्वारा मुख्त्यारनामा आम की हैसियत से उक्त आवास को दिनांक 14.10.2009 के द्वारा श्री दीपक खन्ना पुत्र श्री प्रीतम खन्ना को विक्रय कर उप पंजीयक-सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहां विक्रय पत्र पंजीकृत करवाया गया। क्रेता/क्रेती श्री दीपक खन्ना पुत्र श्री प्रीतम खन्ना द्वारा आवासन मण्डल मे उक्त आवास मे अपना नाम मण्डल रिकार्ड मे दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय मे 7 दिवस मे अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड मे नाम दर्ज करने मे किसी को कोई आपत्ति नही है, श्री दीपक खन्ना पुत्र श्री प्रीतम खन्ना का नाम मण्डल रिकॉर्ड मे दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज.आवा.मण्डल, जयपुर

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर**
क्रमांक-3320 दिनांक-26/05/25
**जाहिर आम-सूचना** राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना मे आवास संख्या 266/164 (MIG-A) (एरिया 134.16 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री ओम प्रकाश गुप्ता पुत्र श्री हनुमान प्रसाद गुप्ता को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 4076 दिनांक 14.10.2009 को जारी किया गया। श्री ओम प्रकाश गुप्ता के पक्ष मे उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 12.10.2011 को उप पंजीयक जयपुर-षष्ठम के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्री ओम प्रकाश गुप्ता द्वारा श्री जय कुमार पुत्र श्री श्यामू मल को दिनांक 24.12.2009 को मुख्त्यारनामा आम धारक नियुक्त किया गया। श्री जय कुमार द्वारा मुख्त्यारनामा आम की हैसियत से उक्त आवास को दिनांक 13.12.2011 के द्वारा श्री कपिल देव पुत्र श्री कस्तूर चन्द को विक्रय कर उप पंजीयक द्वितीय जयपुर के यहां विक्रय पत्र पंजीकृत करवाया गया। क्रेता/क्रेती श्री कपिल देव पुत्र श्री कस्तूर चन्द द्वारा आवासन मण्डल मे उक्त आवास के रिकॉर्ड मे अपना नाम दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय मे 7 दिवस मे अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड मे नाम दर्ज करने मे किसी को कोई आपत्ति नही है, श्री कपिल देव पुत्र श्री कस्तूर चन्द का नाम मण्डल रिकॉर्ड मे दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज.आवा.मण्डल, जयपुर

**विवाधकों के स्थिरीकरण के लिए समन**
**(आदेश 5 के नियम 1 और 5)**
**न्यायालय सहायक कलेक्टर महोदय झुन्झुनू**
**राजेन्द्र बनाम दिलीप सिंह वगै.**
**दावा बाबत विभाजन एवं स्थाई निषेधाज्ञा**
**वाद संख्या 552/24**

प्रेषित :-
सम्पत कवंर पुत्री रिछपाल, जाति राजपूत, निवासी लीला की ढ़ाणी तन हुकुमपुरा, तहसील गुढ़ागौड़जी, जिला झुन्झुनू (राज.)
वादी राजेन्द्र ने आपके विरूद्ध दावा बाबत विभाजन एवं स्थाई निषेधाज्ञा
वाद के लिए संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में तारीख 28/5/25 को दिन के 10.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतीक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है, पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हों, अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसे दस्तावेजों को लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टी करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह आज तारीख 26.05.25 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
मोहर अदालत
न्यायाधीश
सहायक कलक्टर
झुन्झुनूं

## खोया पाया

Missing Original Documents Viz Allotment Letter Payment Receipt Possession Letter Site Plan And Other Documents of Shop No. 13/SC/19 Sector 13 Indira Gandhi Nagar Jaipur. In The Name Of Smt. Keshi Meena W/o Sh. Prakash Chand Meena R/o 8-H26, IG Nagar Jaipur. Rajasthan.

**प्रपत्र संख्या 7**
**(देखिये नियम 21)**
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस**
**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**

मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2025/360
चूंकि प्रार्थी श्री राजेश समोता, ग्राम विशनपुरा तह. शाहपुरा जिला जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास गोपालराम भंवरी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट, ग्राम विशनपुरा तह. शाहपुरा जिला जयपुर के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है। अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 23-05-2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आंइदा तारीख पेशी 30/07/2025
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

## नाम परिवर्तन

मैं कल्लवा सोमरेड्डी किलबनूर M/o आर्मी नम्बर 15153864M हवलदार शंकर किलबनूर यूनिट 199 मीडियम रेजीमेंट, मेरे बेटे के सैन्य दस्तावेज में मेरा नाम कलावती (Kalavati) है जो गलत है। मेरा सही नाम Kallavva Somaraddi Kilabanur है।

मैं कल्लवा सोमरेड्डी किलबनूर M/o आर्मी नम्बर 15153864M हवलदार शंकर किलबनूर यूनिट 199 मीडियम रेजीमेंट, मेरे बेटे के सैन्य दस्तावेज में मेरी जन्म तिथि 01.07.1960 है जो गलत है। मेरी सही जन्म तिथि 01.01.1968 है।

I hereby confirm that Vanita Ahuja W/o Himanshu Ahuja & vanita Jayesh Gidwani both are my name. I should be known as Vanita Ahuja W/o Himanshu Ahuja. R/o 468, Acharya Kriplani Marg, Adarsh Nagar, Jaipur for all purposes

I have changed my name from anju kumari Gupta to anju Gupta r/o 48/90 rajat path mansarovar Jaipur

I have changed my name from jayanti hasani to priti hasani r/o 123/264 agarwal farm mansarovar Jaipur

I, Cecilia have changed my name to Cecilia Chander. I am known by this name in all my official documents and records. Henceforth, I shall be known as Cecilia Chander for all purposes.

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर**
क्रमांक-3271 दिनांक-26/05/25
**जाहिर आम-सूचना** राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना मे आवास संख्या S-29 TYPE-D (NRI), [illegible]
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज.आवा.मण्डल, जयपुर

**उद्घोषणा (इश्तहार) न्यायालय (राज.)**
**व्यवहार मिश्रित (मुतफर्क) वाद सं. 72/25**
**विषय : उत्तराधिकारी प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्रदान करने हेतु प्रार्थना-पत्र।**
प्रार्थी- नाम लल्लूराम पुत्र स्व. श्री गोपीराम जाति रैगर, [illegible] लक्ष्मीनगर, हरनाथ बजरंग द्वारा, रैगरों का मौहल्ला, जयपुर, लक्ष्मी नगर झोटवाड़ा, जयपुर, मृतक स्व. श्री गोपीराम की सम्पत्ति के विषय में।
**पेशी दिनांक : 8.7.25**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम गोपीराम पुत्र मंगलराम जाति प्रस्तुत किय है कि मृतक, नाम गोपीराम पुत्र मंगलराम जाति रैगर निवासी 132, लक्ष्मीनगर, रैंगरों का मौहल्ला हरनाथपुरा, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावे। अत: उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 8 माह 7 सन 2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। आज दिनांक 12 माह 5 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
मोहर अदालत
वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सेशन न्यायालय
जयपुर महानगर द्वितीय

**आम सूचना** यह कि मकान म्युनिसिपल नम्बर 448, नाटानियों का रास्ता, चौकड़ी मोदीखाना, जयपुर, क्षेत्रफल 89.5 वर्गगज को श्री टीकम चन्द जैन पुत्र श्री बाबू लाल व श्रीमती मुन्ना देवी पत्नी श्री टीकम चन्द ने जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 24.01.1980 को श्री महेन्द्र कुमार उर्फ बाबू लाल पांडिया से खरीद किया था। तत्पश्चात् श्री टीकम चन्द जैन का स्वर्गवास दिनांक 21.03.2017 को व इनकी पत्नी श्रीमती मुन्ना देवी का दिनांक 26.09.2021 को स्वर्गवास हो गया एवं इनकी मृत्यु के पश्चात् इनके विधिक उत्तराधिकारियों में से श्रीमती रानी जैन (पुत्री) ने श्री सुरेश चन्द जैन व रमेश चन्द जैन (पुत्रान) के पक्ष मे पंजीकृत हकत्याग पत्र दिनांक 04.03.2022 निष्पादित कर दिया। इस प्रकार श्री सुरेश चन्द जैन व श्री रमेश चन्द जैन उक्त सम्पति के मालिक स्वामी काबिज हुए। उक्त सम्पति को श्री आशिष अग्रवाल व रितु अग्रवाल को विक्रय किया जा रहा है। श्री आशिष [illegible]
आर. सी. पार्टनर्स

**आम सूचना** राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त - तृतीय, [illegible] 4901853
[illegible]

**सम्मन बनाम मुद्दायलाह बिनाबर कायमी तनकीहात**
**(आर्डर 5 रूल 1 व 5 जाब्ता दीवानी)**
**अज अदालत श्रीमान् सहायक कलेक्टर महोदय, पाली व इजलास**
**मुद्दई रमेश कुमार बनाम मुद्दायलाह अनिल कुमार वगैरह**
**दावा बाबत धारा 53, 188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955**
[illegible]
सहायक कलेक्टर, पाली (राज.)

**आम सूचना जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रमांक-जविप्रा/उपा./जोन-00/2025 डी-1721 दि. : 19.05.2025
निजी खातेदारी की योजना पिंकसिटी एनक्लेव के भूखण्ड संख्या 202 क्षेत्रफल 311.11 व.ग. की लीजडीड दिनांक 29.10.2010 को श्रीमती अन्जू तोमर पत्नी श्री शैलेन्द्र सिंह तोमर के नाम से जारी किया गया है। तत्पश्चात् उक्त भूखण्ड का बेचान जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 29.10.2010 को श्रीमती अन्जू तोमर पत्नी श्री शैलेन्द्र सिंह तोमर द्वारा श्रीमती शिखा गुप्ता पत्नी श्री सौरभ गुप्ता के नाम से जारी किया गया है। तत्पश्चात् उक्त भूखण्ड का बेचान जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 03.06.2022 को श्रीमती शिखा गुप्ता पत्नी श्री सौरभ गुप्ता द्वारा कुल क्षेत्रफल 311.11 व.ग. में से उत्तरी हिस्सा 155.55 व.ग. श्रीमती कमला शर्मा पत्नी श्री दामोदर प्रसाद शर्मा को कर दिया गया। तत्पश्चात उक्त भूखण्ड का बेचान जरिये रजिस्टर्ड पत्र दिनांक 25.06.2024 को श्रीमती कमला शर्मा पत्नी श्री दामोदर प्रसाद शर्मा द्वारा श्रीमती इंदु जैन पत्नी श्री अरुण कुमार गोदीका एवं श्रीमती धीरा गोदीका पत्नी श्री क्षितिज गोदीका को कर दिया गया। आवेदकों द्वारा उपविभाजन एवं लीजडीड से फ्रीहोल्ड लीजडीड हेतु आवेदन किया गया है। अतः प्रार्थीया को निजी खातेदारी की योजना पिंकसिटी एनक्लेव को भूखण्ड संख्या 202 क्षेत्रफल 311.11 व.ग. का उपविभाजन एवं लीजडीड से फ्रीहोल्ड लीजडीड जारी किये जाने के सम्बंध में कार्यवाही की जानी है। इस सम्बंध में किसी भी व्यक्ति विशेष को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस के अधीन प्रस्तुत करें अन्यथा उक्त भूखण्ड का उपविभाजन एवं लीजडीड से फ्रीहोल्ड लीजडीड जारी किये जाने की कार्यवाही कर दी जावेगी।
उपायुक्त जोन-09 जविप्रा, जयपुर

**आम सूचना जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रमांक-जविप्रा/उपा./जोन-00/2025 डी-1722 दि. : 19.05.2025
निजी खातेदारी की योजना पिंकसिटी एनक्लेव के भूखण्ड संख्या 202 क्षेत्रफल 311.11 व.ग. की लीजडीड दिनांक 29.10.2010 को श्रीमती अन्जू तोमर पत्नी श्री शैलेन्द्र सिंह तोमर के नाम से जारी किया गया है। तत्पश्चात उक्त भूखण्ड का बेचान जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 29.10.2010 को श्रीमती अन्जू तोमर पत्नी श्री शैलेन्द्र सिंह तोमर द्वारा श्रीमती शिखा गुप्ता पत्नी श्री सौरभ गुप्ता के नाम से जारी किया गया है। तत्पश्चात् उक्त भूखण्ड का बेचान जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 03.06.2022 को श्रीमती शिखा गुप्ता पत्नी श्री सौरभ गुप्ता द्वारा कुल क्षेत्रफल 311.11 व.ग. में से दक्षिण हिस्सा 155.55 व.ग. श्री अरुण कुमार गोदीका पुत्री श्री के.सी. गोदीका एवं श्रीमती धीरा गोदीका पत्नी श्री क्षितिज गोदीका को कर दिया गया। आवेदकों द्वारा उपविभाजन एवं लीजडीड से फ्रीहोल्ड लीजडीड हेतु आवेदन किया गया है। अत प्रार्थियों को निजी खातेदारी की योजना पिंकसिटी एनक्लेव के भूखण्ड संख्या 202 क्षेत्रफल 311.11 व.ग. का उपविभाजन एवं लीजडीड से फ्रीहोल्ड लीजडीड जारी किये जाने के सम्बंध में कार्यवाही की जानी है। इस सम्बंध में किसी भी व्यक्ति विशेष को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस के अधीन प्रस्तुत करे अन्यथा उक्त भूखण्ड का उपविभाजन एवं लीजडीड से फ्रीहोल्ड लीजडीड जारी किये जाने की कार्यवाही कर दी जावेगी।
उपायुक्त जोन-09 जविप्रा, जयपुर

## कार्यालय नगर पालिका मण्डल, चाकसू

chaksuulb.jaipur@gmail.com

कमांक / न.पा.चा. / 2025 / 1404 दिनांक: 23.05.2025

**भूखण्डों की ई-निलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका चाकसू में पालिका की अनुमोदित आईडीएसएमटी योजना कोटखावदा मोड चाकसू के आवासीय भू-खण्ड नीचे दर्शित भू-खण्ड व साईज अनुसार निम्नांकित दिवसों में विक्रय किये जायेगे। जिसका ब्यौरा एवं नीलामी की शर्ते कार्य दिवस में कार्यालय में एवं पोर्टल पर ऑनलाईन देखी जा सकती है। उक्त निलामी निर्धारित दिनांक प्रातः 11:00 बजे से ऑनलाईन पोर्टल http://sso.rajasthan.gov.in में ई-ऑक्सन एप्लीकेशन (**E-Auction Application**) के माध्यम से राजस्थान नगर पालिका भूमि निष्पादन नियम 1974 के प्रावधानों के अन्तर्गत सार्वजनिक निलामी से आवासीय भू-खण्ड विक्रय हेतु की जायेगीं। इच्छुक बोलीदाता निर्धारित दिनांक से दो दिवस पूर्व तक अमानत राशि ऑनलाईन जमा कर बोली में भाग ले सकते है। भूखण्डों की बोली ऑनलाईन निर्धारित दिनांक को प्रातः 11.00 बजे से प्रारम्भ की जाकर अंतिम बोली समाप्ति तक रखी गई हैं। भूखण्ड जिस स्थान व जिस स्थिति में होंगे उसी स्थिति में विक्रय किये जायेंगे। जिनका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. सं. | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड का प्रकार | क्षेत्रफल (वर्गमीटर) | आरक्षित दर प्रति वर्गमीटर | तादाद भूखण्डों की संख्या | अमानता राशि (प्रति भूखण्ड) | बोली प्रक्रिया / आवेदन शुल्क | निलामी तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्कूल | शैक्षणिक | 3746.02 | 2000 | 01 | 50,000 / - | 1000 / - | 13.06.2025 |

ई-निलामी सम्बन्धित समय व दिनांक का विवरण :-
ई निलामी से सम्बन्धित विवरण व शर्त वेबसाईट http://sso.rajasthan.gov.in ई-ऑक्सन एप्लीकेशन (E-Auction Application) के माध्यम से देखी जा सकती है।

**निलामी दिनांक 13.06.2025 का विवरण**

| विवरण | दिनांक व समय |
|---|---|
| निविदा आवेदन डाउनलोड करने की तारीख | 24.05.2025 (सोमवार) प्रातः 11.00 बजे से 12.06.2025 (सोमवार) तक सांय 6.00 बजे तक |
| ई-निविदा में भाग लेने हेतु राशि जमा कराने की तारीख | 24.05.2025 (सोमवार) प्रातः 11.00 बजे से 12.06.2025 (सोमवार) तक सांय 6.00 बजे तक |
| ई-निविदा की तारीख | 13.06.2025 (मंगलवार) को प्रातः 11.00 बजे से दिनांक 15.06.2025 सायं 04.00 बजे तक |

**निलामी शर्ते :-**
1. बोली लगाने से पूर्व बोलीदाता को प्रत्येक भूखण्ड हेतु निर्धारित अमानता पृथक-पृथक जमा होने पर बौली में भाग ले सकेगे। उक्त धरोहर (अमानत) राशि ऑनलाईन ही जमा करवाना अनिवार्य होगा।
2. यह भूमि विक्रय राज. नगर पालिका भूमि निष्पादन नियम 1974 नियम से संशोधन 02 को 2010 व उनके जारी परिपत्रों के अन्तर्गत की जा रही है।
3. निलामी बोली में कॉर्नर प्लाट पर अन्तिम निलामी की 10 प्रतिशत अतिरिक्त राशि देय होगी।
4. जिस व्यक्ति के नाम अमानता राशि ऑनलाईन जमा करवाई जावेगी पालिका द्वारा उसी व्यक्ति के नाम का पट्टा जारी किया जावेगा। नाम में किसी प्रकार का संशोधन नही किया जावेगा।
5. उच्चतम बोली लगाने वाले को निलामी कि दिनांक से तीन कार्य दिवस के भीतर अपनी बोली का 15 प्रतिशत राशि जमा कराना अनिवार्य होगा
6. सफल बोलीदाता द्वारा बोली की रकम 35 प्रतिशत भाग निलामी दिनांक से 120 दिवस के अन्तर्गत जमा कराना आवश्यक होगा। तथा शेष 50 प्रतिशत राशि निलामी दिनांक से 180 दिवस के अन्तर्गत जमा करना आवश्यक होगा। असफल रहने पर बोली स्वीकार करने की तिथि से मूल राशि पर 15 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज प्रभारित किया जायेगा। सफल बोलीदाता द्वारा डिमाण्ड की दिनांक से 15 दिवस में सम्पूर्ण राशि जमा कराने पर 01 प्रतिशत राशि की छूट देय होगी।
7. भूखण्ड 99 वर्ष लीज होल्ड पर अरबन सेटलमेन्ट ग्राउण्ड रेट के आधार पर विक्रय किया जावेगा जिसकी लीज राशि आवासीय आरक्षित दर की 2.50 प्रतिशत नियमानुसार केता द्वारा जमा करानी होगी।
8. लीज डीड शाश्वत लीज पत्र का विधिवत पंजीयन करवाना अनिवार्य होगा जिसकी स्टाम्प व नक्शा एवं रजिस्ट्री का व्यय भू-खण्ड केता का होगा।
9. बोली स्वीकार / अस्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष एवं अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका चाकसू के पास सुरक्षित रहेगा जिसका कारण बताना आवश्यक नहीं होगा।
10. 03 वर्ष की अवधि के अन्दर नियमों के अन्तर्गत नक्शा स्वीकृत करवाकर केता को भवन निर्माण करवाना होगा। यदि 03 वर्ष की अवधि में भवन निर्माण नहीं करवाया गया तो जमा करायी गई सम्पूर्ण राशि को पालिका द्वारा जब्त कर लिया जावेगा तथा पालिका द्वारा राशि जब्त कर भूखण्ड को निरस्त कर अपने कब्जे मे ले लिया जायेगा तथा पुनः निलाम कर दिया जावेगा।
11. भूमि के मानखित्र एवं शर्ते / प्रतिबन्ध व समस्त जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय सूचना पट्ट पर देखी जा सकेगी।
12. उपरोक्त भूखण्डों का मौके पर क्षेत्रफल कम या ज्यादा होगा तो उसके आधार पर ही राशि जमा करानी होगी।
13. समयावधि घटाने-बढाने का अधिकार निलामी समिति के पास सुरक्षित रहेगा।
14. बोली बढाने की राशि कम से कम 100 / -रूपये रहेगी। इससे कम बोली की राशि बढाने पर मान्य नहीं होगी।

राज.संवाद / सी / 24 / 2977 अध्यक्ष अधिशाषी अधिकारी

## कार्यालय पंचायत समिति मासलपुर जिला करौली

कमांक :- पंसमा./ लेखा/निविदा/2025-26/134-137 दिनांक : 20/05/2025

**ई-/निविदा सूचना संख्या 11 (वित्तीय वर्ष 2025-26)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति मासलपुर की अधीनस्थ 18 ग्राम पंचायतों में स्वच्छ भारत मिशन योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत के समस्त गांवो के घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की दर अनुमोदन हेतु संविदा वाणिज्यिक कर विभागों जीएसटी अधिनियम 2017 के अन्तर्गत पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों की ई-प्रोक्यूरमेंट पद्धति से ऑन लाईन निविदाएँ ग्राम पंचायत स्तर से आमन्त्रित की जाती है। निम्नांकित कार्यों की कार्यकारी एजेन्सी ग्राम पंचायत होगी। निविदा फार्म / शर्तें ऑनलाईन / कार्यालय में उपलब्ध है।

| क्र. सं. | ग्राम पंचायत का नाम | बोली का विवरण | अनुमानित लागत राशि (रूपये में) | बोली प्रतिभूति राशि (रूपये में) | बोली प्रपत्र शुल्क (रूपये में) | M.D.RISL शुल्क (रूपये में) | बोली प्रपत्र डाउनलोड एवं अपलोड शुरू करने की दिनांक व समय | बोली प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक व समय | बोली खोलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | चैनपुर गाधौली | ग्राम पंचायत के समस्त गांवों में घर-घर (आवासीय एवं व्यवसायिक) से कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण, सडक एवं नाली सफाई तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई सहित कार्य | 365130 | 2 प्रतिशत (प्रति ग्राम पंचायत | रूपये 500 (प्रति ग्राम पंचायत | रूपये 500 (प्रति ग्राम पंचायत | 21/5/2025 सायं 5 बजे | 2/6/2025 दोपहर 12.00 बजे तक | 2/6/2025 दोपहर 2.00 बजे |
| 2 | लैदोरकला | | 1959670 | | | | | | |
| 3 | फतेहपुर | | 270970 | | | | | | |
| 4 | कंचनपुर | | 264950 | | | | | | |
| 5 | डांडा | | 263520 | | | | | | |
| 6 | डुकावली | | 277400 | | | | | | |
| 7 | जमूरा | | 312810 | | | | | | |
| 8 | पिपरानी | | 660130 | | | | | | |
| 9 | खूण्डा | | 248250 | | | | | | |
| 10 | रूधपुरा | | 209690 | | | | | | |
| 11 | मासलपुर | | 628340 | | | | | | |
| 12 | भावली | | 378930 | | | | | | |
| 13 | गुवरेवा | | 253080 | | | | | | |
| 14 | रतियापुरा | | 366625 | | | | | | |
| 15 | कोटा छाबर | | 401100 | | | | | | |
| 16 | सीलोती | | 647970 | | | | | | |
| 17 | खेडिया | | 672470 | | | | | | |
| 18 | नरायणा | | 267840 | | | | | | |

1. निविदा प्रपत्र http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://www.eproc.rajasthan.gov.in पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र शुल्क, प्रोसेसिंग शुल्क एवं अमानत राशि के मूल डी.डी./बैंकर चैक की प्रति ऑनलाईन तकनीकी निविदा के साथ संलग्न कर अपलोड करनी होगी। साथ ही निविदा शुल्क, प्रोसेसिंग शुल्क एवं अमानत राशि का डी.डी./बैंकर चैक निविदा खोलने की दिनांक 02.06.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक जमा करानी होगी।
2. निविदा आमंत्रण की विस्तृत सूचना मय बोली दस्तावेज पंचायत समिति कार्यालय से व्यक्तिशः अथवा राजस्थान राज्य लोक उपापन पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर भी देखा व प्राप्त किया जा सकता है।
3. निविदा प्रपत्र शुल्क संबंधित ग्राम पंचायत के नाम व अमानत राशि का डी.डी./ बैंकर चैक संबंधित ग्राम पंचायत्त के नाम देय होगा एवं प्रोसेसिंग शुल्क का डी.डी. / बैंकर चैक M.D.RISL, Jaipur के नाम देय होगा।
4. निविदा प्रपत्र शुल्क, प्रोसेसिंग शुल्क एवं प्रतिभूति राशि दस्तावेजो को भौतिक रूप से कार्यालय में जमा कराने वाले निविदादाताओं की ही तकनीकी निविदा संबंधित सरपंच/ग्राम विकास अधिकारी कार्यालय पंचायत समिति मासलपुर में उपापन समिति के समक्ष खोली जावेगी।
5. तकनीकी-वाणिज्यिक / क्वालिफाईड बिड दिनांक 02.06.2025 को दोपहर 2.00 बजे कार्यालय पंचायत समिति मासलपुर में उपस्थित बोलीदाता / संवेदक या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष उपापन समिति द्वारा खोली जायेगी व तकनीकी बोली में सफल बोलीदाता की ही वित्तीय बोली खोली जायेगी।
6. किसी निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करने या किसी बोली को निरस्त करने का उपापन समिति का अधिकार सुरक्षित है।

**UBN:- ZKR2526SLRC00124, NIB: ZKR2526A0095**

(मोहनलाल शर्मा, RRDS)
विकास अधिकारी पंचायत समिति मासलपुर

## कार्यालय नगरपालिका देवली (टोंक) राज.

Tel.- (01434) 232013 E-mail : npdeoli@gmail.com

क्रमांक :: न.पा.दे. / आपत्ति आमन्त्रण सूचना / 2025-26 / 11366 दिनांक : 22.05.2025

**आपत्ति आमन्त्रण सूचना**

एतद्द्वारा हितबद्ध, व्यक्ति विशेष, आम खास को सूचित किया जाता है कि पालिका क्षेत्र में अधोलिखित व्यक्तियों द्वारा अपनी सम्पति के नामान्तरण, लीज डीड पट्टा, खांचा भूमि हेतु आवेदन किया गया है। किसी भी व्यक्ति को निम्नांकित इजाजत बाबत् आपत्ति हो तो आपत्ति आमंत्रण सूचना जारी होने की तिथि से 7 दिवस के अन्दर म्याद विधिमान्य दस्तावेजों सहित लिखित में आपत्ति कार्य दिवस के दौरान कार्यालय समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करावें। बाद म्याद गुजरने आपत्ति मान्य नहीं होगीं।

| क्र. स. | नाम प्रार्थी | मौहल्ला | भूखण्ड संख्या / नाप | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री ललित तेजी पुत्र श्री राजेश कुमार तेजी | वार्ड संख्या 01 हरिजन मोहल्ला देवली | भूखण्ड संख्या डी-17 नाप 100 वर्गगज | नामान्तरण |
| 2. | श्रीमती ललिता मीणा पत्नी श्री प्रेम सिंह मीणा | ग्राम ऊंचा पैराफेरी ऐरिया देवली | भूखण्ड संख्या 66 नाप 125 वर्गगज | नामान्तरण |
| 3. | श्रीमती बाली बाई पत्नी स्व. श्री टीकम चन्द जैन, कुन्ती देवी, शांति गोधा, मैन जैन, पुत्रीयां स्व. श्री टीकम चन्द जैन, संजय कुमार जैन पुत्र श्री स्व. श्री टीकम चन्द जैन | वार्ड 17 बस स्टेण्ड के बाहर देवली | भूखण्ड नाप 28.41 वर्गगज | नामान्तरण |
| 4. | श्रीमती राजकुमारी शर्मा पत्नी श्री अशोक कुमार शर्मा | ग्राम कुचलवाड़ा कलां पैराफेरी ऐरिया देवली | भूखण्ड संख्या 14 नाप 111.11 वर्गगज | नामान्तरण |
| 5. | श्रीमती राजकुमारी शर्मा पत्नी श्री अशोक कुमार शर्मा | ग्राम कुचलवाड़ा कलां पैराफेरी ऐरिया देवली | भूखण्ड संख्या 15 नाप 111.11 वर्गगज | नामान्तरण |
| 6. | श्रीमती अनिता कुमारी मीणा पत्नी श्री सुरेन्द्र कुमार मीणा | वार्ड 17 विवेकानन्द कॉलोनी देवली | भूखण्ड संख्या 34 नाप 200 वर्गगज | नामान्तरण |
| 7. | श्रीमती चारू देवी सेन पत्नी श्री संजय सैन | वार्ड 07 कृषि उपज मण्डी के पष्चिमी ओर देवली | भूखण्ड नाप 75.55 वर्गगज | लीज डीड पट्टा |
| 8. | श्री राजेष नाटानी, श्री संजय नाटानी पुत्र स्व. श्री सत्यनारायण नाटानी | वार्ड 07 सब्जी मण्डी के पास देवली | भूखण्ड नाप 82.83 वर्गगज | खांचा भूमि |

राज.संवाद / सी / 25 / 2976 अधिशाषी अधिकारी

## संक्षिप्त

### भगवान प्राप्ति के अनेक मार्ग

**बौंली -बामनवास ।** श्रीमद् भागवत कथा वाचन के दौरान बौंली नगर में व्यास पीठ से कथावाचक राष्ट्रीय प्रवक्ता सुश्री प्रिया किशोरी जी ने सोमवार को उपस्थित महिला, पुरुष श्रद्धालुओं को भगवान की प्राप्ति के अनेकों मार्ग बताते हुए कहा कि जब-जब भी जीव के जीवन में दुख की प्राप्ति होती है तब तब भगवान उस जीव के सामने होते हैं। कथावाचक प्रिया किशोरी जी ने कथा के दौरान कहा कि माता कुंती ने भगवान श्री कृष्ण से दुख ही मांगा था, क्योंकि जब-जब मुझे दुख मिला उस समय भगवान मेरे अनेकों बार सामने थे, लेकिन अत्यंत सुख और भोग विलास राजपथ सुख के समय कभी भी भगवान सामने नहीं आए, कितना भी स्मरण किया लेकिन उनके दर्शन नहीं होते थे। कथा के दौरान साध्वी जी ने स्वर्ण कलयुग का वास, विदुर कथा, भगवान के अवतारों का वर्णन आदि सुनाया। इस दौरान श्रद्धालु महिला, पुरुष भाव विभोर होकर नाच, कूद कर झूमने लगे।

### विभिन्न नालों की साफ-सफाई

**अलवर ।** नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन पर विगत दिनों हुई बरसात के पश्चात शहर के नालों में जमा हुए कचरे को निकालने के लिए नगर निगम की टीमों द्वारा निरन्तर शहर के नालों की साफ-सफाई कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि एसएमडी सर्किल के आसपास, भगतसिंह सर्किल, सब्जी मंडी के आसपास व कालीमोरी के नालों की साफ-सफाई का कार्य किया गया, शेष की साफ-सफाई की जा रही है। उन्होंने शहर के नागरिकों से आठाह किया है कि नालों व नालियों में कचरा न डाले। इससे नाले का प्रवाह रूकता है और गंदगी जमा होने से मच्छर पनपने व बीमारी फैलने की आशंका रहती है। साथ ही नगर निगम की सफाई टीमों को अतिरिक्त समय, श्रम व संसाधन लगाने पडते हैं। उन्होंने कहा कि नालों में कचरा डालना अवैध है। अगर इस प्रकार का कार्य करता हुआ कोई व्यक्ति पाया गया तो उसके विरूद्ध नियमानुसार शास्ति की कार्रवाई की जावेगी।

### नितिन छाबड़ा सम्मानित

**निवाई।** राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के पदाधिकारियों ने भाजपा शहर अध्यक्ष नितिन छाबड़ा का माला व साफा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। संघ के अध्यक्ष सुवालाल मीणा एवं मंत्री रामनरेश विजय ने बताया कि नवनियुक्त शहर अध्यक्ष नितिन जैन की उपस्थिति में बैठक आयोजित हुई। जिसमें शिक्षकों के संगठनात्मक कार्यों व उनकी समस्याओं पर भी विस्ता पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में अध्यक्ष नितिन जैन ने कहा कि वह सदैव शिक्षकों के सम्मान तथा हितों के लिए संगठन के साथ है। उन्होंने शिक्षक संघ राष्ट्रीय द्वारा किए गए सम्मान हेतु हर्ष व्यक्त किया। बैठक में संगठन के जिला कोषाध्यक्ष विमलकुमार विजय, सभाध्यक्ष मनोज जैन, विनोदकुमार जैन, सत्यनारायण खंगार, सियाराम राणा व हनुमान गुर्जर सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

### ट्रेन से गिरने से युवक की मौत

**निवाई।** सदर पुलिस थाना क्षेत्र के चनानी फाटक के समीप रेलवे ट्रेक पर रविवार की रात करीब 10:30 बजे एक 32 वर्षिय युवक का शव मिला है। सदर थानाधिकारी हीरालाल वर्मा ने बताया कि जयपुर से इन्दोर जाने वाली ट्रेन से चनानी फाटक के समीप रेलवे ट्रेक पर संतुलन खराब होने से एक युवक गिर गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतक के शव को उप जिला अस्पताल निवाई की मोर्चरी में रखवाया गया है। मृतक की पहचान नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि मृतक का रंग गैंहुआ है और नीले रंग की पेंट व आसमानी रंग की शर्ट पहन रखी है। पुलिस मृतक के परिजनों की तलाश कर रही है।

### पल्लेदारों ने बांधे परिंडे

**निवाई।** कृषि उपज मंडी में पक्षियों के लिए पल्लेदारों ने परिंडे बांधे। पल्लेदार नाथू माली व मुकेश मीणा ने बताया कि भीषण गर्मी के मौसम के चलते किसी बेजुबान पक्षियों की प्यास से मौत नहीं हो सके। जिसको लेकर मंडी परिसर में पक्षियों के लिए परिण्डे बांधे गए एवं परिंडों में पानी भरने की जिम्मेदारियां सौंपी गई। इस अवसर पर कालू यादव, छोटू यादव, दीपू नायक, हेमराज गुर्जर, पप्पू नायक, सूरज यादव, विनोद नायक, दिनेश नायक, विष्णु माली सहित कई पल्लेदार मौजूद थे।

# घटिया सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों का विरोध, पीडब्ल्यूडी पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

**नारायणपुर ।** कस्बे में सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा लगभग 60 लाख रुपये की लागत से बानसूर रोड से बास गोवर्धन तक बनाई जा रही नॉन पेचेबल मिसिंग लिंक सड़क को लेकर सोमवार को ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए पीडब्ल्यूडी विभाग पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण में घटिया सामठाी का उपयोग किया गया है, जिससे यह सड़क रात को बनकर तैयार हुई और सुबह तक उखड़ गई। आगामी कुछ ही दिनों में मानसून के आगमन की संभावना है, ऐसे में ग्रामीणों को चिंता है कि यह सड़क पहली ही बारिश में बह सकती है। इसी के चलते सोमवार को ग्रामीणों ने लाखेडा बिजली ग्रिड के पास एकत्र होकर पीडब्ल्यूडी के खिलाफ जोरदार



लगभग 60 लाख रुपये की लागत से बानसूर रोड से बास गोवर्धन तक बनाई जा रही नॉन पेचेबल मिसिंग लिंक सड़क को लेकर सोमवार को ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया।

नारेबाजी की और प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि निर्माण कार्य में पारदर्शिता नहीं बरती गई और जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत से ठेकेदार द्वारा मानकों के विपरीत काम किया गया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क निर्माण की गुणवत्ता में सुधार नहीं किया गया और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे बड़ा आंदोलन शुरू करेंगे। इस मामले में जब पीडब्ल्यूडी एक्सईएन नीलम पुनिया से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि सडक निर्माण में 20 एमएम पीएमसी तकनीक का उपयोग किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि अगर सडक की गुणवत्ता को लेकर कोई शिकायत है, तो जांच करवाई जाएगी और दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। प्रदर्शन में बडी संख्या में

> ■ ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि निर्माण कार्य में पारदर्शिता नहीं बरती गई

ग्रामीण शामिल हुए। इस मौके पर युवा नेता राकेश दायमा, मन्ना लाल सैनी, बाबुराम सैनी, तेजपाल शेखावत, विक्रम सैनी, रोहिताश शेखावत, धीरज कुमावत, प्रमोद मीणा, योगेश जाट, विमल कुमावत, शंकर लाल सैनी, जगदीश यादव, राम सिंह यादव, कमलेश शर्मा, जगदीश शर्मा, भूपेश शर्मा और लाला राम सैन सहित बडी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी रही।

## भगवान शांतिनाथ का जन्म धूमधाम से मनाया

**निवाई ।** सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में आर्यिका विशेषमति माताजी के सानिध्य में सोमवार को श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अठावाल मंदिर में जैन धर्म के 16 वें तीर्थंकर भगवान शांतिनाथ का जन्म, तप एवं मोक्षकल्याणक धूमधाम से मनाया गया। जैन धर्म प्रचारक सुनिल भाणजा व विमल जौंला ने बताया कि नरेन्द्रकुमार, दिलीपकुमार भाणजा ने प्रात: काल में भगवान श्री शांतिनाथ का अभिषेक एवं शांतिधारा की। उसके पश्चात सोधर्म इन्द्र चेतनकुमार, अजयकुमार शिवाड़ ने मंडल पर 5 कलश स्थापित किए। जिसमें श्रद्धालुओं ने धूमधाम से शांतिनाथ मण्डल विधान की पूजा-अर्चना की। उन्होंने बताया कि पंडित सुरेश के शास्त्री के निर्देशन में श्रद्धालु सत्यनारायण, सतीश कुमार चैनपुरा ने निर्वाण कांड बोलकर भगवान का निर्वाण लाडू चढ़ाया।

# गजल-कविताएं राष्ट्र प्रेम तथा मानवीयता का अनुपम संदेश देती हैं : कवि कैलाश

**मनोहरपूर ।** विचार-मंच" मनोहरपुर के तत्वावधान में कवि उमेश "चन्दर" के ग़ज़ल संग्रह "बोलती आंखें" और गिरधारी सिंह "गिरधर" के कुण्डलिया संग्रह "म्हीनां री मनवार" पर कवि कैलाश

> ■ कवि उमेश "चन्दर" के ग़ज़ल संग्रह "बोलती आंखें" और गिरधारी सिंह "गिरधर" के कुण्डलिया संग्रह "म्हीनां री मनवार" पर कवि कैलाश मनहर के निवास स्थान पर चर्चा की

मनहर के निवास स्थान पर चर्चा एवं कवि



विचार-मंच" मनोहरपुर के तत्वावधान में कवि उमेश "चन्दर" के ग़ज़ल संग्रह पर कवियों ने विचार विमर्श किया।

गोष्ठी का सार्थक आयोजन हुआ। कवि कैलाश मनहर ने कहा कि उमेश "चन्दर" की ग़ज़लें समसामयिक विषयों पर पूरी संवेदनशीलता के साथ अभिव्यक्ति करती हैं और गिरधारी सिंह "गिरधर" की कुण्डलियाँ राष्ट्र प्रेम तथा मानवीयता का अनुपम संदेश देती हैं। इस अवसर पर उपस्थित कवियों में कवि कल्याण बक्श गुर्जर, कमल कांत शर्मा, उमेश चन्दर, गिरधारी सिंह "गिरधर" और कैलाश मनहर ने अपनी नई कवितायें प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन कमलकांत शर्मा ने किया।

# टसकोला में 12वीं बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों ने मारी बाजी

**पावटा ।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा गुरुवार शाम को घोषित किए गए कक्षा 12 विज्ञान, कलां व वाणिज्य संकाय के परीक्षा परिणाम में इस बार सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए निजी स्कूलों के विद्यार्थियों को कड़ी टक्कर दी है। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर के द्वारा घोषित उच्च माध्यमिक परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय टसकोला में 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025 में विद्यार्थियों ने बाजी मारते हुए रीना गुर्जर 91 प्रतिशत, निशा शेखावत 90.80 प्रतिशत , रवि गुरिया 89.40 प्रतिशत अंक प्राप्त किया । विद्यालय में 12वीं कक्षा में 28 छात्र छात्राएं थे ।जिनमें से 27 प्रथम श्रेणी व एक छात्र सेकंड डिवीजन उत्तीर्ण हुआ ।

इस दौरान विद्यालय प्रांगण में ठाम पंचायत सरपंच भेरूलाल यादव, एसएमसी अध्यक्ष जगदीश प्रसाद चौहान एवं प्रधानाचार्य लीलाराम एवं वरिष्ठ व्याख्याता बिरजू सिंह जाट, यादराम गुर्जर, विजय सिंह गुर्जर, संजय वर्मा सहित प्रतिष्ठित उप सरपंच



महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय टसकोला में 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025 में बेहतर नम्बर पाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

> ■ माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा गुरुवार शाम को घोषित किए गए कक्षा 12 विज्ञान, कलां व वाणिज्य संकाय के परीक्षा परिणाम में इस बार सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए निजी स्कूलों के विद्यार्थियों को कड़ी टक्कर दी है।

महिपाल सिंह शेखावत, भवानी शंकर चावला, चिरंजीलाल गुर्जर, कैलाश सुपारिया, द्वारका प्रसाद शर्मा, नरेश कुमार यादव, हेमसुता शर्मा सहित ग्रामीणों द्वारा सभी प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान कर उन्हें प्रेरणा दी तथा मोटिवेशन किया बधाई दी शुभकामनाएं दी।

## पेंशनर का वार्षिक सत्यापन जारी, जल्द करवाएं

**पावटा।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग पावटा के सामाजिक सुरक्षा अधिकारी गैंदालाल ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अंतर्गत पेंशनर्स का वार्षिक सत्यापन प्रतिवर्ष माह नवंबर एवं माह दिसंबर में करवाया जाना होता है। पावटा ब्लॉक में वर्तमान में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अंतर्गत ठाामीण क्षेत्र में कुल पेंशनर 22678 पेंशन धारी योजना का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। जिसमें से 20697 पेंशनर्स का वार्षिक सत्यापन किया जा चुका है और 1981 पेंशन का वार्षिक सत्यापन किया जाना शेष है। शहरी क्षेत्र नगर पालिका में कुल पेंशनर्स 4483 योजना का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। जिसमें 4071 पेंशनर्स का वार्षिक भौतिक सत्यापन किया जा चुका है और 412 पेंशनर्स का वार्षिक भौतिक सत्यापन किया जाना शेष है। अत: पेंशन प्राप्त कर रहे सभी पेंशनर्स अपने नजदीकी ई मित्र पर जाकर अपनी उंगली की छाप के माध्यम से सत्यापन

> ■ सत्यापन के अभाव में हमेशा के लिए बन्द हो जाएगी पेंशन

करवा सकते हैं।

पेंशनर्स विभाग द्वारा जारी मोबाइल ऐप के माध्यम से घर बैठे अपने मोबाइल पर फेस कैप्चर करके निशुल्क सत्यापन कर सकते हैं। पेंशनर्स अपने क्षेत्र के पेंशन स्वीकृत कर्ता अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर पेंशन पीपीओ से जुडे मोबाइल नंबर पर ओटीपी के माध्यम से सत्यापन करवा सकते हैं । उक्त में से किसी भी माध्यम सत्यापन नहीं हो पाता है तो संबंधित पेंशन स्वीकृत कर्ता अधिकारी के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ओटीपी के माध्यम से सत्यापन करवाया जा सकता है। दिनांक 30 में 2025 तक वार्षिक सत्यापन नहीं करवाया गया तो पेंशन बंद हो जाएगी। सत्यापन के अभाव में पेंशन राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा।

# 3.5 करोड़ की लागत से निर्मित 11/33 केवी सब-स्टेशन का किया लोकार्पण

**अलवर ।** केन्द्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेन्द्र यादव एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने सोमवार को 3.5 करोड़ की लागत से निर्मित 11/33 केवी सब-स्टेशन मेडिकल कॉलेज परिसर (जेल चौराहा) का स्विच दबाकर लोकार्पण किया। केंद्रीय मंत्री यादव ने कहा कि डबल इंजन की सरकार राजस्थान के चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सके इसके लिए निरन्तर विकास कार्य कराकर सुविधाओं में इजाफा किया जा रहा है। उन्होंने पीएम सूर्य घर योजना का लाभ उठाने का आ ान करते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की सब्सिडी लेकर अपने विद्युत बिल को जीरो करने के साथ अतिरिक्त विद्युत उत्पादन से आय अर्जित की जा सकती है।

वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने कहा कि इस नवनिर्मित विद्युत सब-स्टेशन से आसपास के क्षेत्रों को निर्बाध व गुणवत्तापूर्वक विद्युत आपूर्ति हो सकेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार के बेहतरीन तालमेल से प्रदेश अब विकास के पथ पर तेजी से अठासर हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की घोषणाओं को धरातल पर अमलीजामा



केन्द्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेन्द्र यादव एवं वन राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) संजय शर्मा ने विधुत केवी सब-स्टेशन का लोकार्पण किया।

पहनाया जा रहा है। उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ जागरूक रहकर उठाने का आ ान किया।

विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता सुधीर पाण्डे ने बताया कि इस सब-स्टेशन में एक हिस्सा मेडिकल कॉलेज के लिए डेडिकेटेड रहेगा एवं एक अन्य हिस्से से 5 अलग फीडर निकाले जाएंगे, जिसमें धोबी गट्टा, मीनापाडी, दिल्ली दरवाजा, प्रताप पलटन रोड, जेल परिसर व क्वार्टर, दीवान जी का बाग, कोली धर्मशाला, हनुमान जी बगीची, ढूसर वाला कुआं, मुंशी बाग, मुंशीपाडा, तिवाडी का कुआं, गालिब सैयद, लड्डू खास की बगीची, विजय नगर एवं स्कीम नं. 10 के करीब 8 हजार

> ■ नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सके इसके लिए निरन्तर विकास कार्य कराकर सुविधाओं में इजाफा किया जा रहा है

उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि फीडर छोटे होने से फाल्ट ट्रिपिंग में कमी व वोल्टेज की कमी से विद्युत कटौती जैसी समस्याओं से उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। इसके अतिरिक्त 33/11 केवी विवेक विहार सब-स्टेशन के लगभग 8 हजार उपभोक्ताओं को भी फीडर छोटा होने के कारण विद्युत कटौती से राहत मिलेगी। इस दौरान अतिथियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया । इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, प्रधान श्रीमती वीरमती देवी व दौलतराम जाटव, घनश्याम गुर्जर, संजय नरूका, पं. जलेसिंह, सतीश यादव, इन्द्र यादव, जितेन्द्र सैनी, जितेन्द्र गोयल सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### गुन्सी में भगवान का जन्म मनाया



**निवाई।** सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुन्सी में आर्यिका ज्ञानश्री माताजी एवं ज्ञायक माताजी के सान्निध्य में एवं प. विमल बनेठा की मौजूदगी में शांतिनाथ भगवान का जन्म, तप व मोक्ष कल्याण मनाया गया। विज्ञातीर्थ अध्यक्ष सुनिल भाणजा ने बताया कि श्रद्धालुओं ने शांतिनाथ भगवान का अभिषेक व शांतिधारा करके निर्वाण लाडू चढाया और विधान की पूजा-अर्चना की। महेन्द्र कुमार, नितिन कुमार, विपिनकुमार गर्ग देवी नगर वालों एवं अशोक कुमार, मंजू, राहुल व नीलू कासलीवाल फागी वालों ने शांतिधारा की। भागचंद बाकलीवाल, पदमचंद, प्रेमचंद, राहुल बडज़ात्या, पदमचंद पाटनी ने निर्वाण लाडू चढाया।

### 17 आरोपी गिरफ्तार

**बौंली- बामनवास ।** भरतपुर रेंज पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश के आदेशानुसार चलाए जा रहे दो दिवसीय एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत सवाई माधोपुर जिले की बौंली व बाटोदा थाना पुलिस ने विभिन्न प्रकरणों में वांछित चल रहे 17 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बौंली पुलिस थाने के हैड कांस्टेबल धर्मेंद्र चौधरी ने बताया कि अभियान के तहत सुरेश मीणा निवासी हिंगोली, हरिराम बेरवा निवासी देवली, रामचरण मीणा निवासी नामतोड़ी भूपेंद्र उर्फ़ छतरी बेरवा निवासी मुकुंदपुरा को वारंटी में गिरफ्तार किया गया है एवं एमएमडीआर एक्ट व विभिन्न प्रकरणों में सीताराम बेरवा निवासी खिरनी, साबिर शाह निवासी बौंली, दिलखुश मीणा निवासी जटावती, दिलराज मीणा निवासी बागडी, प्यार सिंह गुर्जर निवासी मामडोली, अवैध बजरी खनन व परिवहन करते एक ट्रैक्टर ट्राली को जप्त किया गया है। आबकारी अधिनियम के तहत 52 देसी पवै जप्त कर सीताराम बेरवा निवासी खिरनी को गिरफ्तार किया गया है, बीएनएसएस एक्ट के तहत राम किशोर मीणा निवासी बिहारीपुरा थाना लालसोट को गिरफ्तार किया गया है। इसी प्रकार बाटोदा पुलिस थाने ने हरि सिंह मीणा निवासी सुंदरी, रामस्वरूप मीणा निवासी बरनाला, विजेंद्र सिंह राजपूत निवासी जीवद, कैलाश चंद्र निवासी खेड़ा बाढ़ रामगढ़, धर्मसिंह मीणा निवासी झरोदा व जितेंद्र मीणा निवासी बरनाला को गिरफ्तार किया है।

### दुकानों से लिए फलों के नमूने

**निवाई।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा व औषधि नियंत्रण एच गुईटे के निर्देशानुसार आमजन को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामठाी उपलब्ध करवाने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने विशेष अभियान शुद्ध आहार- मिलावट पर वार अभियान के तहत निवाई फल सब्जी मण्डी में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने कार्यवाही करते हुए फलों के नमूने लिए। जिससे फल सब्जी विक्रेताओं में हडकम मच गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शेलेन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि सोमवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी मदनलाल गुर्जर नें सोहेला में संचालित फल सब्जी की दुकानों का औचक निरीक्षण कर फलों के नमूने लिए व खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर ने निवाई की फल सब्जी मण्डी मे संचालित दुकानों व गोदामों का औचक निरीक्षण कर सेब, आम, केला, पपीता, अंगूर, तरबूज, टमाटर व हरी मिर्च का नमूना लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला में भिजवाया है। उन्होंने बताया कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर नें बताया कि निरीक्षण के दौरान फल व सब्जियों को प्रतिबंधित रसायनों से पकाए जाने पर खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम के तहत कार्यवाही की जायेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शेलेन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि विभाग द्वारा एडवाईजरी जारी करते हुए बताया है कि फल व सब्जियॉ जिन्हे कैल्सियम काबाईड से कृत्रिम रूप से पकाया गया हो या पकाये जाने की आशांका हो, अंगूर व सेब पर अत्यधिक वैक्स, कोटिंग या कीटनाशक टॉक्सेज मौजूद हो तो उनको खरीदने व सेवन करने से पूर्व विशेष सावधानी रखें। इनसे श्वसन तंत्र व तंत्रिका तंत्र पर गम्भीर बिमारिया हो सकती है।

### भगवान श्रीराम की लीलाओं का वर्णन

**निवाई।** गांव नला में आयोजित श्री मद् भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण अवतार का वर्णन किया गया। कथा वाचक पं. लादूलाल दाधीच ने बताया कि राजा हरिशचन्द्र सत्यवादी थे, उनको भी सत्य की परीक्षा देनी पडी। इसके बाद राजा दशरथ के घर कौशल्या के गर्भ से भगवान श्रीराम, कैकयी के गर्भ से भरत जी, सुमित्रा के गर्भ से लक्ष्मण व शत्रुघ्न का जन्म हुआ। भगवान राम का जन्म होने के बाद राजा दशरथ ने घर घर बधाई बांटी चारों बालकों को गुरु वशिष्ठ के पास विद्या अध्ययन के लिये भेजा। गुरुजी ने उन चारों बालको को विद्या में परिपूर्ण किया। व्यवहारिक शिक्षा, धनुष विद्या सिखाई विद्या पूर्ण होने के बाद चारों भाई वापस अयोध्या आए। अयोध्या नगरी में चारों भाईयो का आदर सत्कार हुआ। उसी समय विश्वामित्रजी राम लक्ष्मणजी को लेने पहुंचे। राजा दशरथ ने गुरु वशिष्ठ जी के कहने से राम लक्ष्मण को महर्षि विश्वामित्र के साथ भेज दिया। रास्ते में भगवान राम ने ताडका का उद्धार किया। सहस्त्र सुभाहु का वध किया। मारीच को बाण से सत् योजन दूर भेज दिया और महर्षि विश्वा मित्र का यज्ञ सफल करवाया। भगवान ने अहिल्या उद्धार, धनुष भंग, राम सीता विवाह, केवट का उद्धार, राम भरत मिलाप, सीता हरण, जटायु उद्धार, सुठाीव मित्रता, हनुमानजी द्वारा लंका दहन, श्रीरामजी द्वारा रावण का वध करने सहित कई लीलाओं का वर्णन किया। इस दौरान ठाकुरजी व व्यास पीठ की आरती करके प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर सीताराम दाधीच, जगदीश दाधीच, ओम दाधीच, सोनू दाधीच, लोकेश दाधीच, सीताराम दाधीच, कौशल दाधीच, अशोक शर्मा, रामेश्वर बराला, रामविलास खाती, सत्यनारायण अध्यापक व बदरी अध्यापक सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### जल मंदिर का शुभारंभ

**श्रीमाधोपुर ।** गायत्री मंदिर अजीतगढ़ के व्यवस्थापक पूर्व उपनिदेशक चिकित्सा विभाग गोविन्द नारायण शर्मा ने इस भीषण नौतपा की आग उगलती गर्मी में प्यास से त्रस्त आमजन को राहत पहुंचाने के लिए शीतल, शुद्ध, केवड़ा युक्त, मधुर जल, पिलाने के लिए टीम मित्राय (बी ह्यूमन इंडिया फाउंडेशन) ने शिव मेडिकल स्टोर शोप नम्बर 13 के सहयोग से श्री गोविन्द राधे जल मंदिर का शुभारंभ एसएमएस अस्पताल के सामने शिव मेडिकल के पास किया गया है।यह जल पिलाने का कार्यक्रम गर्मियों में सोमवार से शुरू होकर हरि इच्छा तक अनवरत चलता रहेगा।इसका उद्घाटन गोविन्द नारायण शर्मा पूर्व उपनिदेशक द्वारा आज शुभ मुहूर्त में किया गया। इस मौके पर कई लोग मौजूद थे

### सत्संग भजन आयोजित

**शाहपुरा ।** ग्राम बिदारा में श्री भंवर दासजी महाराज के सानिध्य में गंगा माता का विशाल सत्संग भजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नवरंग म्युजिक एण्ड फिल्म्स के लेखक व गायक लालचंद नवरंग ने श्रवण कुमार की कथा गाई। इसके अलावा। साथी कलाकार ज्ञानचंद, हास्य कवि विनोद कुमार शर्मा, सिंगर लोकेश नवरंग, चरी वादक आलीम, नंगारा वादक दिलीप नवरंग ने भी बारी- बारी से भजनों की प्रस्तुति दी। सुबह चार बजे आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### तप एवं मोक्ष कल्याणक मनाया

**चाकसू।** श्री दिगंबर जैन मंदिर आदिनाथ जी बालवाडी में जैन धर्म के 16वें तीर्थंकर भगवान शांतिनाथ का जन्म, तप एवं मोक्ष कल्याणक दिवस बड़े ही भक्ति भाव एवं श्रद्धा पूर्वक मनाया गया । समाज के अध्यक्ष दिनेश गंगवाल तामडिया एवं महामंत्री अजय गंगवाल ने बताया कि प्रात: अभिषेक शांति -धारा की गई एवं भगवान को अर्घ्य समर्पित किए गए । और उसके पश्चात भगवान शांतिनाथ को निर्वाण लड्डू समर्पित किया गया । इसके पश्चात दोपहर में शांति मंडल विधान पूजा की गई। जिसमें मंडल के 120 अर्घ्य चढ़ाए गए । विधानाचार्य पंडित सुरेश जी शास्त्री निवाई एवं संगीतकार महेश एंड पार्टी महुआ के सान्निध्य में भजनों एवं संगीत से विधान सानंद संपन्न हुआ । सायंकाल समाज का सामूहिक भोजन हुआ उसके पश्चात आरती एवं भक्तामर अनुष्ठान 48 दीपकों से हुआ ।



शुभमन गिल के अलावा टीम इंडिया के पास कैप्टन के लिए कोई और ऑप्शन नहीं था। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड की कठिन परिस्थितियों में भारत की कप्तानी करना शुभमन गिल जैसे युवा खिलाड़ी के लिए एक चुनौती होगी। - चेतेश्वर पुजारा

भारतीय बल्लेबाज, शुभमन गिल के बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी

## प्रियांक पंचाल



गुजरात क्रिकेट टीम के दाएं हाथ के बल्लेबाज प्रियांक पंचाल ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया है। गुजरात क्रिकेट संघ (जीसीए) ने सोमवार प्रियांक पंचाल के क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की जानकारी दी। प्रियांक पंचाल सलामी बल्लेबाज के रूप में 17 वर्ष से अधिक समय तक गुजरात की घरेलु टीम का हिस्सा रहे। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनका शानदार प्रदर्शन रहा और उन्होंने भारत ए टीम के लिए कप्तानी की। उन्होंने गुजरात ओर से 99 रणजी ट्रॉफी मैचों सहित 127 प्रथम श्रेणी मैच खेले। जिसमें उन्होंने 29 शतक और 34 अद्धर्शतक के साथ 45.18 की औसत से 8856 रन बनाए।

**क्या आप जानते हैं ?...** क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेसी पुरुषों के फुटबॉल में शीर्ष दो सक्रिय अंतरराष्ट्रीय गोल स्कोरर हैं।

# पंजाब ने मुंबई को 7 विकेट से हराया, टॉप-2 में जगह पक्की





जयपुर, 26 मई। पंजाब किंग्स ने 2025 के 69वें मैच में मुंबई इंडियंस को 7 विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ टीम ने मौजूदा सीजन में पॉइंट्स टेबल के टॉप-2 में जगह पक्की कर ली है। फिलहाल, टीम 19 अंक के साथ टेबल के टॉप पर है। पंजाब अब 29 मई को क्वालिफायर-1 खेलेगी। दूसरी ओर, इस हार के बाद मुंबई को 30 मई को एलिमिनेटर खेलना पड़ेगा।

जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में पंजाब ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। मुंबई ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 184 रन बनाए। पंजाब ने 185 रन का टारगेट 18.3 ओवर में तीन विकेट पर हासिल कर लिया है। कप्तान श्रेयस अय्यर ने ट्रेंट बोल्ट की गेंद पर छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई। वे 16 बॉल पर 26 रन बनाकर नाबाद लौटे। जोश इंग्लिस (73 रन) और प्रियांश आर्या (62 रन) ने फिफ्टी जमाई। दोनों ने शतकीय साझेदारी की। मिचेल सैंटनर ने दो विकेट झटके। एक विकेट जसप्रीत बुमराह को मिला।

मुंबई की ओर से सूर्यकुमार यादव ने 39 बॉल पर 57 रनों की पारी खेली। उन्होंने 6 चौके और 2 छक्के लगाए। शेष बल्लेबाज 30 रन का आंकड़ा पार नहीं कर सके। पंजाब के अर्शदीप सिंह, मार्को यानसन और विजयकुमार वैशाख को 2-2 विकेट मिले।

18वें ओवर में पंजाब ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां जोश इंग्लिस 73 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मिचेल सैंटनर ने किया। अपील को फील्ड अंपायर के नकारने के बाद मुंबई के कप्तान हार्दिक पंड्या ने लिया। रिप्ले देखने के बाद थर्ड अंपायर ने इंग्लिस को आउट करार दिया।

16वें ओवर में पंजाब ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। जोश इंग्लिस ने विल जैक्स के ओवर की दूसरी बॉल पर दो रन लेकर टीम को 150 रन तक पहुंचाया।

15वें ओवर में पंजाब किंग्स ने दूसरा विकेट गंवा दिया। ओवर की पहली बॉल मिचेल सैंटनर ने ऑफ स्टंप के बाहर फेंकी। प्रियांश आर्या बड़ा शॉट खेलने गए, लेकिन लॉन्ग ऑफ पर कैच हो गए। उन्होंने 62 रन बनाए। पंजाब से नंबर-3 पर बैटिंग करने उतरे जोश इंग्लिस ने 29 गेंद पर फिफ्टी लगा दी। उन्होंने 12वें ओवर में हार्दिक पंड्या के खिलाफ सिंगल लिया और अपनी हाफ सेंचुरी पूरी कर ली। इसी ओवर की आखिरी गेंद पर प्रियांश आर्या ने छक्का लगाया और 27 गेंद पर अपनी फिफ्टी पूरी कर ली।









## 74वीं राजस्थान सीनियर तैराकी प्रतियोगिता में जयपुर का दबदबा रहा



जयपुर, 26 मई। 74वीं राजस्थान सीनियर तैराकी प्रतियोगिता के दूसरे दिन तैराकों को लालचंद कटारिया, पूर्व मंत्री भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार, ओम पूनियां प्रेसिडेंट जयपुर सागर एवं हेमंत शर्मा पुलिस महानिरीक्षक, श्री ने क्वेश्चन को मेडल प्रदान किए। अनिल व्यास, अध्यक्ष राजस्थान तैराकी संघ ने प्रेमियों का स्वागत किया। आज के पुरुषों के अलग अलग कैटेगरी में फर्स्ट, सेकंड ओर थर्ड स्थान के परिणाम इस प्रकार रहे:- 1500 एम. फ्री स्टाइल में अनस, नवीन भादू, प्रखर शर्मा। 200 एम. बैक स्ट्रोक में साहिल गुप्ता, गौरांग मोदी, सौरव पोसवाल। 50 एम. बटर फ्लाई में कनिष्क नगर, कृष्णादित्य सिंह, यश तिवारी। 4 100 एम. फ्री स्टाइल रिले में यश तिवारी, साहिल गुप्ता, कृष्णादित्य, शौर्यवीर, मोहम्मद अनस, लोकेंद्र, पूर्वाक्ष, दक्ष, वधन, आर्यवर्धन, प्रिंसेस, हिमांशु। वूमेंस के अलग अलग कैटेगरी में परिणाम इस प्रकार रहे:- 1500 एम. फ्री स्टाइल में एनिका अग्रवाल, मिष्टी शर्मा, मनसाची कौर। 200 एम. बैक स्ट्रोक में दक्षिणा जोशी, निधि दहिया, नारीक्ति व्यास। 50 एम बटर फ्लाई में दक्षिणा जोशी, समृद्धि टॉक, विधि सनाढ्य। 200 एम. फ्री स्टाइल में योग्या सिंह, हरिका अलग, मिष्टी शर्मा। 100 एम. ब्रेस्ट स्ट्रोक में रतिका खाता, विधि सनाढ्य, आध्या ब्रिजेश।

## भवानी निकेतन पब्लिक स्कूल ने डायमंड क्रिकेट क्लब को हराया



जयपुर, 26 मई । जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अनुराग मिश्रा स्मृति बी डिवीजन लीग के नॉक आउट मुकाबले में आज के एल सैनी स्टेडियम पर चौथे क्वार्टर फाइनल मैच में श्री भवानी निकेतन पब्लिक स्कूल ने डायमंड क्रिकेट क्लब को 101 रनों से हराया। भवानी निकेतन पब्लिक स्कूल ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मयंक सारस्वत के 83 रन, गौरव सैनी के 72 रन, मयंक कुमावत के 32 रन व राहुल शर्मा के 63 रनों से 48.5 ओवर में 301 रन बनाए। डायमंड क्रिकेट क्लब के लिए अविनाश यादव ने 64 पर 4, वेदांक शर्मा ने 65 पर 3, संजय महावार ने 54 पर 2 विकेट लिए। जवाबी पारी में डायमंड क्रिकेट क्लब ने कुमार वासुदेव के 72 रन, आदित्य शर्मा के 43 रन, रुद्र सोनी के 14 रन, संजय महावार के नाबाद 21 रन व अविनाश यादव के 15 रनों से 41 ओवर में 200 रन बनाकर आउट हो गई। श्री भवानी निकेतन पब्लिक स्कूल के लिए गौरव सैनी ने 25 पर 3, युवराज मुन्दोटिया ने 27 पर 2 व सौरभ शर्मा ने 31 पर 2 विकेट लिए। पहला सेमी फाइनल मैच पी टी क्रिकेट क्लब (इंडिया पोस्ट)व अरावली क्रिकेट क्लब के मध्य खेला जाएगा।

# इंडिया-इंग्लैंड सीरीज के डिजिटल राइट्स जियो हॉटस्टार ने खरीदे, टीवी राइट्स सोनी के पास

नई दिल्ली, 26 मई। भारत और इंग्लैंड के बीच अगले महीने होने वाली टेस्ट सीरीज के डिजिटल ब्रॉडकास्टिंग राइट्स जियोहॉटस्टार ने खरीद लिए हैं। टेलीविजन राइट्स अब भी सोनी टीवी के पास ही हैं। क्रिकबज की रिपोर्ट अनुसार, जियो और स्टार ने 1 महीने के अंदर सोनी के साथ यह डील साइन की।

भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट की सीरीज 20 जून से शुरू होगी। मैचों का प्रसारण टीवी पर सोनी और ऑनलाइन जियोहॉटस्टार पर किया जाएगा। जियोहॉटस्टार पर ही इन दिनों की ब्रॉडकास्टिंग भी हो रही है। व्हाइट बॉल सीरीज भी जियोहॉटस्टार पर देख सकेंगे सोनी और जियो स्टार के बीच हुआ टेम्पररी एग्रीमेंट अगले साल भी जारी रहेगा। भारत को 2026 में इंग्लैंड दौरे पर 3 वनडे और 5 टी-20 की सीरीज भी खेलनी है। इसके मैच भी के माध्यम से जियोहॉटस्टार पर दिखाए जाएंगे।

सोनी ने 8 साल के लिए के राइट्स खरीदे सोनी टीवी ने पिछले साल ही इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड के ब्रॉडकास्टिंग राइट्स खरीदे थे। राइट्स 2031 तक के लिए खरीदे गए। इसके तहत इंग्लैंड में होने वाले सभी क्रिकेट मैच को भारतीय दर्शक सोनी पर ही देख सकेंगे। जियो, स्टार और सोनी के बीच नई डील में का भी बड़ा योगदान रहा।

1 अगस्त तक चलेगी सीरीज भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का पहला मैच 20 जून से लीड्स में खेला जाएगा। 2 जुलाई से बर्मिंघम में दूसरा टेस्ट, 10 जुलाई से लॉर्ड्स में तीसरा टेस्ट, 23 जुलाई से मैनचेस्टर में चौथा टेस्ट और 31 जुलाई से 4 अगस्त तक लंदन के द ओवल मैदान पर पांचवां और आखिरी टेस्ट होगा।

## आरसीबी, लखनऊ के खिलाफ जीत के साथ शीर्ष-2 में जगह बनाने उतरेगी

लखनऊ, 26 मई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु मंगलवार को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी एकाना स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के अंतिम लीग मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स पर जीत हासिल करने के लिए शीर्ष दो में जगह बनाने मैदान में उतरेगी। वहीं लखनऊ सम्मानजक विदाई के लिए पुरजोर कोशिश करेगी। रजत पाटीदार की अगुआई वाली आरसीबी ने सीजन के आखिरी चरण में अपने पिछले पांच मैचों में से चार में जीत दर्ज करके शीर्ष पर है, जबकि लखनऊ प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है। आरसीबी यहां जीत हासिल कर वह दूसरे स्थान पर पहुंच सकती है और प्लेऑफ में उसे अतिरिक्त जीवनदान मिल सकता है। एलएसजी टूर्नामेंट में सम्मान के साथ विदाई के लिए अच्छा प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल करनी होगी।



## ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में कालानी ने गोल्ड मैडल जीता

मदनगंज-किशनगढ़, 26 मई। बिटल स्कूल जयपुर में आयोजित नेशनल ताईक्वानडो चैंपियनशिप में किशनगढ़ के खिलाड़ियो ने जीत का परचम फहराया। प्रतियोगिता में सीए साकेत कालानी की होनहार बिटिया शिवी कालानी ने बेहतरीन प्रदर्शन कर किशनगढ़ सहित अजमेर जिले का नाम रोशन किया। शिवी द्वारा लीग मैच में झांसी की ध्रुवी राठौड़ को एवं फाइनल मैच में ग्वालियर की आर्ची जैन को हराकर गोल्ड मेडल जीता। शिवी ने अपनी ऐतिहासिक जीत का श्रेय कोच कृष्णकांत शर्मा सहित माता-पिता व चाचा-चाची को दिया है। अकैडमी डायरेक्टर कृष्णकांत शर्मा ने बताया कि शिवी आने वाले समय में किशनगढ़ का नाम नेशनल व इंटरनेशनल लेवल पर भी रोशन करेगी।

# बृजभूषण के खिलाफ यौन शोषण केस खत्म

गोंडा, 26 मई। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने बृजभूषण शरण सिंह को नाबालिग पहलवान से यौन शोषण मामले में बरी कर, केस क्लोज कर दिया। पिछली सुनवाई में नाबालिग अपने बयान से पलट गई थी। जिसके बाद कोर्ट ने ये निर्णय लिया। यौन शोषण का मामला क्लोज होने के बाद गोंडा में जश्न का माहौल है। नाबालिग ने 1 अगस्त, 2023 को बंद कमरे में हुई सुनवाई के दौरान कहा था कि उसने किसी राजनीतिक या भावनात्मक दबाव में आकर ये आरोप लगाए थे। ऐसी कोई घटना नहीं घटी थी। जिसमें वह खुद को पीड़िता मानती हो। इस बयान के बाद कोर्ट ने इसे गंभीर परिवर्तनीय साक्ष्य माना था। बृजभूषण बोले- मामले में सच्चाई नहीं कोर्ट के निर्णय पर दैनिक भास्कर ने पूर्व सांसद बृजभूषण से फोन पर बातचीत की। उन्होंने कहा- यह बजरंगबली और प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद है कि मुझे इस मामले में पहली बड़ी जीत मिली है। कथित पहलवानों के भड़कने से नाबालिग पहलवान ने मेरे ऊपर आरोप लगाया था। लेकिन जब उसको सच्चाई पता चली, तो उसने सही बयान दिया था। जिसके आधार पर कोर्ट ने उस मुकदमे को खत्म कर दिया है। कल मैं सबसे पहले अयोध्या पहुंच कर बजरंगबली का आशीर्वाद लूंगा। उसके बाद अपने नंदिनी नगर माता मंदिर पहुचूंगा, जहां आशीर्वाद लेकर अपने घर जाऊंगा। जल्द ही जो अन्य महिला पहलवानों के मामले चल रहे हैं, उसको लेकर हम हाईकोर्ट गए हुए हैं, वह मुकदमा भी जल्द खत्म होगा। उनमें कोई सच्चाई नहीं है।

## रेबेका श्रामकोवा को हराकर इगा स्वियाटेक फ्रेंच ओपन के अगले दौर में

पेरिस, 26 मई। पोलैंड की स्टार टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियाटेक ने सोमवार को स्लोवाकिया की रेबेका श्रामकोवा को हराकर फ्रेंच ओपन के अगले दौर में जगह बना ली हैं। आज यहां कोर्ट फिलिप-चैटियर पर खेले गये मुकाबले में पोलैंड की स्वियाटेक ने आत्मविश्वास के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए स्लोवाकिया की रेबेका स्त्रामकोवा को सीधे सेटों में 6-3, 6-3 से हराकर फ्रेंच ओपन दूसरे दौर में प्रवेश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त पोलिश खिलाड़ी स्वियाटेक ने पहले सेट में जल्दी ही ब्रेक लिया। मैच के दौरान उन्होंने सटीक ग्राउंडस्ट्रोक और मजबूत सर्विस के साथ गेम में अपना दबदबा बनाए रखा। हालांकि इस दौरान श्रामकोवा ने आक्रामक प्रदर्शन किया लेकिन वह मिले अवसरों को भुनाने में विफल रही। दूसरे सेट में भी यही कहानी रही, स्विएटेक ने दो बार और ब्रेक लिया। उन्होंने एक घंटे और 31 मिनट में तक चले मुकाबले में स्लोवाकिया खिलाड़ी पर जीत दर्ज की। स्विएटेक की फ्रेंच ओपन में यह लगातार 22वीं जीत है। फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में स्विएटेक का मुकाबला ब्रिटेन की एम्मा राडुकानू से होगा। जिन्होंने दिन की शुरुआत में तीन सेटों के संघर्षपूर्ण मुकाबले में चीन की वांग जिन्यू को हराया।

# फ्रिट्ज हुये उलटफेर का शिकार, सितसिपास, बडोसा अगले दौर में

पेरिस, 26 मई। फ्रेंच ओपन 2025 के दूसरे दिन सोमवार को जर्मनी के डेनियल अल्टमायर ने उलटफेर करते हुए चौथी वरीयता प्राप्त अमेरिका के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज को हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। वही स्टेफानोस सितसिपास और पाउला बडोसा ने अगले दौर में जगह बना ली हैं।

आज यहां रोलांड गैरोस के क्ले कोर्ट पर खेले गये मुकाबले में जर्मनी के डेनियल अल्टमायर चौथी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज को 7-5, 3-6, 6-3, 6-1 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। डेनियल अल्टमायर ने आक्रामक और रणनीतिक खेल का प्रदर्शन करते हुए फ्रिट्ज की लय को बाधित कर निर्णायक जीत दर्ज की। अब अल्टमायर का अगले दौर में चेक गणराज्य के विट कोप्रिवा से मुकाबला होगा।

एक अन्य मैच में पांचवीं वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सितसिपास ने अर्जेंटीना के टॉमस मार्टिन एचेवेरी को 7-5, 6-3, 6-4 से हराकर क्ले-कोर्ट में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

वहीं महिलाओं के ड्रॉ में, पाउला बडोसा ने चुनौतीपूर्ण शुरुआत से उबरते हुए पूर्व विश्व नंबर वन नाओमी ओसाका को 6-7(1), 6-1, 6-4 से हराया। दिन के सबसे प्रभावशाली प्रदर्शनों में से एक गैर-वरीयता प्राप्त स्पेन की जेसिका बूज़ास मानेरो का था, जिन्होंने नौवीं वरीयता प्राप्त अमेरिका की एम्मा नवारो को एक घंटे से भी कम समय में 6-0, 6-1 से हराया।

एक अन्य मुकाबले में पोलैंड की स्टार टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियाटेक ने स्लोवाकिया की रेबेका श्रामकोवा को हराकर फ्रेंच ओपन के अगले दौर में जगह बना ली हैं। कोर्ट फिलिप-चैटियर पर खेले गये मुकाबले में पोलैंड की स्वियाटेक ने आत्मविश्वास के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए स्लोवाकिया की रेबेका स्त्रामकोवा को सीधे सेटों में 6-3, 6-3 से हराकर फ्रेंच ओपन दूसरे दौर में प्रवेश किया।

शीर्ष वरीयता प्राप्त पोलिश खिलाड़ी स्वियाटेक ने पहले सेट में जल्दी ही ब्रेक लिया। मैच के दौरान उन्होंने सटीक ग्राउंडस्ट्रोक और मजबूत सर्विस के साथ गेम में अपना दबदबा बनाए रखा। हालांकि इस दौरान श्रामकोवा ने आक्रामक प्रदर्शन किया लेकिन वह मिले अवसरों को भुनाने में विफल रही। दूसरे सेट में भी यही कहानी रही, स्विएटेक ने दो बार और ब्रेक लिया। उन्होंने एक घंटे और 31 मिनट में तक चले मुकाबले में स्लोवाकिया खिलाड़ी पर जीत दर्ज की। स्विएटेक की फ्रेंच ओपन में यह लगातार 22वीं जीत है। फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में स्विएटेक का मुकाबला ब्रिटेन की एम्मा राडुकानू से होगा। जिन्होंने दिन की शुरुआत में तीन सेटों के संघर्षपूर्ण मुकाबले में चीन की वांग जिन्यू को हराया।

## क्रिकेट प्रतियोगिता में रोमांचक मुकाबले

उदयपुर 26 मई। चैंबर ऑफ कॉमर्स उदयपुर डिवीजन द्वारा आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन रोमांचक मुकाबले हुए। तीसरे दिन आठ मुकाबले खेले गए, जिनमें व्यापारिक संगठनों की टीमें आपस में भिड़ी। प्रतियोगिता के संयोजक संजय भंडारी और कैलाश सोनी ने बताया कि ोमवार को आयोजन स्थल पर व्यापारिक वर्ग से जुड़े लोग मौजूद रहे। चेंबर ऑफ उदयपुर डिवीजन अध्यक्ष पारस सिंघवी ने बताया कि रविवार को हुए मुकाबलों के दौरान अतिथि के रूप में उदयपुर के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) राजेश मीणा, कांग्रेस नेता खूबी लाल मेनारिया, समाजसेवी राजकुमार फत्तावत, उद्योगपति धीरेंद्र सच्चान, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष तख्त सिंह शक्तावत, राजेश मूंदड़ा,पार्षद देवेंद्र साहू, रविंद्र सुराणा,अनिल गुप्ता, गुप्ता, एस के खेतान, चैंबर संरक्षक शब्बीर के. मुस्तफा आदि उपस्थित रहे। तीसरे दिन कुल आठ मुकाबले खेले गए, जिनमें भाग लेने वाली टीमों में मालदास स्ट्रीट व्यापार संघ, श्री बर्तन एसोसिएशन, व्यापार मंडल सेक्टर 5,6 (टाइगर), देवाली नीमच माता व्यापार मंडल, श्री उदयपुर किराना एंड ड्राई फ्रूट संगठन, यूनिवर्सिटी रोड व्यापार परिषद, शक्ति नगर व्यापार संघ, सर्राफा एसोसिएशन (हीरोज), उदयपुर डिस्ट्रिक्ट रिटेल केमिस्ट समिति, ऑयल एंड सीड्स मर्चेंट एसोसिएशन, टिंबर एंड प्लाईवुड मर्चेंट वेलफेयर सोसाइटी, खुदरा खाद्य पदार्थ व्यापार संघ, उदयपुर कंप्यूटर ट्रेडर्स एसोसिएशन बी टीम आदि प्रमुख रहीं।

## पर्पल कैप की दौड़ में प्रसिद्ध को पछाड़ नूर हुये आगे

नई दिल्ली, 26 मई। चेन्नई सुपर किंग्स के नूर अहमद कल खेले गये अंतिम लीग मैच में 21 रन देकर तीन विकेट झटकर गुजरात टाइटंस के प्रसिद्ध कृष्णा को पछाड़ते हुए पर्पल कैप तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए है। टूर्नामेंट में नूर के पास अब और मौका नहीं जबकि प्लेऑफ में पहुंची गुजरात टाइटंस के प्रसिद्ध के पास आगे मैचों में फिर से बेहतर प्रदर्शन कर आगे निकलने का अवसर है।

# मुख्यमंत्री भजनलाल ने राजस्थान हाउस पुनर्निर्माण का निरीक्षण किया

## नई दिल्ली में पृथ्वीराज रोड़ स्थित भवन में ऊपर के स्ट्रक्चर का 70 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है

नई दिल्ली/जयपुर, 26 मई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को नई दिल्ली के पृथ्वीराज रोड स्थित राजस्थान हाउस के पुनर्निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। शर्मा ने कहा कि सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करते हुए समय सीमा में पुनर्निर्माण कार्य पूरा किया जाए।

निरीक्षण के दौरान, अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को जानकारी दी कि लोअर बेसमेंट में अंडर ग्राउंड वॉटर टैंक एवं सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के सिविल कार्य

- मुख्यमंत्री ने जनपथ लेन में देवस्थान विभाग द्वारा संचालित श्री बटुक भैरव मंदिर में दर्शन व पूजा की।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नई दिल्ली स्थित राजस्थान हाउस के पुनर्निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।*

पूर्ण होने के साथ ही, हाउस के ऊपरी भाग के निर्माण का करीब 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है।

उल्लेखनीय है कि नई दिल्ली स्थित राजस्थान हाउस के पुनर्निर्माण में राजस्थान की कलात्मक स्थापत्य शैली का खूबसूरत तरीके से समन्वय किया जाएगा। भवन की बाहरी दीवार पर धौलपुर सैण्ड स्टोन का कार्य किया जाएगा। नए राजस्थान हाउस में दो बेसमेंट, भूतल और 6 फ्लोर का प्रावधान रखा गया है। भवन के बेसमेंट में पार्किंग तथा मुख्य भवन में लॉबी, कैफेटेरिया, वेटिंग एरिया, डाईनिंग एरिया, फव्वारा, हैंगिंग झूमर, एट्रियम आदि बनाए जाएंगे। वहीं, प्रथम तल पर कॉन्फ्रेंस हॉल, पुस्तकालय व जिम तथा छत पर टैरेस गार्डन, पार्टी हॉल, योग कक्ष आदि की सुविधाएं मिलेंगी।

इससे पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जनपथ लेन स्थित देवस्थान विभाग द्वारा संचालित श्री बटुक भैरव मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने पूजा-अर्चना की।

# पहलगाम हमले का हमारी सेना ने मुँहतोड़ जवाब दिया: पायलट

## बाड़मेर की जयहिंद सभा में जिले से लेकर राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी, नेता, कार्यकर्ता शामिल हुए

बाड़मेर, 26 मई (नि.सं.)। पश्चिमी राजस्थान के सरहदी जिले बाड़मेर में सोमवार को कांग्रेस ने बालाजी फार्म पर भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम के सम्मान में जय हिंद सभा का आयोजन किया। सभा में जिला स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक के संगठन - पदाधिकारी, नेता, विधायक, सांसद, कार्यकर्ता आदि मौजूद थे। इस दौरान वीरांगनाओं का सम्मान किया गया।

सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा कि पहलगाम हमला देश की अस्मिता पर आक्रमण था, भारत पर आक्रमण था, जिसका मुंहतोड़ जवाब हमारी सेना ने दिया। जब-जब देश को ललकारा गया, सेना ने दुश्मन के दांत खट्टे किए हैं। सचिन पायलट ने कहा कि देश में सामूहिक आस्था किसी एक चीज में है तो सेना में है। यह सभा सैनिकों को सलाम करने के लिए है। पायलट ने कहा कि हमने नहीं पूछा कि आतंकी कैसे पहलगाम में घुसे, कहां चूक हुई। हमने कोई सवाल नहीं पूछा और सब पूरी एकजुटता के साथ सरकार के साथ रहे। अचानक अमेरिकी राष्ट्रपति ने घोषणा की कि मैंने युद्ध विराम करा दिया। यह कैसे और किस शर्त पर हुआ, इसके बारे में सरकार को बताना चाहिए।



*कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने बाड़मेर में भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम के सम्मान में आयोजित जय हिंद सभा को संबोधित किया।*

पायलट ने कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी की तीसरी पीढ़ी फौज में है। मध्य प्रदेश के मंत्री ने क्या शब्द कहे उनके लिए, उनका इस्तीफा नहीं लिया गया। पायलट ने तंज कसते हुए कहा कि सरकार यहां के लोगों से क्यों दुश्मनी निकाल रही है। बिजली पानी के क्या हाल हैं, आप देख रहे हो। उन्हें पता था कि कांग्रेस के नेता आ रहे हैं तो बिजली गुल कर दी। यहां के लोगों से सरकार क्यों दुश्मनी निकाल रही है।

सचिन पायलट ने कहा, आज वो समय आ गया कि 200 देशों को पता चले कि पूरा देश एक है। काफी डेलिगेशन दुनिया के देशों में गए। अच्छा होता कि अधिवेशन बुलाया जाता और सब कहते कि हम एक हैं। सत्र बुलाया जाना चाहिए था और फिर डेलिगेशन भेजे जाते। पायलट ने कहा कि सरहद के लोगों ने निडर होकर छाती सामने की है। सेना के पीछे बाड़मेर-जैसलमेर के

- पायलट ने कहा कि अच्छा होता, पहले संसद का अधिवेशन बुलाया जाता फिर डेलिगेशन भेजे जाते।
- जयहिंद सभा में रणदीप सुरजेवाला, सुखविंदर सिंह रंधावा, गोविन्द डोटासरा, टीकराम जूली, हरीश चौधरी, अशोक गहलोत भी मौजूद थे।

लोग चट्टान की तरह खड़े हैं। जो हमें तोड़ना चाहते हैं, हम उन्हें कभी कामयाब नहीं होने देंगे। पायलट ने कहा, हमें गर्व है कि हम बाड़मेर में खड़े हैं। यहां से पाकिस्तान दूर नहीं है। यहां सेना खड़ी है। जान की परवाह किए बिना सेना ने हमारे निर्दोष लोगों की हत्या का बदला लिया, मुंहतोड़ जवाब दिया। सेना के साथ उनके परिवारों को धन्यवाद, जिन्होंने अपनों को बॉर्डर पर भेजा है।

सभा में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, सांसद रणदीप सुरजेवाला, राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, मध्य प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी सहित, कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय, प्रदेश व स्थानीय स्तर के पदाधिकारी, नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## 'सुख चैन से रोटी खाओ वरना मेरी गोली तो है ही.........'

भुज, 26 मई । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार से दो दिवसीय गुजरात दौरे पर हैं। अपने इस दौरे के क्रम में उन्होंने कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। पीएम मोदी ने गुजरात के भुज में एक जनसभा को भी संबोधित किया और आतंकवाद को लेकर भारत की नीति को एक बार फिर स्पष्ट किया। उन्होंने पाकिस्तान को भी सख्त संदेश देते हुए कहा कि सुख

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए आतंकवाद के खिलाफ ज़ीरो टॉलरैंस की नीति को फिर से स्पष्ट किया

चैन से जियो, रोटी खाओ, वरना मेरी गोली तो है ही।

पीएम ने अपने संबोधन में पाकिस्तान को घेरते हुए कहा कि भारत पर्यटन में विश्वास करता है, यह एक ऐसी शक्ति है, जो लोगों को एक साथ लाती है। लेकिन, पाकिस्तान जैसे देश हैं, जो आतंकवाद को अपने पर्यटन के रूप में देखते हैं, जो वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा है।

# बिल्डर सत्यनारायण गुप्ता को हाईकोर्ट से बड़ी राहत

## हाईकोर्ट ने अशोक नगर थाना पुलिस को आदेश दिए कि बिल्डर को ना तो गिरफ्तार किया जाए ना ही कोई दंडात्मक कार्यवाही की जाए

**- यादवेन्द्र शर्मा -**

जयपुर, 26 मई। राजस्थान हाई कोर्ट ने जयपुर के एक बिल्डर सत्यनारायण गुप्ता के खिलाफ दायर तीन एफ.आई.आर. में अंतरिम राहत देते हुए, अशोक नगर पुलिस थाने में एस.एच.ओ. और जांच अधिकारी को आदेश दिए हैं कि के याचिकाकर्ता, सत्यनारायण गुप्ता के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्यवाही न करे।

अदालत ने अपने आदेश में सरकार की ओर से पैरवी कर रहे "पब्लिक प्रॉसिक्यूटर" (पी.पी.) को आदेश दिए हैं कि वे अगली सुनवाई तक तथ्यात्मक रिपोर्ट पेश करें, क्योंकि सुनवाई के दौरान यह स्पष्ट हुआ था कि एफ.आई.आर. दर्ज कराने वाले घनश्याम सिंघल और याचिका दायरकर्ता सत्यनारायण गुप्ता के बीच कई 'सिविल' मुकदमे चल रहे हैं, जिन पर अंतिम फैसला नहीं आया है, जो एफ.आई.आर. में दर्ज विवादों से सीधा संबंध रखते हैं। अदालत ने आदेश में यह भी स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ता सत्यनारायण गुप्ता, पुलिस जांच में सहयोग करेंगे, परंतु पुलिस उन्हें सुनवाई

- सुनवाई के दौरान स्पष्ट हुआ कि याचिकाकर्ता बिल्डर सत्यनारायण गुप्ता और उन पर एफ.आई.आर. करने वाले घनश्याम सिंघल के बीच कई सिविल मुकदमे चल रहे हैं, जिनका एफ.आई.आर. में दर्ज विवादों से सीधा सम्बंध है और वे मुकदमे अभी भी लंबित हैं।
- अदालत ने याचिकाकर्ता की इस दलील को भी रिकॉर्ड पर लिया कि उस पर 13 साल पुराने मामले में एफ.आई.आर. की गई है क्योंकि घनश्याम सिंघल उस पर पुलिस का दबाव बनाना चाहते हैं और इसमें पुलिस अफसरों की भूमिका भी संदिग्ध है।

की अगली तारीख या तथ्यात्मक रिपोर्ट पेश होने तक गिरफ्तार नहीं कर सकती।

न्यायाधीश प्रवीर भटनागर ने यह आदेश सत्यनारायण गुप्ता द्वारा उसके खिलाफ तीन एफ.आई.आर. को रद्द करने के लिए दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। इस मामले में याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता स्वदीप सिंह होरा, अधिवक्ता राजेश महर्षि और अधिवक्ता नरेश सेजवानी पैरवी के लिए पेश हुए थे।

इस मामले में याचिकाकर्ता का कहना था कि घनश्याम सिंघल और आनंद दलेला ने उसके खिलाफ 420सी, धोखाधड़ी, जालसाज़ी और आपराधिक तरीके से विश्वास भंग करने का आरोप लगाया है। याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया कि एफ.आई.आर. में दर्ज तथ्यों के अनुसार, याचिकाकर्ता ने देवी कंस्ट्रक्शन नामक कंपनी को 23 प्लॉट बेचे और इस रकम को एफ.आई.आर. दायरकर्ता घनश्याम सिंघल के साथ बने 'एसक्रो अकाउंट' में नहीं डाला, इसके अलावा, सत्यनारायण गुप्ता ने 57 पट्टों को भी बेचा, जिसकी जानकारी उन्होंने अपने बिज़नैस पार्टनर घनश्याम सिंघल के साथ साझा नहीं की।

याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया था कि इस मामले में एफ.आई.आर. संपत्ति के बेचान के 13 साल बाद की गई, क्योंकि एफ.आई.आर. दायरकर्ता, याचिकाकर्ता पर पुलिस का दबाव बनाना चाहते हैं, ताकि वह मोटी रकम लेके मामले का निपटारा कर सके। अदालत ने अपने आदेश में याचिकाकर्ता की दलील को भी रिकॉर्ड पर लिया है कि पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी इस मामले में याचिकाकर्ता पर दबाव बनाने की साज़िश कर रहे हैं। अदालत ने इस तथ्य को भी रिकॉर्ड पर लिया कि एफ.आई.आर. दायरकर्ता और याचिका दायरकर्ता के बीच मध्यस्थता (आरबिट्रेशन) टल रही है, जिसमें हाईकोर्ट ने 'आरबिट्रेटर' भी नियुक्त किया है। इस मामले की अगली सुनवाई 10 जुलाई 2025 तय की गई है।

## पत्नी की ..

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

ममता के भाई आकाश ने 18 जुलाई, 2023 को शास्त्री नगर थाने में रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में कहा गया कि ममता का विवाह 12 साल पहले कानाराम से हुआ था।

वह आए दिन उसके साथ मारपीट करता था। शाम को उसकी दूसरी बहन, जो ममता की जेठानी भी है ने फोन कर अभियुक्त की ओर से ममता की हत्या की जानकारी दी।

रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया। सुनवाई के दौरान, मृतका की बहन ने अदालत को बताया कि घटना के दिन ममता के चिल्लाने की आवाज सुनकर वह उसके कमरे में गई थी। वहां ममता खून में लथपथ पड़ी थी और उसके गले से खून बह रहा था।

वहीं, अभियुक्त उसके पास खड़ा था और उसके हाथ में खून से सना सुआ था। सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने अभियोजन पक्ष के गवाहों के बयानों के आधार पर अभियुक्त को सजा सुनाई है।

## सुप्रीम कोर्ट ने जज ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

चीफ जस्टिस ऑफ इण्डिया, संजीव खन्ना ने समिति की रिपोर्ट, साथ में जस्टिस वर्मा की प्रतिक्रिया राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को सौंपी थी। अब यह कार्यपालिका और संसद की जिम्मेवारी है कि वे इस मामले में अगला कदम क्या उठाते हैं।

न्यायपालिका की इनहाउस प्रक्रिया के अनुसार, यदि किसी न्यायाधीश को पद छोड़ने की सलाह दी जाती है और वह इस्तीफा नहीं देता, तो सी.जे.आई. राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को संभावित महाभियोग की प्रक्रिया आरंभ करने के लिए पत्र लिखता है। आठ मई को सुप्रीम कोर्ट ने एक बयान में पुष्टि की: "भारत के मुख्य न्यायाधीश ने इनहाउस प्रक्रिया के तहत, भारत के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है तथा तीन-सदस्यीय समिति की 3 मई की रिपोर्ट की एक प्रति तथा जस्टिस यशवंत वर्मा

- कमेटी ने अपनी जाँच के आधार पर रिपोर्ट बनाकर मु.न्यायाधीश के समक्ष पेश की थी जिसे मु. न्यायाधीश ने राष्ट्रपति व प्र.मंत्री से साझा किया था।
- इस रिपोर्ट की कॉपी सूचना के अधिकार के अंतर्गत मांगी गई थी। न्यायालय ने यह रिपोर्ट साझा करने में असमर्थता जताई थी।

से दिनांक 6 मई को प्राप्त पत्र/प्रतिक्रिया को संलग्न किया है।"

# हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को एसआई भर्ती में एक माह का समय दिया

जयपुर, 26 मई। राजस्थान हाईकोर्ट ने एसआई भर्ती-2021 पेपर लीक मामले में राज्य सरकार को आखिरी एक माह का समय देते हुए कहा है कि एक जुलाई को राज्य सरकार भर्ती के संबंध में अंतिम निर्णय लेकर अदालत में जवाब पेश करे। वहीं, अदालत ने अन्य पक्षों को अपनी लिखित बहस पेश करने को कहा है। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने ये आदेश कैलाश चन्द्र शर्मा व अन्य की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान, राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद ने प्रार्थना पत्र पेश कर कहा गया कि कैबिनेट सब कमेटी की 21 मई को प्रस्तावित बैठक को 20 मई को बुलाकर एसआई भर्ती के विभिन्न आयामों पर चर्चा की गई थी। वहीं, 22 मई को बीकानेर में कार्यक्रम होने और 24 मई को नीति आयोग की बैठक की तैयारियों के चलते आगे की कार्रवाई नहीं हो सकी। इसके अलावा, 25 मई को सीएम कॉन्क्लेव के चलते भर्ती को लेकर निर्णय नहीं हो सका। इसलिए भर्ती पर निर्णय के लिए समय दिया जाए।

जस्टिस जैन- हम खंडपीठ के आदेश से बंधे हुए हैं। आप भर्ती को लेकर निर्णय क्यों नहीं कर रहे हैं।

महाधिवक्ता - भर्ती को लेकर बैठक की गई थी, बाद में उक्त आयोजनों के कारण निर्णय नहीं हो सका। इस संबंध में प्रार्थना पत्र पेश किया गया है। निर्णय लेने की प्रक्रिया चल रही है।

- महाधिवक्ता ने विश्वास दिलाया कि अगली सुनवाई में सरकार खाली हाथ नहीं आयेगी

जस्टिस जैन- आपको कितना समय चाहिए। हम मामले की सुनवाई परसों रख देते हैं।

महाधिवक्ता- तीन दिन बाद समर वेकेशन शुरू हो रहे हैं। ऐसे में मामले की सुनवाई जुलाई में रखी जाए। भर्ती को लेकर विभिन्न आयामों को देखना है।

याचिकाकर्ता के वकील हरेन्द्र नील- सरकार पहले की लंबा समय ले चुकी है। अब समय नहीं दिया जाए।

जस्टिस जैन - चलिए फिर, आपके प्रार्थना पत्र को अलग रखते हैं और केस को मेरिट के आधार पर तय कर देते हैं। आप राय दे चुके हैं। अब क्या कहना है। आप चाहें तो हम अपनी छुट्टियां स्थगित कर मामला सुन सकते हैं।

महाधिवक्ता- राय देते समय रिपोर्ट थी कि आधे से ज्यादा अभ्यर्थी अनुचित साधनों से पास हुए हैं। जांच के बाद, अभी तक करीब 50 अभ्यर्थियों की मिलीभगत सामने आई हैं।

याचिकाकर्ता के वकील पूर्व एएजी आरपी सिंह- जब सरकार के एजी, कैबिनेट सब कमेटी और एसओजी की एसआईटी परीक्षा रद्द करने की सिफारिश कर चुकी हैं। फिर अब सब कमेटी को बैठक कर क्या तय करना है। ऐसी मॉकरी कब तक चलेगी।

जस्टिस जैन- मॉकरी, आपके समय क्या होता था।

महाधिवक्ता- इस बार अंतिम मौका दे दें। अब तक जो हुआ, सो हुआ। आगामी सुनवाई को सरकार खाली हाथ नहीं आएगी। भर्ती को लेकर लिया गया निर्णय ठोस आधारों के साथ अदालत में पेश किया जाएगा।

जस्टिस जैन- हम आखिरी मौका दे रहे हैं। यदि अभी भी निर्णय नहीं हुआ तो प्रक्रिया में शामिल लोगों को परिणाम भुगतने होंगे।

## देश के कई हिस्सों में मानसून सक्रिय

नयी दिल्ली, 26 मई। दक्षिण-पश्चिम मानसून मुंबई, बेंगलुरु और पूर्वोत्तर राज्यों सहित देश के कई हिस्सों में सक्रिय हो गया है। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को बताया कि मानसून मध्य अरब सागर, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ गया है। इसके अलावा, त्रिपुरा, मणिपुर, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम में भी मानसून पहुंच गया है। असम और मेघालय के कुछ हिस्सों में भी सोमवार को मानसून की बारिश हुई। दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए स्थितियां अनुकूल बनी हुयी हैं और यह जल्द ही अरब सागर के मध्य भाग, महाराष्ट्र के अन्य हिस्सों, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में सक्रिय हो जायेगा।

## 'मैं भारतीय हूँ, ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

उन्होंने एक के बाद एक ट्वीट में लोगों का गुस्सा साझा किया और संबंधित महिला अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एसबीआई के अधिकारियों को टैग भी किया। कई कांग्रेस नेताओं और मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने भी कहा कि बैंकों में इस प्रकार की कन्नड़ विरोधी मानसिकता अब बहुत आम होती जा रही है और इसकी निंदा की जानी चाहिए। बढ़ते जनदबाव के बीच शनिवार को एसबीआई ने संबंधित महिला अधिकारी का तबादला कर दिया। इस कार्यवाही का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने कहा, "सूर्य नगर, अनेकल तालुक की एसबीआई शाखा की मैनेजर द्वारा कन्नड़ और अंग्रेजी में बात न करना और नागरिकों के प्रति अनादर दिखाना अत्यंत निंदनीय है। हम अधिकारी के त्वरित तबादले के लिए एसबीआई की सराहना करते हैं। अब इस मामले को बंद समझा जा सकता है।" उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि ऐसे घटनाएं फिर से नहीं होनी चाहिए। सिद्दारमैया ने कहा, "सभी बैंक कर्मचारियो को ग्राहकों के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार करना चाहिए और स्थानीय भाषा में बात करने का हर संभव प्रयास करना चाहिए। मैं वित्त मंत्रालय और वित्तीय सेवा विभाग से आग्रह करता हूं कि वे पूरे भारत में बैंक स्टाफ के लिए सांस्कृतिक और भाषाई संवेदनशीलता प्रशिक्षण अनिवार्य करें। स्थानीय भाषा का सम्मान करना, लोगों को सम्मान करना आवश्यक है।"

## कोटपूतली में ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

नोटिस दिये जाने के बाद किये गये थे। जुलाई 2022 में सभी याचिकाकर्ताओं को जो नोटिस दिये गये, वे दो गवाहों इद्रजीत और राम कुमार सैनी द्वारा हस्ताक्षरित थे और सभी नोटिस में केवल यही दो या तीन लोग गवाह बनाये गये। पूरी प्रक्रिया की निष्पक्षता और विश्वसनीयता पर गंभीर संदेह उत्पन्न करता है। अदालत ने कहा कि राज्य सरकार 15 दिन में एक कमेटी का गठन करे और याचिकाकताओं से आपत्तियां मंगाई जाये। कमेटी सभी याचिकाकर्ताओं को सुनवाई का अवसर प्रदान करेगी और प्रत्येक व्यक्तिगत मामले में तर्कसंगत और स्पष्ट आदेश पारित कर आपत्तियों पर कानून के अनुसार निर्णय करेगी। यदि समिति इस निष्कर्ष पर पहुंचती है कि कोई याचिकाकर्ता अपने वैध दस्तावेजों से परिसर पर कब्जा रखता है, और सड़क के विस्तार के लिये उसकी आवश्यकता है, तो उसे मौजूदा दरों के अनुसार उचित दर पर पर्याप्त मुआवजा दिया जाये ओर उसे किसी भी क्रियान्वित सरकारी योजना के तहत उसकी पात्रता के अनुसार भूमि आवंटित की जा सकती है। यदि कोई आपत्ति प्राप्त नही होती है तो कानून के अनुसार आगे कार्यवही करने की स्वतंत्रता होगी।

## बाँग्लादेश की ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

बढ़ी है, जिसमें सिविल सेवकों, शिक्षकों, राजनीतिक दलों और सेना जैसे समूहों ने अंतरिम सरकार पर शीघ्र लोकतांत्रिक चुनाव कराने का दबाव डाला है। पिछले रविवार सरकार ने एक अध्यादेश जारी कर लोक प्रशासन मंत्रालय को अनुशासनहीनता के मामलों में, बिना लंबी प्रक्रिया के, सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त करने की अनुमति दी, लेकिन भारी विरोध के चलते सरकार को यह आदेश वापस लेना पड़ा।

यूनुस सरकार एक ओर तो शीघ्र चुनाव कराने और दूसरी ओर सुधारों की जोर पकड़ती माँग के बीच फंसी हुई है। यूनुस ने कहा है कि आम चुनाव जून 2026 में कराए जा सकते हैं, जबकि पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के नेतृत्व वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी इस साल दिसंबर तक चुनाव कराने की मांग कर रही है। हाल ही में, बांग्लादेश के सेना प्रमुख जनरल वकार उज़ ज़मान ने भी सरकार पर दबाव बनाते हुये, वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर असंतोष जताया और दिसंबर में चुनाव कराने की आवश्यकता बताई।

अपने राजनीतिक अस्तित्व को बचाने की कोशिश में, यूनुस भारत को एक हौआ के रुप में पेश करते आ रहे हैं और उनके सलाहकारों ने बांग्लादेश की स्थिति को "युद्ध जैसी परिस्थिति" कहा है। कुछ दिन पहले, उन्होंने इस्तीफा देने की धमकी भी दी थी, लेकिन उनकी सरकार ने तुरंत ही इसका खंडन जारी कर दिया था।

## इस सप्ताह मोदी बिहार में पार्टी ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

पुष्टि की है कि नैशनल डेमोक्रेटिक अलायंस (एनडीए) के घटक दलों में सीट आवंटन को लेकर गंभीर मतभेद उभरकर सामने आये हैं।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाला जेडीयू राज्य की 243 सीटों में से कम से कम 121 सीटें माँग रहा है तथा कह रहा है कि उसका क्षेत्रीय आधार और शासन का रिकॉर्ड उसे महत्वपूर्ण हिस्सेदारी का पात्र बनाते हैं। पार्टी ने जोर देते हुये कहा है कि बाकी 122 सीटें भाजपा और उसके छोटे -मोटे मित्र दलों, जैसे चिराग पासवान की "लोक जनशक्ति पार्टी" (राम बिलास), उपेन्द्र कुशवाहा के "राष्ट्रीय लोक जनता दल" तथा जीतनराम माँझा के "हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा" में बाँट दी जायें।

लेकिन भाजपा नेतृत्व के नजदीकी सूत्रों का कहना है कि पार्टी जेडीयू को 100 से अधिक सीटें देने के लिये तैयार नहीं है। राज्य में अपने पैर पसारने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुये, भाजपा बड़े हिस्से के लिये जोर देती बताई जा रही है, खासतौर से उन चुनाव क्षेत्रों में, जहाँ 2019 के लोकसभा चुनावों में उसका प्रदर्शन दमदार रहा था।

भाजपा के रणनीतिकार इस बात को लेकर चिंतित हैं कि अगर वह अकेली चुनाव लड़ती है तो उसे 60 सीटों का आँकड़ा पार करने के लिए भी बहुत मशक्कत करनी पड़ेगी। एनडीए के टूटने का सीधा लाभ राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) तथा कांग्रेस के विपक्षी गठबंधन को मिलेगा, जिसका मुस्लिम तथा ओबीसी मतदाताओं का आधार मजबूत होता दिखाई दे रहा है।

राजनैतिक विश्लेषकों को इन समुदायों में आरजेडी, कांग्रेस गठबंधन की ओर उल्लेखनीय शिफ्टिंग दिखाई दे रही है तथा बहुत से मतदाता तो अगले मुख्यमंत्री के रूप में आरजेडी नेता तेजस्वी यादव को खुले तौर पर स्वीकार करते बताये जाते हैं। विपक्षी गठबंधन को इस बात का भी लाभ मिल रहा है कि एनडीए में साफ दिखाई दे रहे मनमुटाव और अनबन की तुलना में विपक्षी गठबंधन के अंदरूनी समीकरण काफी सहज, मधुर एवं निर्विघ्न दिखाई दे रहे हैं।

जहाँ भाजपा पहले नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ने पर सहमत हो गई थी, वहीं, अब पार्टी में जेडीयू नेता के स्वास्थ्य एवं राजनैतिक विश्वसनीयता को लेकर सुगबुगाहट तेज हो गई है। भाजपा नेताओं के एक वर्ग का मानना है कि अगर एनडीए की सत्ता में वापसी होती है, तो चुनाव बाद के जोड़तोड़ में पार्टी अपना मुख्यमंत्री लाने का प्रयास कर सकती है।

ऐसा माना जा रहा है कि सप्ताहांत में हुई नीतीश कुमार की दिल्ली यात्रा का उद्देश्य मतभेदों को समाप्त करना ही था, लेकिन अंदरूनी लोगों का कहना है कि बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुँची है। चूँकि चुनाव की तारीखें नज़दीक आ रही हैं, इसलिए दोनों पार्टियों को अपने विवादों को सुलझाने की बहुत बड़ी चुनौती का सामना करना होगा, ताकि तेजी से ताकतवर हो रहे विपक्ष के सम्मुख एक संगठित मोर्चा प्रस्तुत किया जा सके।

## उदयपुर में करोना ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

जांच कराई थी। शनिवार को उसे अपने पॉजीटिव होने की खबर मिली और वह भी अपने घर पर उपचाररत है। उदयपुर में कोविड की एंट्री को लेकर आरएनटी मेडिकल कॉलेज के एमबी अस्पताल में विशेष कोविड वार्ड शुरू कर दिया गया है, जिसमें कोविड मरीजों के लिए फिलहाल दस बैड आरक्षित रखे हैं। स्वाइन फ्लू विंग में शुरू किए गए इस वार्ड में स्वाइन फ्लू के पच्चीस बैड अलग से हैं। आवश्यकता पड़ने पर बैड बढ़ाए जा सकेंगे।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908